शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 11 | अंक : 11 | गुवाहाटी | बुधवार, 7 अगस्त, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

बांग्लादेश तख्तापलट : सीसुब ने भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा... पेज 3

नौसेना को चौथे बैच में 216 महिलाओं समेत मिलेंगे... पेज 4

बांग्लादेश के मुद्दे पर बसपा केंद्र सरकार के साथ : मायावती पेज 5

एक मंडल-एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना साकार, अब एक जिला-एक... पेज 8

# हसीना का अमेरिकी वीजा रद्द, लंदन पर भी लटकी तलवार



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंसा के बीच शेख हसीना आनन-फानन भारत के हिंडन एयरपोर्ट पहुंची। फिलहाल हसीना वहीं एक स्पेशल गेस्ट हाउस में रुकी हैं। पहले प्लान था कि शेख हसीना भारत में कुछ देर रुक कर लंदन के लिए रवाना होंगी लेकिन अब उनके प्लान में बदलाव आ गया है। लंदन की यात्रा के लिए उनकी ब्रिटेन के अधिकारियों के साथ अभी बातचीत चल रही है। उनकी औपचारिक शरण अनुरोध पर कार्रवाई की जा रही है। शेख हसीना की ब्रिटेन में शरण की स्थिति पर अभी कोई फाइनल निर्णय नहीं लिया गया है। उधर, अमेरिका ने भी उनके लिए अपने दरवाजे बंद कर दिए हैं। यूएस ने शेख हसीना का अमेरिका वीजा रद्द कर दिया है, यानी वो अभी अमेरिका भी नहीं जा सकती हैं। ब्रिटेन के गृह विभाग के अनुसार शरण लेने के लिए शेख हसीना को सबसे पहले उस देश में शरण का दावा करना चाहिए जहां वो सबसे पहले पहुंच हैं। ब्रिटेन का मानना है कि यही सुरक्षा का सबसे तेज मार्ग है। इसी कारण हसानी का यूके में शरण अनुरोध अभी भी अटका हुआ है। लेकिन शेख हसीना की बहन शेख रेहाना और भतीजी ट्यूलिप सिद्दीक जो ब्रिटेन की नागरिक हैं, उनके शरण अनुरोध के लिए सबसे मजबूत बिंदु हैं। अमेरिका ने शेख हसानी का वीजा रद्द कर दिया, यानी की वो अब यूएस की यात्रा नहीं कर पाएंगी। माना जा रहा है कि अपने कार्यकाल के दौरान बांग्लादेश और अमेरिका के बीच संबंध अच्छे नहीं थे, जिसके कारण उनको अब परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि हसीना ने अमेरिका को बेस बनाने के लिए आइलैंड देने से भी इनकार -शेष पृष्ठ दो पर

## हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर सरकार-विपक्ष एकमत

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के भविष्य को लेकर भारत उनसे बातचीत कर रहा है मगर रणनीतिक वजहों से इसका खुलासा नहीं किया जा सकता। बांग्लादेश में हो रहे गंभीर हिंसक आंदोलन के पीछे चीन-पाकिस्तान और अमेरिका की भूमिका से जुड़े पहलुओं का भी भारत गहराई से आकलन कर रहा है। इसके मद्देनजर ही भारत ने बांग्लादेश के ताजा हालत पर रणनीतिक निगाहें रखते हुए अपनी सेना और केंद्रीय सुरक्षा बलों को सीमा पर हाई अलर्ट कर रखा है। तख्ता पलट के बाद भारत पहुंची शेख हसीना के साथ केवल उनकी बहन रेहाना ही नहीं बल्कि कई करीबी रिश्तेदार भी साथ आए हैं। बांग्लादेश के घटनाक्रम पर मंगलवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं की चिंताओं और सवालों पर इन तथ्यों से रू-ब-रू कराते हुए सरकार ने उन्हें भरोसे में लिया। बांग्लादेश में तख्तापलट से फैली अराजक स्थिति के बीच शेख हसीना के भारत में आने के एक दिन बाद ही केंद्र सरकार ने इस मुद्दे पर राष्ट्रीय आम सहमति बनाने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें विदेशमंत्री एस जयशंकर ने ताजा हालात से विपक्षी नेताओं को रू-ब-रू कराया। सूत्रों के अनुसार विदेशमंत्री ने बांग्लादेश के घटनाक्रम से भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों से लेकर वहां बाहरी हस्तक्षेप की स्थिति में भारत की रणनीति पर चर्चा की। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने



बांग्लादेश के हिंसक घटनाक्रमों के रणनीतिक पहलुओं से जुड़ा सवाल पूछते हुए कहा कि क्या सरकार को इस तरह के उथल-पुथल का कुछ पुर्वानुमान था और क्या इसके पीछे ढाका से बाहर की ताकतों विशेष रूप से चीन-पाकिस्तान की भूमिका के बारे में कोई जानकारी है। सूत्र के अनुसार जयशंकर ने कहा कि भारत स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और बाहरी ताकतों की बात है तो अभी पाकिस्तान के एक राजनयिक के मोबाइल में बदले हुए डीपी के बारे में जानकारी है जो विद्रोह को समर्थन देने के उनकी रुझान को दर्शाता है जिसकी हम पड़ताल कर रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं -शेष पृष्ठ दो पर

## बांग्लादेश : खतरे में अल्पसंख्यक समुदाय

**ढाका (हि.स.)।** बांग्लादेश में शेख हसीना के इस्तीफे के बाद से हिंदू, बौद्ध सहित गैर मुस्लिम समुदाय के लोगों पर हमलों की घटनाएं लगातार जारी हैं। विभिन्न जिलों में हिंसा, तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस अस्थिरता के माहौल में अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है, जिससे उनकी सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एक्य परिषद् ने मंगलवार शाम पिछले दो दिनों के दौरान देशभर में हुए गैर मुस्लिम समुदाय (हिंदू, बौद्ध और क्रिश्चियन) के घरों और पूजा स्थलों पर हमले की सूची जारी की है। इसके मुताबिक शेरपुर के शत्रीबर्दी में युवक एकता परिषद के अध्यक्ष के घर पर हमला कर लूटपाट की गई। इसी तरह, खुलना के रूपसा थाने के हाइसगाती गांव में श्यामल कुमार दास और स्वजन कुमार दास के घर पर हमला हुआ। खुलना जिले में ही जिला एकता परिषद के अध्यक्ष बिमान बिहारी अमित और युवक एकता परिषद के अध्यक्ष अनिमेष सरकार रिंटू के टुटपाड़ा स्थित घरों पर भी हमला कर लूटपाट की गई। दाकोप के बनिसांता के आमतली में जयंत गाइन के घर पर हमला हुआ। वहीं, खुलना के ही कई अन्य इलाकों में अल्पसंख्यक परिवारों के घरों पर हमले, तोड़फोड़ और लूटपाट की गई। फेनी में दुर्गा मंदिर पर हमला किया गया। दिनाजपुर में फूलतला श्मशान घाट पर कब्जा कर लिया गया और परबतिपुर के काली मंदिर समेत पांच मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। दिनाजपुर के सेताबगंज बोचागंज में अल्पसंख्यक परिवारों के घरों पर हमले और लूटपाट की घटनाएं -शेष पृष्ठ दो पर

## अवामी लीग नेता के होटल में जिंदा जला दिए गए 24 लोग



**ढाका।** बांग्लादेश (बांग्लादेश) में एक इंडोनेशियाई नागरिक सहित कम से कम 24 लोगों को भीड़ ने अवामी लीग पार्टी के एक नेता के स्वामित्व वाले एक होटल में जिंदा जला दिया। यह घटना उस समय हुई जब पार्टी की नेता शेख हसीना प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद देश छोड़कर चली गईं हैं। स्थानीय पत्रकारों और अस्पताल सूत्रों -शेष पृष्ठ दो पर

## शेरपुर जेल पर हमला 500 से ज्यादा खतरनाक कैदी फरार

**ढाका।** बांग्लादेश इस वक्त भारी उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है प्रधानमंत्री शेख हसीन के इस्तीफे ओर देश छोड़ने के बाद अराजक तत्वों ने पूरे देश को नरक की आग में झोंक दिया है। बांग्लादेश में आरक्षण मुद्दे पर भड़की हिंसा के बाद भीड़ ने प्रधानमंत्री आवास को निशाना बनाया और खूब तोड़फोड़ की। इस बीच सोमवार को बांग्लादेश की शेरपुर जिला जेल पर हमले का समाचार है। सोमवार को इसके परिणामस्वरूप 500 से अधिक खतरनाक कैदी जेल से फरार हो -शेष पृष्ठ दो पर

Door graphy Premium Quality Fittings
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## कल से घाटी के दो दिवसीय दौरे पर ईसी की टीम, सितंबर में चुनाव की उम्मीद




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग की टीम 8 अगस्त से 2 दिवसीय दौरे पर जम्मू-कश्मीर पहुंच रही है। उम्मीद है कि घाटी में चुनाव लगभग छह साल के अंतराल के बाद सितंबर में हो सकते हैं। निर्वाचन आयोग विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेगा। इसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू भी होंगे। यह दौरा केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने के लिए उच्चतम न्यायालय की 30 सितंबर की समयसीमा से कुछ हफ्ते पहले होगा। आयोग दस अगस्त को कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक के लिए जम्मू का दौरा करेगा। ऐसी उम्मीद है कि घाटी में चुनाव लगभग छह साल के अंतराल के बाद सितंबर में हो सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जहां पूरी ताकत -शेष पृष्ठ दो पर

## सीमा पर पहुंच रहे हिंदुओं पर बीजीबी का लाठीचार्ज, मदद नहीं कर पा रही बीएसएफ

**कोलकाता (हि.स.)।** बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद से वहां के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। कट्टरपंथी इस्लामिक समूह ने वहां हिंदुओं के घरों में अत्याचार शुरू कर दिया है। भारत की ओर भागने का प्रयास कर रहे हिंदुओं को बॉर्डर पर तैनात बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश (बीजीबी) लाठीचार्ज कर वापस खदेड़ रही है। भारतीय सीमा पर खड़े सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान लाचारी में इस निर्दयता को देख रहे हैं लेकिन मदद करने में असमर्थ हैं। बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय के लोग, जो अपनी जान बचाने के लिए विभिन्न सीमाओं पर पहुंच रहे हैं,



उन्हें बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड (बीजीबी) द्वारा भारत में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। इधर, वापस लौटने पर उन पर कट्टरपंथी समूहों की ओर से लगातार हमले हो रहे हैं। बांग्लादेश के सराइल उपजिले से कुछेक हजार हिंदू, त्रिपुरा में शरण लेने के लिए सीमा पर पहुंचे लेकिन उन्हें बीजीबी ने लाठीचार्ज कर वापस भेज दिया। यह स्थिति सिर्फ सराइल की नहीं है, बल्कि बांग्लादेश के सभी सीमाओं पर यही हो रहा है। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें अपने घर छोड़ने पर मजबूर किया गया है, क्योंकि उन्हें -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*जैसे एक बछड़ा हजारो गायों के झुंड मे अपनी मां के पीछे चलता है। उसी प्रकार आदमी के अच्छे और बुरे कर्म उसके पीछे चलते हैं।*

- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

#### आडवाणी फिर से अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत फिर बिगड़ गई है। उन्हें मंगलवार को इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपोलो अस्पताल के मुताबिक 96 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी को न्यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही हैं। चिकित्सकों की टीम द्वारा उनके स्वास्थ्य की निगरानी रखी जा रही है।

#### अल्पसंख्यकों को पीएम ही बचा सकते हैं : सांसद

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद सोमवार को शेख हसीना ने भारत में शरण ले ली। इस बीच बांग्लादेश में जारी हिंसा को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगन्नाथ सरकार ने बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों को लेकर एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक खतरे में हैं और केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही उनकी जान-माल की रक्षा कर सकते हैं। जगन्नाथ सरकार ने इस बात -शेष पृष्ठ दो पर

## असम के सांसदों ने की पीएम मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल सहित असम के सांसदों ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। संसद में इस मुलाकात के दौरान सांसदों ने राज्य को केंद्रीय बजट में मिली सौगातों के लिए उनका आभार प्रकट किया।



केंद्रीय मंत्री ने एक्स पोस्ट में मुलाकात की जानकारी दी और कहा कि इस वर्ष के बजट में असम के लिए घोषित बाढ़ सहायता, पूर्वोत्तर का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र और रणनीतिक रूप से -शेष पृष्ठ दो पर

## भारी बारिश के बाद जलभराव से अस्त-व्यस्त गुवाहाटी

**गुवाहाटी (हि.स.)।** राजधानी गुवाहाटी में कल शाम हुई भारी बारिश के बाद कई इलाके जलमग्न हो गये हैं। कल शाम से लेकर आज शाम तक गुवाहाटी के कई इलाके जलमग्न हैं। मंगलवार को सरकार द्वारा गुवाहाटी के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल कॉलेज को बंद करने का निर्देश जारी किया गया। जिस कारण आज गुवाहाटी के सभी शिक्षण संस्थान बंद रहे। बारिश के बाद पहाड़ से पानी नीचे उतरने के साथ ही बीती रात शहर की अधिकांश सड़कों पर पानी जमा हो गया, जिस कारण लोग भारी यातायात के बीच घंटों अपने वाहनों में -शेष पृष्ठ दो पर



## वैष्णो देवी यात्रा के दौरान आग लगने से श्रद्धालुओं में मची अफरातफरी

**नई दिल्ली।** देशभर में हो रही भारी बारिश के बीच जहां कई राज्यों में लैडस्लाइड और बादल फटने से जनजीवन अस्त व्यस्त है वहीं शिवालयों और माता के मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी हुई है। इसी कड़ी में वैष्णो देवी यात्रा रोकी गई है। दरअसल, यात्रा मार्ग में आग लगने के चलते यात्रा रोकने की वजह बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, वैष्णो देवी मार्ग में स्थित दो दुकान में आग लग गई। आग की तेज लपटे देख श्रद्धालुओं की यात्रा रोक दी गई है। सूचना मिलते ही मौके पर कटरा पुलिस और सीआरपीएफ पहुंची हुई है और आग बुझाने के -शेष पृष्ठ दो पर



कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद : भाईचारे की हुई पहल, मुस्लिम समुदाय ने कहा-

## न्यायालय के बाहर हो जाए समझौता

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद के मामले में आज एक भाईचारे की पहल हुई। जन्मभूमि गेट नंबर 1 पर मुस्लिम समाज की राष्ट्रीय नेता रूबी खान, आसिफ खान, एवं मुस्लिम समाज के एक दर्जन मुस्लिम नेता एवं महिला श्री कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह विवाद मामले के हिंदू पक्षकार दिनेश शर्मा को भाईचारा को एक पत्र सौंपते हुए मुस्लिम समाज ने कहा कि भारतवर्ष जिसमें सभी हिंदू मुस्लिम एवं मजहब के लोग रहते हैं। यह एकता कायम रहे इसके लिए भगवान श्रीकृष्ण अपने मूल गर्व ग्रह में विराजमान होने चाहिए, मुगलों द्वारा जो मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई वह एकता एवं अखंडता में अभिशाप है



इसकी जगह मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में ईदगाह का निर्माण हो। मुस्लिम नेता रूबी खान ने कहा कि सभी मुकदमे माननीय न्यायालय ने स्वीकार कर लिए हैं। अब मुस्लिम पक्ष टाल नहीं सकता। अयोध्या की तरह फैसला आने पर मुस्लिम समाज की इज्जत पर बट्टा लगेगा, इसलिए न्यायालय से बाहर फैसला होना चाहिए। मुस्लिम मंच के नेता आसिफ खान, सलीम खान ने कहा कि देश की तरक्की के लिए हमारे प्रधानमंत्री *सबका साथ सबका विकास* का -शेष पृष्ठ दो पर

## केरल में पद्मश्री पुरस्कार विजेता गिरफ्तार

**त्रिशूर (केरल)।** केरल के व्यवसायी और पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुंदर सी मेनन को जिले में कथित वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतों के बाद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्हें रविवार को राज्य पुलिस की जिला अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया था और स्थानीय अदालत द्वारा रिमांड पर लेने के बाद यहां जिला जेल भेज दिया गया था। पुलिस के अनुसार, 2016 में नागरिक सम्मान प्राप्त करने वाले मेनन पर दो फर्मों के नाम पर लोगों से जमा स्वीकार करने के संबंध में वित्तीय धोखाधड़ी के 18 मामले दर्ज हैं, जिनमें वह निदेशकों में से एक थे। पुलिस ने बताया कि उसने विभिन्न लोगों से कथित तौर पर 7.78 करोड़ रुपये स्वीकार किए, लेकिन योजनाओं की



परिपक्वता अवधि के बाद भी पैसे वापस नहीं किए। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि आरोपी ने 62 से अधिक निवेशकों से जमा स्वीकार करके धोखाधड़ी की, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मानदंडों का उल्लंघन किया और परिपक्वता अवधि के बाद भी राशि वापस नहीं करके उन्हें धोखा दिया। इसमें कहा गया है कि आरोपी के खिलाफ यहां पश्चिम पुलिस थाने में 18 मामले दर्ज थे। बाद में जांच अपराध शाखा को सौंप दी गई। पुलिस ने बताया कि बीयूडीएस (अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध) अधिनियम के तहत मेनन और कंपनी के अन्य निदेशकों की संपत्तियां जब्त कर ली गई हैं तथा उन्हें कुर्क करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# आपदा से उबरा उत्तराखंड, 15 हजार यात्रियों को निकाला, देवदूत बनी रेस्क्यू टीम

**देहरादून ( हि.स. )।** आपदा प्रभावित राज्य उत्तराखंड अब संकट से उबर चुका है। असाधारण रेस्क्यू से 15 हजार यात्रियों की जान बचाई गई है। ये सभी केदार घाटी में फंसे हुए थे। कोई जंगल में बचाव की राह देख रहा था तो कोई पहाड़ पर भूख से तपड़ रहा था। इन सभी के लिए रेस्क्यू टीम देवदूत की भूमिका निभाई। दरअसल, गत 31 जुलाई को केदार घाटी में आपदा आई थी। इतनी बड़ी आपदा व भारी नुकसान के बावजूद एक सप्ताह से भी कम समय में रेस्क्यू अभियान पूरा हो गया। ऐसे में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्तराखंड पूरे देश में आदर्श राज्य के तौर पर उभरा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुद रेस्क्यू अभियान की निगरानी की और प्रभावितों को राहत पहुंचाने व रेस्क्यू करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। केदारनाथ यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों में रुके 15 हजार से भी अधिक लोगों का पैदल तथा हवाई मार्ग से सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। अब रेस्क्यू अभियान पूर्ण हो चुका है। स्थानीय दुकानदार तथा व्यवसायी यदि कोई नीचे आने चाहते हैं तो उनके लिए भी पूरी व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यही प्रयास है कि केदार घाटी में जल्द से जल्द हालात सामान्य हों। अतिवृष्टि के चलते 29 स्थानों पर भू-स्खलन की चपेट में आने से पैदल एवं सड़क मार्ग अवरुद्ध हुआ है। पेयजल तथा विद्युत लाइनों सहित बड़ी संख्या में सरकारी संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा है। कुछ स्थानों पर दूरसंचार की सेवाएं बाधित हुई हैं। जहां भी मार्ग क्षत्रिग्रस्त हैं, वहां मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 31 जुलाई को जैसे ही यह घटना घटित हुई, उन्होंने भारत सरकार से यात्रियों को रेस्क्यू करने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। भारत सरकार ने बिना देर किए तत्काल चिनूक तथा एमआई-17 हेलीकॉप्टर रेस्क्यू अभियान के लिए उपलब्ध करवा दिए। रेस्क्यू अभियान में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया। केदार घाटी में आपदा से क्षतिग्रस्त मार्गों को दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि केदार घाटी में जल्द से जल्द हालात सामान्य हों और बाबा केदार के भक्त एक बार फिर दर्शन के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुर्ननिर्माण कार्यों में लगे मजदूरों की संख्या भी बढ़ाई गई है। लोक निर्माण विभाग ने 200 अतिरिक्त मजूदर तैनात किए हैं। सिंचाई विभाग के भी करीब दो सौ कर्मचारी बढ़ाए गए हैं। विभाग जल्द कार्य पूरा कर सके, इसके लिए अधिप्राप्ति नियमावली में छूट प्रदान की गई है। राहत और निर्माण कार्यों के लिए धन की कमी नहीं होने दी जाएगी।

## एथलेटिक्स महासंघ मनाएगा *जेवलिन* डे, आयोजित करेगा प्रतियोगिता

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएआई) टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले एथलीट नीरज चोपड़ा के इतिहास को ताजा रखने और जेवलिन खेल की लोकप्रियता और प्रसार को बढ़ावा देने के लिए 7 अगस्त को *जेवलिन डे* के रूप में मना रहा है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के निर्देश पर असम एथलेटिक्स संघ ने भी आगामी 7 अगस्त (बुधवार) को गुवाहाटी के सरुसजई स्टेडियम में *जेवलिन डे* मनाने का फैसला किया है। इस दिवस के अनुरूप असम एथलेटिक्स संघ की पहल पर सरुसजाई स्टेडियम में 14, 16, 18, 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक-बालिका तथा पुर के बीच राज्य स्तर पर जेवलिन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। असम एथलेटिक्स संघ के महासचिव गीतार्थ गोस्वामी ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। असम एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष और राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री जयंत मल्लबरुवा, खेल मंत्री नंदिता गार्लोसा, खेल सचिव केजे हिलाली, खेल और युवा कल्याण विभाग के निदेशक प्रदीप तिमुंग जेवलिन डे के उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे। जेवलिन डे समारोह के मद्देनजर असम एथलेटिक्स संघ 7 अगस्त को राज्य के चार पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित करेगा। इनमें क्रमशः निवेदिता गोगोई, कुशल लहन, रजनी चेतिया और बिराज कुमार ओझा शामिल हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार के मंत्री एवं असम एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष जयंत मल्लबरुवा के निर्देश पर इस आयोजन को सफल बनाने के लिए महासचिव गीतार्थ गोस्वामी ने पूर्व अंतर्राष्ट्रीय भाला खिलाड़ी कुशल लाहन को संयोजक और करुणाधर दत्ता को अध्यक्ष के रूप में शामिल करते हुए आठ सदस्यीय मजबूत समिति का गठन किया है।

*No.DDB/BTC/SOPD/NIT-03/2024-25/351* *Dated 06/08/2024*

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tenders are invited with affixing non refundable court fee stamp of Rs. 8.25 (Rupees Eight and Paise Twenty Five) only by the undersigned from the intending Contractors/Suppliers/Firms for the works mentioned below under SOPD fund P&RD Deptt. for the year 2024-25.

| Sl. No. | Name of Work | (Approx.) Tender Value (Rs. In Lakh) | EMD/Bid Security (in Rs. 1% ST, SC & 2% Oth) | Cost of Tender Paper | Time of Completion (Month) | Pre-bid Date & Time | Last date & Time of Bid submission | Date & Time of Bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of road E/F 1 No. Hume Pipe at No. 3 Shialmari Adivasi village. | Rs. 14,86,842/- | Rs. 15,000.00 | Rs.450/- | 3 Months | 20.08.2024 (10.30 A.M) | 02.09.2024 (02.00 P.M.) | 02.09.2024 (02.30 P.M.) |
| 2 | Const. of road E/F and S/G at Puthimari village road | Rs. 11,89,472/- | Rs. 12,000.00 | Rs.360/- | 3 Months | 20.08.2024 (10.30 A.M) | 02.09.2024 (02.00 P.M.) | 02.09.2024 (02.30 P.M.) |
| 3 | Const. of S/G at Burimuk village near Merga house to Burimuk village main road. | Rs. 14,86,842/- | Rs. 15,000.00 | Rs.450/- | 3 Months | 20.08.2024 (10.30 A.M) | 02.09.2024 (02.00 P.M.) | 02.09.2024 (02.30 P.M.) |

Details NIT may be seen in all working days during office hours in the office of the undersigned. Tender Papers will be issued to the contractors or their authorized agent from 13-08-2024 to 30-08-2024 in the office of the undersigned on payment of cost of Tender paper in the form of demand draft /Bankers Cheque from any Nationalized Bank, duly pledged in favour of the Principal Secretary, BTC, Kokrajhar, Payable at Kokrajhar. The Contractor should submit attested copy of latest Registration Certificate, GST Labour License, PAN Card/Aadhaar Card, etc along with the tender. In case office remains closed on tender issuing/receiving/opening date the same will be issued/received/opened on the next working day without further notification. The successful Tenderer has to be submitted 1% (One P/C in case ST/SC/OBC/MOBC) and 2% (Two P/C in case of General) S.D. money against the work in the form of FDR/Bankers Cheque /Demand Draft from any nationalized Bank duly pledge to the Block Development Officer, Dotma Development Block, Dotma as mentioned above at the time of allotment of work. After the Tender the Comparative Statement and the Tender papers alongwith other relevant papers will be forwarded to the Director, P&RD, BTC for his kind approval. The Director P&RD, Kokrajhar reserves the right of accepting of tenders paper or outright rejection of the same without assigning any reason therefore.

Sd/- Block Development Officer,
Dotma Dev. Block, Dotma

*IPR(BTC)/C/2024-25/236*

## हाबंग के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए चर्चा बैठक

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम सरकार के शिक्षा मंत्री रनोज पेगू ने आज हाबंग के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए एक चर्चा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद सोशल मीडिया के जरिए उन्होंने कहा कि असम सरकार ने अपनी पौराणिक सामग्रियों के रखरखाव के लिए हाबंग में चाओ-चेन-रेन और हुलुंग-हुफी घरों का निर्माण किया है, जो आहोम साम्राज्य का एक विरासत स्थल है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को और आगे बढ़ाते हुए, मैंने आज धेमाजी जिला आयुक्त कार्यालय में हाबंग विकास प्रबंधन समिति और जिला प्रशासन और ताई-आहोम जातीय संगठन के साथ हाबंग के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए एक चर्चा बैठक में भाग लिया। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम सरकार हाबंग जैसे विरासत स्थलों के संरक्षण में हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाएगी।

## चालू वर्ष के जुलाई माह में पूसीरे के माल अनलोडिंग में लगातार इजाफा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) का माल अनलोडिंग में निरंतर वृद्धि जारी है। जुलाई, 2024 में 1056 मालगाड़ी के रेक अनलोड किए गए। पूसीरे ने उक्त महीने के दौरान एफसीआई चावल, चीनी, नमक, खाद्यतेल, खाद्यान्न, उर्वरक, सीमेंट, कोयला, सब्जी, ऑटो, टैंक और अन्य सामग्रियों का परिवहन किया है और इसे अपने क्षेत्राधिकार के अधीन विभिन्न गुड्स शेडों में अनलोड किया। पूसीरे के सीपीआरओ सब्यसाची दे ने आज बताया है कि चालू वर्ष के जुलाई माह के दौरान, असम में मालगाड़ियों के कुल 593 रेक अनलोड किए गए, जिनमें से 305 आवश्यक सामग्रियों से लोड थे। उक्त महीने के दौरान त्रिपुरा में 72 रेक, नगालैंड में 23 रेक, अरुणाचल प्रदेश में 11 रेक, मणिपुर में 02 रेक और मिजोरम में 09 रेक अनलोड किए गए। इसके अलावा पूसीरे के क्षेत्राधिकार के अधीन जुलाई, 2024 में पश्चिम बंगाल में 191 फ्रेट रेक और बिहार में 155 फ्रेट रेक कभी अनलोड किए गए थे। आधुनिक टर्मिनल हैंडलिंग सुविधाओं तथा अधिक गुड्स शेडों की शुरुआत से ग्राहकों और अन्य स्टेकधारकों ने सीमित समय सीमा के भीतर आवक रेकों को अनलोड और क्लीयर किया है, जिससे अनलोडिंग कार्य और अधिक सुविधाजनक हुआ है।

## हेरोइन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के पान बाजार थाना क्षेत्र में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), असम की टीम ने अभियान चलाकर ड्रग्स समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने बताया कि मंगलवार को पानबाजार थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी बैरक के सामने दो नंबर रेल गेट इलाके में चलाए गए अभियान के दौरान ड्रग्स समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार की पहचान आकाश मोनी दास (24, गुवाहाटी) के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपी के पास से 30 प्लास्टिक के छोटी-छोटी सीसी में भरकर रख गए 41 ग्राम हेरोइन, एक मोबाइल फोन के अलावा नगर 670 रुपए जब्त किए गए हैं।

# पृष्ठ एक का शेष

### हसीना का अमेरिकी ...

कर दिया था। शेख हसीना ने ब्रिटेन में शरण लेने का अनुरोध किया है। हालांकि उनकी ये मांग अभी भी अटकी हुई है। ब्रिटेन के अधिकारियों के साथ औपचारिक शरण अनुरोध पर कार्रवाई की जा रही है। शेख हसीना की बहन शेख रेहाना और भतीजी ट्यूलिप सिद्दीक जो ब्रिटेन की नागरिक हैं, उनके शरण अनुरोध के लिए ये सबसे मजबूत बिंदु माना जा रहा है। शेख हसीना की यात्रा कुछ इन्हीं सब अनिश्चितताओं के कारण अटक गई है। न्यूज एजेंसी के अनुसार हसीना कुछ और दिन अभी भारत में रुक सकती हैं। वह भारत से लंदन जाने वाली थीं, लेकिन अब वह अन्य विकल्पों पर विचार कर रही हैं। वहीं, इस मामले पर भारत सरकार का बयान भी सामने आया है। सरकार ने कहा है वो बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना भारत में रहना चाहती हैं या नहीं यह फैसला सरकार ने उनपर छोड़ा है। वो अपना प्लान खुद तय करें। भारत सरकार ने उनको हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। भारत सरकार बांग्लादेश के आर्मी चीफ और दूसरे सुरक्षा एजेंसियों के भी संपर्क में हैं। भारतीय उच्चायोग और भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भारत की प्राथमिकता है। इसके अलावा भारत सरकार ने बांग्लादेशी सुरक्षाबलों से बांग्लादेश में मौजूद हिंदुओं पर हमले को रोकने के लिए भी कहा है।

### हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित...

के साथ मंदिरों पर हमले पर चिंता जताते हुए नेता विपक्ष ने पूछा कि भारत सरकार की इसे रोकने की क्या रणनीति है? विदेशमंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे तथा उनकी संपत्तियों को नष्ट किया जा रहा है और सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाएगी। बांग्लादेश के सेना प्रमुख से लेकर उनकी आथरिटी के साथ संपर्क बना हुआ है। बांग्लोदश की पूर्व पीएम के भारत में रहने से लेकर राजनीतिक शरण को लेकर भी सवाल हुए और सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी ने पूछा कि शेख हसीना से उनके भविष्य को लेकर सरकार की क्या बातचीत हुई है? जयशंकर ने इस पर कहा कि हसीना से उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में बातचीत हुई है मगर इसका खुलासा नहीं किया जा सकता। हसीना के साथ हिंडन एयरफोर्स बेस पहुंचे उनके करीबी लोगों के बारे में भी सवाल हुए तो विदेशमंत्री ने कहा कि कुछ करीबी रिश्तेदार उनके साथ आए हैं मगर इनकी संख्या का खुलासा करना मुनासिब नहीं होगा। बांग्लादेश की पूर्व पीएम के ब्रिटेन, फिनलैंड और दुबई में राजनीतिक शरण की चर्चाओं पर भी सवाल हुए जिस पर विदेशमंत्री ने कहा कि हसीना की इन देशों से बातचीत चल रही है। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी नेताओं को जो संकेत दिए गए उसके मुताबिक ब्रिटेन में राजनीतिक शरण में अभी कुछ अवरोधक हैं जिसमें हसीना को कानूनी बचाव का कवच देने का मसला है। बांग्लादेश में उनके खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय मंचों की निगरानी में जांच की संभावनाओं को देखते हुए कानूनी कवच देने की गारंटी देने के लिए ब्रिटेन अभी राजी नहीं हुआ है। ऐसे में राजनीतिक शरण का फैसला होने में थोड़ा वक्त लग सकता है और हसीना अभी भारत में कुछ दिन और रह सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि वर्तमान चर्चाओं के हिसाब से शेख हसीना को फिलहाल दुबई में राजनीतिक शरण मिलने की संभावनाएं ज्यादा हैं। सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं ने बांग्लादेश मुद्दे पर राजनीतिक लाइन से इतर सरकार को पूरा समर्थन देने का भरोसा दिया और कहा कि राष्ट्रीय हित के मामले में हम सब एक साथ हैं। तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि उनकी पार्टी केंद्र के हर निर्णय के साथ है मगर उनका आग्रह है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बांग्लादेश से जुड़े मामले की जानकारी देकर उनको भरोसे में लिया जाए। सर्वदलीय बैठक में बांग्लादेश घटनाक्रम पर राजनीतिक दलों के मिले समर्थन को विदेशमंत्री ने पहले एक्स पर पोस्ट और फिर संसद में दिए बयान में खुले रूप में स्वीकार करते हुए कहा कि सर्वसम्मति से मिले समर्थन और समझ की वे सराहना करते हैं। बैठक में सरकार की ओर से गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आदि मौजूद थे तो विपक्ष की ओर से राहुल गांधी के अलावा द्रमुक के टीआर बालू, जनतादल यूनाइटेड के राजीव रंजन सिंह ललन, सपा के राम गोपाल यादव, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन, राजद की मीसा भारती, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, बीजू जनतादल के सस्मित पात्रा, एनसीपी पवार गुट की सुप्रिया सुले, तेलुगुदेशम के राममोहन नायडू आदि मौजूद थे। आम आदमी पार्टी को सरकार ने इस बैठक में आमंत्रित नहीं किया था।

### बांग्लादेश : खतरे में ...

जारी हैं। चिरिरपोर्ट थाने के धल्ला गांव में भी अल्पसंख्यकों (हिंदुओं) के घरों पर हमला कर तोड़फोड़ की गई। नर्सिंगदी में पूजा उदयापन परिषद के नेता दीपक साहा के घर और कार्यालय पर हमला कर लूटपाट की गई। लक्ष्मीपुर में चंद्रगंज के गौतम मजुमदार के घर पर हमला, तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की गई। किशोरगंज के कुलियारचर के अगोरपुर गांव में नकुल कुमार और सुशांत के घर पर आगजनी की गई। चटगांव के राउजान में उज्जल चक्रवर्ती के घर पर हमला हुआ। यशोर के अभयनगर के धोपादी पालपाड़ा गांव में तीन घरों में आगजनी की गई। बाघारपाड़ा नारिकेल बाड़ीया में चेयरमैन बबलू साहा के गोदाम समेत 22 दुकानों में तोड़फोड़ और लूटपाट की गई। यशोर के ही कई अन्य इलाकों में अल्पसंख्यक घरों पर हमले, तोड़फोड़ और लूटपाट की घटनाएं हुईं। सतखिरा में जिला एकता परिषद के अध्यक्ष विश्वजीत साधु के घर पर हमला कर लूटपाट और आगजनी की गई। इसी जिले में एकता परिषद के केंद्रीय सह-संगठन सचिव डॉ. सुब्रत घोष के घर पर भी हमला हुआ। हबीगंज के शायस्तागंज बाजार में उपजिला एकता परिषद के अध्यक्ष असित बरण दास की दुकान पर हमला हुआ। नाराइल के लोहारगड़ा में अल्पसंख्यक घरों पर हमले, तोड़फोड़, लूटपाट और दुष्कर्म की घटनाएं हुईं। बोगुरा के बड़ेगुला तिलपट्टी में अल्पसंख्यकों के पांच से सात दुकानों में तोड़फोड़ और लूटपाट की गई। मंगलवार को बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एकता परिषद ने अल्पसंख्यक समुदाय पर हमले की जो सूची जारी की है उसमें 56 घटनाओं का जिक्र है। दरअसल, सोमवार को परिषद के अध्यक्ष और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक आंदोलन के प्रमुख अधिवक्ता राणा दासगुप्ता ने 29 क्षेत्रों में 45 अल्पसंख्यक-उत्पीड़न की घटनाओं की एक सूची बनाई थी। मंगलवार को इस सूची में 11 और क्षेत्रों को जोड़ा गया है। शेरपुर, खुलना, फेनी, दिनाजपुर , नर्सिंगदी, लक्ष्मीपुर, किशोरगंज, चटगांव, यशोर, सतखिरा, हबीगंज, नाराइल, बोगुरा, पाटूआखाली, पंचगढ़, नोआखाली, ठाकुरगांव, झिनैदाह, पाबना, नीलफामारी, टांगाइल, झलकाठी, शारीयतपुर, लालमोनिरहाट, माइमेनसिंग, नेतरोकोना, मुंसीगंज, चांदपुर और नारायनगंज, मावा, फरिदपुर, जॉयपुरहाट, बागेरहाट, पीरोजपुर, माणिकगंज, ढाका, सिलहट, ब्राह्मणबाड़ीया, कुमिल्ला और नाराइल। इन इलाकों में मंगलवार को नए सिरे से हमले हुए हैं। इन घटनाओं के मद्देनजर परिषद ने छह सदस्यों की एक स्टीयरिंग कमेटी बनाई है, जिसके सदस्य सचिव मणिंद्र नाथ होंगे। इस स्थिति को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और बांग्लादेश सरकार से त्वरित और प्रभावी कदम उठाने की अपील की गई है, ताकि अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एकता परिषद ने इन घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया है। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि शेख हसीना के इस्तीफे के बाद से अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और बांग्लादेश सरकार को इन हिंसक घटनाओं को रोकने और अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को सदन में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचार को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि भारत स्थिति पर नजर रख रहा है।

### अवामी लीग नेता के ...

ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोमवार देर रात भीड़ ने जोशोर जिले में जिला अवामी लीग के महासचिव शाहीन चक्कलदर के स्वामित्व वाले जाबिर इंटरनेशनल होटल में आग लगा दी, जिसमें 24 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इस घटना में मरने वाले ज्यादातर होटल में ठहरे लोग थे। ढाका के एक स्थानीय पत्रकार ने फोन पर बताया कि मृतकों में एक इंडोनेशियाई नागरिक भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जोशोर जनरल अस्पताल के चिकित्सकों ने पुष्टि की है कि उन्होंने 24 शव की गिनती की है, जबकि जीवित बचे होटल कर्मचारियों को डर है कि मलबे में और भी शव हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अवामी लीग सरकार का विरोध करने वाली उग्र भीड़ ने होटल के भूतल पर आग लगा दी और यह शीघ्र ही ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। पूरे बांग्लादेश से लगभग एक जैसी खबरें आई हैं और वहां गुस्साई भीड़ ने अवामी लीग के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के आवासों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में एकसाथ तोड़फोड़ की। सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देकर देश छोड़कर चले जाने के बाद बांग्लादेश में अराजकता फैल गई है।

### शेरपुर जेल पर ...

गए। यह हमला तब हुआ जब ढाका में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सत्ता समाप्त हो गई। हमलावरों ने स्टीक्स और स्थानीय हथियारों से लैस होकर जेल के गेट को तोड़ दिया और जेल भवन को आग लगा दी। इस हमले के दौरान, उन्होंने सदर पुलिस स्टेशन और जिला कार्यालयों, जैसे कि जिला चुनाव कार्यालय और सोनाली बैंक, को भी आग लगा दी और तोड़फोड़ की। इसका फायदा उठाकर जेल से करीब 518 खतरनाक कैदी फरार हो गए। अधिकारियों ने घटना के बाद 77 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है, जिनमें जेल अधीक्षक और जेल के रक्षक शामिल हैं। घटना के समय कर्फ्यू लागू था और शेरपुर के उप-मंडलाधिकारी, अब्दुल्लाह अल खैरुन, ने रिपोर्ट की कि जिले में कई प्रतिष्ठानों को आग लगा दी गई और नुकसान पहुंचाया गया। इस घटना ने बांग्लादेश में एक गंभीर संकट उत्पन्न कर दिया है। प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और उनके देश छोड़ने के बाद, बांग्लादेश में अराजकता फैल गई है। सेना ने सत्ता की खाली जगह को भरने के लिए कदम उठाए हैं। बांग्लादेश में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के दौरान अब तक 400 से अधिक लोग मारे गए हैं। शेख हसीना के इस्तीफे के बाद, नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

### कल से घाटी के दो ...

के साथ जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है, वहीं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अभी भी सशंकित है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले राजनीतिक गतिविधियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा ने जम्मू में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है और पार्टी को चुनाव की तैयारी शुरू करने का आदेश जारी किया है। नेताओं को पहुंच बढ़ाने और 15 अगस्त तक पूरी प्रक्रिया पूरी करने के लिए जिला स्तर पर टीमें बनाने के लिए कहा गया है। यह भाजपा के लक्ष्यों का रोडमैप निर्धारित करेगा, जो पार्टी के *सबका साथ, सबका विकास* के मिशन को पूरा करेगा। पिछले दिसंबर में उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव जल्द कराए जाने के नये संकेत देते हुए निर्वाचन आयोग ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से कहा कि वह अपने गृह जिलों में तैनात अधिकारियों का तबादला कर दे। आयोग चुनाव से पहले यह कदम उठाता रहा है। आयोग लगातार यह नीति अपनाता रहा है कि चुनाव वाले राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने से सीधे जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जिलों या उन जगहों पर तैनात नहीं किया जाए, जहां वे लंबे समय से कार्यरत रहे हैं।

### सीमा पर पहुंच रहे ...

स्थानीय उग्रवादी समूहों और अन्य इस्लामिक कट्टरपंथियों से जान का खतरा है। उन्होंने बताया कि बीजीबी के जवानों ने बेरहमी से उन्हें पीटा और उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। एक शरणार्थी, रमेश चंद्र दास ने कहा कि हमने सोचा था कि भारत हमें शरण देगा, लेकिन हमें बीजीबी के लाठीचार्ज का सामना करना पड़ा। हमारे पास अब कोई विकल्प नहीं बचा है। बीएसएफ ने बताया कि वे स्थिति को समझ रहे हैं और उच्चाधिकारियों को इस बारे में सूचित कर दिया गया है। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि जब तक बांग्लादेश की सीमा पार कर भारत की सीमा में लोग नहीं आते तब तक बीएसएफ कोई मदद नहीं कर सकती। इस समय हजारों की संख्या में हिंदू शरणार्थी बांग्लादेश की विभिन्न सीमाओं पर फंसे हुए हैं।

### असम के सांसदों ...

महत्वपूर्ण गुवाहाटी रिंग रोड को मंजूरी देने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। साथ ही ऐतिहासिक चराइदेव मोइदम्स को यूनेस्को विरासत स्थल सूची में शामिल किए जाने पर बधाई दी। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री का विजन पूर्वोत्तर को दक्षिण पूर्व एशिया में ताकत का क्षेत्र बनाने का रहा है। पिछले 10 वर्षों में इस क्षेत्र में स्थायी शांति आई है और अब यह दक्षिण पूर्व एशिया के उत्पादन और वाणिज्य का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है, जिसका मुख्य केंद्र गुवाहाटी है। पूर्वोत्तर के प्रति उनका प्यार और स्नेह अभूतपूर्व है और हमें इस बात पर गर्व है कि उन्होंने अमृत काल में देश का नेतृत्व किया।

### भारी बारिश के ...

फंसे रहे। लोग अपने वाहन सड़क पर छोड़कर आधी रात को घर पहुंचे। सड़कों पर पानी भर जाने के कारण कार्यालय से लौट रहे लोग, स्कूली बच्चे और यहां तक कि कई एंबुलेंस भी घंटों तक जाम में फंसे रहे। गुवाहाटी का आरजी बरुवा रोड, जीएस रोड, तरुण नगर, नवीन नगर, अनिल नगर, राजगढ़ रोड, गणेशगुड़ी, दिसपुर, एमएलए हॉस्टल, लचित नगर, हाथीगांव हिदायतपुर, ज्योतिकुची, घोड़ामारा, वीआईपी रोड, जोराबाट और छतरीबाड़ी, गुवाहाटी क्लब सहित अनेक इलाके डूब गए। लोगों के घरों में कमर तक पानी घुसा। इसी जलजमाव के बीच कई इलाकों में बिजली काट दिये जाने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, पानी अब धीरे-धीरे उतर रहा है, बावजूद कीचड़ के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ गयी है।

### वैष्णो देवी यात्रा के...

प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। हालांकि, दुकान में आग लगने के बाद किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि वैष्णो देवी के बैटरी कार मार्ग पर हिमकोटि में कपड़ों की एक दुकान में शार्ट सर्किट से आग लगी है। बता दें कि भारी बारिश के बावजूद माता के दरबार में भक्तों का सैलाब जारी है। बीते 3 अगस्त को 27 हजार श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी के दर्शन किए। 4 अगस्त (रविवार) को दोपहर 3 बजे तक 14,800 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया और मां वैष्णो देवी भवन की ओर रवाना हो चुके थे। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान पूरी सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। इसके अलावा अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को जम्मू से कटरा की त्रिकुटा पहाड़ियों के बीच स्थित श्री माता वैष्णो देवी के पवित्र गुफा मंदिर तक की बहुप्रतीक्षित सीधी हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई है।

### न्यायालय के बाहर ...

नारा देते हुए विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं। इस मिशन को तभी पूरा किया जा सकता है जब बहुसंख्यक हिंदुओं की आराध्य भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण के भव्य मंदिर निर्माण में मुस्लिम समाज अपना बड़ा दिल दिखाएं इस अवसर पर हिंदूवादी नेता एवं पक्षकार दिनेश शर्मा ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि हमने पहले ही मुस्लिम समाज से यदि आप कोई समझौता करते हैं तो 10 एकड़ भूमि एवं 10 करोड़ रुपए प्रदान करेंगे। हम मुस्लिम समाज का आज के इस ऐतिहासिक पहल का स्वागत करते हैं ।

### अल्पसंख्यकों को पीएम ...

पर भी जोर दिया कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए जल्द कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा सांसद का कहना है, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले हो रहे हैं। उनकी संपत्ति लूट ली जाती है। वहां सेना को समर्थन मिला हुआ है। यह भविष्य में हमारे देश के लिए खतरा बन जाएगा। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अल्पसंख्यकों को नागरिकता दिलाने की पहल की, तो अब उनकी सुरक्षा करना भी उनकी जिम्मेदारी है। इसके लिए जल्द कार्रवाई होनी चाहिए। केवल पीएम मोदी ही इस तरह की स्थिति से निपट सकते हैं और उन्हें बचा सकते हैं। उन्होंने आगे ये भी कहा कि मैं हिंदू बंगाल इकाई के सदस्य के रूप में बोल रहा हूं। मुझे इसकी परवाह नहीं है कि बांग्लादेश में कोई भी सरकार बनाए। मेरी एकमात्र चिंता यह है कि अल्पसंख्यकों के जीवन और संपत्तियों को कोई नुकसान नहीं होना चाहिए। बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर बवाल शुरू हुआ था, आरक्षण को लेकर देश में कई महीनों से विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बढ़ती हिंसा ने प्रधानमंत्री शेख हसीना से उनकी कुर्सी छीन ली। भारी प्रदर्शन के बाद तख्तापलट हो गया। बता दें कि बांग्लादेश को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**

## धुबड़ी में भारत-बांग्लादेश सीमा पर रेड अलर्ट

**धुबड़ी ( हिंस )।** धुबड़ी में भारत-बांग्लादेश सीमा पर रेड अलर्ट जारी किया गया है। बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए सीमा पर बीएसएफ कर्मियों की तैनाती बढ़ा दी गई है। कई बांग्लादेशी नागरिक विभिन्न हिस्सों से भागकर भारत आ रहे हैं। शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद छोड़ने और अंत में भारत भागकर आने पर व्यापक प्रतिक्रिया देखी जा रही है। बांग्लादेश में पढ़ने वाले अनेक छात्रों का भविष्य अंधेरे में डूब गया है। बांग्लादेश से असम के बड़ी संख्या में छात्र लौट आए हैं। इस बीच बांग्लादेश में बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की मूर्ति का भी अपमान किया गया है। बांग्लादेश की खराब स्थिति के कारण धुबड़ी जिले में अंतरग्राष्ट्रीय सीमा पर विशेष चौकसी बरती जा रही है।

## बांग्लादेश सीमा पर सोनाहाट अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य केंद्र तीन दिन बंद रहेगा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पड़ोसी देश बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति के कारण असम के धुबड़ी में भारत-बांग्लादेश सीमा पर जारी रेड अलर्ट के बीच धुबड़ी के सोनाहाट अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य केंद्र को तीन दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। बांग्लादेश के साथ सभी तरह के आयात और निर्यात पर रोक लगा दी गई है। सीमा शुल्क विभाग ने धुबड़ी के सोनाहाट से बांग्लादेश तक पत्थर ले जाने वाले ट्रकों की आवाजाही पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। फिर भी बड़ी संख्या में ट्रकों के बांग्लादेश में फंसे होने की सूचना है। एक अन्य खबर के अनुसार भारत-बांग्लादेश सीमा पर जमा हुए हिंदुओं के ऊपर बांग्लादेश राइफल्स के जवानों ने जमकर लाठीचार्ज किया है।

# बांग्लादेश तख्तापलट : सीसुब ने भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर जारी किया हाई अलर्ट

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में बीते सोमवार को हुए घटनाक्रम के मद्देनजर सीमा सुरक्षा बल (सीसुब) ने गुवाहाटी फ्रंटियर के अंतर्गत बांग्लादेश के साथ लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की तथा सभी फिल्ड कमांडरों को पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ किसी भी अप्रत्याशित हालात से निपटने के लिए सीमा पर कड़ी नजर रखने का निर्देश देते हुए हाई अलर्ट जारी किया है। साथ ही सीमा पर जनशक्ति बढ़ाकर तथा क्वीक रिएक्शन टीमें बनाकर सीमा पर निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। सीसुब गुवाहाटी फ्रंटियर मुख्यालय से जारी एक बयान में आज बताया गया है कि भारत-बांग्लादेश की 4, 096 किमी लम्बी सीमा में से 509 किमी की सीमा पश्चिम बंगाल के कूचबिहार तथा असम के दक्षिण सालमारा मानकाचर तक की सुरक्षा की



जिम्मेदारी सीसुब गुवाहाटी फ्रंटियर की है। जिसके अंतर्गत सीसुब की 11 वाहिनियां एवं एक जल स्कंध तैनात है जो पूरी मुस्तैदी के साथ सीमा पर किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। जिसे और सख्त कर दिया गया है एवं सभी सीमावर्ती स्टेशन पर निगरानी बढ़ा दी गई है। सीमा चौकियों पर तत्काल प्रभाव से जनशक्ति बढ़ा दी गई है। सीमा पर तैनात समस्त निगरानी उपकरणों का पूर्ण उपयोग किया जा रहा है साथ ही सीमा पर तैनात समस्त कार्मिकों को सदैव मुस्तैद एवं सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। साथ ही सूचना (इंटेलिजेंस) युनिटों को अपनी गतिविधयां बढ़ाने तथा त्वरित पुख्ता सूचना प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है जिससे किसी भी खतरे का पूर्वानुमान लगाकर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। सीमा की संवेदनशीलता ओर प्रत्येक चुनौती को ध्यान में रखते हुए सीसुब के जवान सीमा पर प्रभावी ढंग से तैनात हैं एवं सीसुब अपने निरंतर प्रयासों से राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा और अखंडता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# मंत्री पेगू ने मिसिंग स्वायत्त परिषद के सचिवालय भवन की रखी आधारशिला

**धेमाजी ( हिंस )।** गोगामुख में मिसिंग स्वायत्त परिषद के स्थायी सचिवालय भवन की आधारशिला रखते हुए, शिक्षा मंत्री डॉ. रोनोज पेगू ने कहा कि *निजूत मईना योजना* 8 अगस्त से शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अविवाहित छात्राओं को, जिन्होंने मैट्रिक उत्तीर्ण किया है और उच्च माध्यमिक में दाखिला लिया है, उन्हें इस योजना में शामिल किया जाएगा और प्रति माह एक हजार रुपए के दस महीने के लिए शिक्षा अनुदान के रूप में 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उच्च माध्यमिक उत्तीर्ण और डिग्री में दाखिला लेनेवाली अविवाहित छात्राओं को एक हजार 200 रुपए प्रति माह और डिग्री उत्तीर्ण करने वाली विवाहित और अविवाहित सभी छात्राओं को दो हजार 500 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। ज्ञात हो कि मिसिंग स्वायत्त परिषद के स्थायी सचिवालय भवन का निर्माण गोगामुख के सुमनी ग्रामीणों द्वारा प्रदान की गई 200 बीघा भूमि पर लगभग 150 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इसकी आधारशिला शिक्षा मंत्री डॉ. रोनोज पेगू ने आज रखी। मिसिंग स्वायत्त परिषद के अध्यक्ष सुनील पेगू और मुख्य



कार्यकारी सदस्य परमानंद सेंगिया भी इस दौरान मौजूद रहे। शिक्षा मंत्री डॉ. पेगू ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान, परिषदों के लिए बजट आवंटन 60 करोड़ रुपए था। लेकिन देते 30 करोड़ रुपए थे। लेकिन, भाजपा सरकार के दिनों में बजट आवंटित राशि के अलावा अतिरिक्त धन जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिसिंग स्वायत्त परिषद के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में पुलों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए और परिषद के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बाढ़-कटाव को रोकने के लिए 200 करोड़ रुपए आवंटित किए जाएंगे।

# असामाजिक गतिविधियों को लेकर आम्सू की जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नगरबेड़ा ( विभास )।** कामरूप जिले के छमरिया विधानसभा क्षेत्र के मंदिरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत मंदिरा एनसी में ड्रग्स, शराब, जुआ, चोरी, बाल विवाह जैसी असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ जागरूकता बैठक आयोजित की गई। अखिल असम अल्पसंख्यक छात्र संघ (आम्सू) की दक्षिण कामरूप जिला समिति के तहत मंदिर एनसी क्षेत्रीय समिति की पहल के तहत मंदिरा एनसी तिनाली चौक पर आयोजित जागरूकता बैठक की अध्यक्षता की। अकरम हुसैन अमसू क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष हैं। अमसु के जिला समिति के सचिव असर उद्दीन और क्षेत्रीय समिति के संपादक शरीफुल इस्लाम ने उद्देश्य स्पष्टीकरण और परिचय समारोह का संचालन किया, जिसमें मंदिरा पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी विजय गोस्वामी, पूर्व मुख्य पार्षद अब्दुल कुद्दूस, सामाजिक कार्यकर्ता अल्हाज अबुल हुसैन, इस अवसर पर डॉ. शफीकुल इस्लाम, आमछु के पूर्व जिलाध्यक्ष उस्मान गनी, क्षेत्रीय अध्यक्ष अकरम हुसैन, रेजाउल हक आदि ने अपने विचार रखे। बैठक में कई



वक्ताओं ने विशेष रूप से अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में विभिन्न असामाजिक गतिविधियों के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की। लोगों को इसके खिलाफ जागरूक और जागरूक होने के लिए कहा जाता है। वक्ताओं ने अभिभावक समुदाय से अपने बच्चों पर नजर रखने और उनकी शिक्षा को अधिक महत्व देने का आग्रह किया। वक्ताओं ने यह भी मांग की कि पुलिस प्रशासन असामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों को ट्रैक करे और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करे। जागरूकता बैठक में लगभग दो सौ लोगों के साथ-साथ आमछु कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया।

# मारवाड़ी युवा मंच, नगांव शाखा का कांवडियों के लिए सेवा कार्यक्रम आयोजित

**नगांव ( निसं )।** सावन माह का पवित्र महीना चल रहा है और लाखों कांवड़िए बाबा को जल अर्पण कर रहे हैं। ऐसे में, मंच परिवार ने इस वर्ष भी, पिछले वर्ष की भांति, बड़े उत्साह और समर्पण के साथ परशुराम समाज के 500 कांवड़ियों के बीच रविवार को नगांव जिला अंतर्गत पुरानिगोदम में रात्रि भोजन करवाया है। मारवाड़ी युवा मंच के नगांव शाखा अध्यक्ष मनीष गाड़ोदिया ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हम कांवड़ियों की सेवा कर सकें। यह सेवा हमारे समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का एक हिस्सा है, और हम इस तरह के




कार्यों के माध्यम से अपने समाज को और मजबूत बनाना चाहते हैं। सभी सदस्यों का सहयोग इस कार्यक्रम की सफलता का मुख्य आधार है। परशुराम समाज के सदस्य ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि हम मंच परिवार के आभारी हैं जिन्होंने हमारी यात्रा को और भी सुखद और सरल बना दिया। इस प्रकार का सहयोग हमें हमारे धार्मिक कर्तव्यों को निभाने में असीम ऊर्जा और उत्साह प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में मनीष गाड़ोदिया, रजत केजरीवाल, प्रशांत अग्रवाल, अमित केजरीवाल, विनीत मोर, विक्रांत सोलंकी और अमित शर्मा ने उपस्थित होकर अपनी सेवा प्रदान की। इस सेवा कार्यक्रम में नितिन मुंदड़ा, चाहत पोद्दार, करन अग्रवाल, पंकज गाड़ोदिया, विवेक तोदी और यश अग्रवाल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। यह जानकारी नगांव शाखा के जन संपर्क अधिकारी ने दी।

# शिशु निकेतन एचएस स्कूल ने मनाया अपना 59वां स्थापना दिवस

**गुवाहाटी।** नारायण नगर स्थित शिशु निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल ने अपना 59वां स्थापना दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया। इस अवसर पर आयोजित दो दिवसीय समारोह का शुभारंभ हुआ, जिसमें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं समारोह के दूसरे दिन सभी गणमान्य लोगों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर स्कूल गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाला, कोषाध्यक्ष किशन लोहिया, संयुक्त सचिव नवल किशोर मोर, रतन गोयल, अरुण शर्मा, कृष्ण कुमार जालान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। अध्यक्ष श्री अग्रवाला ने विद्यालय के संस्थापकों को नमन करते हुए स्कूल के इतिहास से बच्चों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने स्कूल के उत्थान में प्रबंधन



समिति, प्राचार्य, शिक्षक गण आदि के सामूहिक प्रयासों से लगातार किए जा रहे ठोस एवं सकारात्मक कार्यों की भी जानकारी दी। जिसके चलते आज शिशु निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल अपना 59वां स्थापना दिवस मना रहा है। प्राचार्य श्रीमती रीना भौमिक ने अपने संबोधन में निरंतर प्रयास और अटूट समर्पण द्वारा चिह्नित सफलता की यात्रा पर जोर दिया। इस अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# अपोलो एक्सेलकेयर अस्पताल ने 111 वर्षीय मरीज पर की पीजीआर प्रक्रिया

**गुवाहाटी।** एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, अपोलो एक्सेलकेयर अस्पताल असम और पूर्वोत्तर में पहला अस्पताल बन गया है जिसने 111 वर्षीय मरीज पर पीजीआर (पल्स जेनरेटर रिप्लेसमेंट) प्रक्रिया की है, इस प्रकार स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता और संकल्प को मजबूत किया है। बिलाट बीबी, गुवाहाटी की 111 वर्षीय महिला, जिसका स्थायी पेसमेकर प्रत्यारोपण, पोस्ट पीपीआई (वीवीआईआर)- 2014, एलवीईएफ (50-55 प्रतिशत) और सीओपीडी (क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) का इतिहास है, को हाल ही में पीजीआर (पल्स जेनरेटर रिप्लेसमेंट) के लिए अपोलो एक्सेलकेयर अस्पताल, एनएच-37, बोरागांव, गुवाहाटी में भर्ती कराया गया था। पीजीआर प्रक्रिया अपोलो एक्सेलकेयर अस्पताल, बोरगांव, गुवाहाटी की कार्डियोलॉजी टीम (डॉ. नील बारदोलोई, डॉ. अमिताव मिश्रा और डॉ. धनजीत नाथ) द्वारा स्थानीय एनेस्थीसिया और टीपीआई (अस्थायी पेसमेकर प्रत्यारोपण) बैकअप के तहत की गई एक जीवनरक्षक प्रक्रिया जो स्थायी पेसमेकर के लिए पुल का काम करती है। टीम में एनेस्थेटिस्ट, कार्डियक नर्सिंग टीम और कैथ लैब तकनीशियन



भी शामिल थे। कार्डियोलॉजिस्ट ने कहा कि यह मामला एक बड़ी चुनौती थी, उसकी उम्र को देखते हुए हमें पर्याप्त उपाय करने पड़े और सावधानी से आगे बढ़ना पड़ा क्योंकि प्रक्रिया के लाभ जोखिमों से कहीं अधिक थे, जिसमें अभूतपूर्व सिंकोप (चेतना का नुकसान) और ऐसी दुर्घटनाओं से उत्पन्न होने वाली चोटों, अचानक हृदय गति रुकने से मृत्यु आदि की संभावनाएं शामिल थीं। कोई इंट्रा और पोस्ट-ऑपरेटिव जटिलताएं नहीं थीं। उसका रूढ़िवादी तरीके से और अन्य सहायक दवाओं के साथ इलाज किया गया। डिस्चार्ज के समय मरीज हेमोडायनामिक रूप से स्थिर था।

## लुमडिंग स्टेशन पर काफी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी ( हिंस )।** लुमडिंग रेलवे जंक्शन पर काफी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया गया है। पुलिस ने आज बताया कि लुमडिंग रेलवे पुलिस और आरपीएफ के सीआईबी के संयुक्त अभियान में यह सामग्री जब्त की गई। 215666 डाउन मरियानी गुवाहाटी बीजी एक्सप्रेस की सामान्य श्रेणी के डी-1 सवारी डिब्बे की सीट के नीचे रखी गई 20 हजार नशीली गोलियां जब्त की गई। जब्त टैबलेट का काले बाजार में करीब 10 लाख रुपए से अधिक मूल्य आंका गया है। ऐसा माना जा रहा है कि यह डिमापुर से लाया जा रहा था। इस संबंध में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## चिरांग में ई-रिक्शा हादसे में एक की मौत

**चिरांग ( हिंस )।** चिरांग जिले के बिजनी के बेसरगांव में हुई ई-रिक्शा दुर्घटना में चालक की मौत हो गयी। बेसरगांव में थाईबा पुल के पास हुई इस दुर्घटना में मृत ई-रिक्शा चालक शारीरिक रूप से विकलांग था। पुलिस ने आज बताया कि मृतक की पहचान बिजनी के कवाटिका निवासी माजम अली (30) के रूप में हुई है। हादसा उस समय हुआ जब वह बिजनी से आनंदबाजार जा रहा था।

# मायुमं, नगांव समृद्धि शाखा ने महिलाओं एवं युवतियों के लिए आत्मरक्षा शिविर का किया आयोजन

**नगांव ( निसं )।** मारवाड़ी युवा मंच, नगांव समृद्धि शाखा ने महिलाओं एवं युवतियों की सुरक्षा हेतु तीन दिवसीय आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन गत दिनों महाराजा अग्रसेन भवन में किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाना और उन्हें सशक्त बनाना था। इस कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में जयप्रकाश शर्मा उपस्थित थे, जो 4र्थ डैन ब्लैक बेल्ट, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता हैं। कार्यशाला के दौरान, श्री शर्मा ने महिलाओं को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक मजबूती के महत्व के बारे में बताया। प्रथम दिन, श्री शर्मा ने आत्मरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों और तकनीकों का परिचय दिया। दूसरे दिन, उन्होंने महिलाओं को विभिन्न प्रकार के हमलों से बचने और प्रतिक्रिया देने के तरीकों का अभ्यास करवाया। अंतिम दिन, प्रतिभागियों ने सीखी हुई तकनीकों का अभ्यास और प्रदर्शन किया, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। यह कार्यशाला महिलाओं के लिए




अत्यंत लाभकारी साबित हुई और उन्होंने इस प्रकार की और कार्यशालाओं के आयोजन की मांग की। मारवाड़ी युवा मंच, नगांव समृद्धि शाखा के इस प्रयास की सभी ने सराहना की और महिलाओं ने आत्मरक्षा के गुण सीखने के प्रति उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में 25 से भी अधिक युवती एवं महिलाओं ने अंश ग्रहण कर शिविर का लाभ उठाया। अंश ग्रहण करने वाले सभी को योग्यता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शिविर की सफलता हेतु अध्यक्ष ममता सिंघी ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव सपना पेड़ीवाल, कोषाध्यक्ष मुस्कान जाजोदिया के साथ सभी सदस्याओं का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। यह जानकारी नगांव समृद्धि शाखा की जनसंपर्क अधिकारी पिंकी नागरका द्वारा प्रेषित की गई है।

# नगांव में धूमधाम से मनाई गई सूर्यपुत्र भगवान शनिदेव की जयंती

**नगांव ( निसं )।** सूर्यपुत्र शनिदेव महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष में हैबरगांव स्थित शनि मंदिर में शनि जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम एवं भक्ति पूर्ण माहौल में रविवार को मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के गर्भ गृह तथा मंदिर प्रांगण को फूलों से सजाया गया एवं बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी माणक चंद भार्गव एवं रवि भार्गव द्वारा सुबह विधिवत पूजा-अर्चना की गई एवं आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में शनि देव की प्रतिमा स्थापित की गई जिसमें श्रद्धालुओं ने तेल चढ़ाकर बाबा का अभिषेक किया। कार्यक्रम की कड़ी में सांय 4 बजे से खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें 700 से भी अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि 8 बजे से भजनों का विशेष कार्यक्रम रखा गया जिसमें स्थानीय भजन गायक कलाकार अरुण नागरका एवं गुनगुन बोरा द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में नगांव के वरिष्ठ पत्रकार एवं भजन



गायक अजित माहेश्वरी के साथ दीपिका वर्मा (सोनू) ने भी भजनों की शानदार प्रस्तुति दी, रात्रि 1 बजे शयन आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया, एवं भक्तों के बीच में प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर प्रांगण में सुबह से ही दर्शनों हेतु भक्तों का तांता लगा हुआ देखा गया। नगांव सहित आसपास के इलाकों से भी भक्तों ने आकर शनिदेव की पूजा अर्चना की ओर श्रदा की हाजरी लगाई। कार्यक्रम को सफल बनाने मे पवन कुमार आलमपुरिया व संजय रातुसरिया का सहयोग सराहनीय रहा।

## काजीरंगा के जानवरों में माइक्रोचिप लगाने की प्रक्रिया शुरू

**काजीरंगा ( हिंस )।** काजीरंगा में डेटा संग्रह के लिए जंगली जानवरों के शरीर में माइक्रोचिप स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। काजीरंगा के वन्यजीव बचाव और पुनर्वास केंद्र में लघु माइक्रोचिप जंगल में रह रहे जंगली जानवरों के शरीर में स्थापित किया जा रहा है। यह व्यवस्था जंगल में छोड़े गए जंगली जानवरों के जरिए आवश्यक जानकारी एकत्र करने तथा उन्हें पहचानने के लिए की जाती है। सीडब्ल्यूआरसी के डॉक्टर भास्कर चौधरी के अनुसार सीडब्ल्यूआरसी अधिकारियों ने तेंदुए और सांपों में प्रयोग के तौर पर चिप के जरिए जानकारी प्राप्त करने में सफलता हासिल की है।

# नौसेना को चौथे बैच में 216 महिलाओं समेत मिलेंगे 1390 अग्निवीर, पीओपी 09 अगस्त को

- आईएनएस चिल्का पर पासिंग आउट परेड की समीक्षा करेंगे नौसेना प्रमुख
- दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर होंगे परेड के संचालन अधिकारी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आईएनएस चिल्का पर प्रशिक्षण पूरा होने के बाद 1390 अग्निवीरों का चौथा बैच भारतीय नौसेना में शामिल होने के लिए तैयार है। इस बैच में 216 महिलाएं भी हैं, जिन्होंने एक साथ प्रशिक्षण पूरा किया है। इन अग्निवीरों की पासिंग आउट परेड (पीओपी) 09 अगस्त को होगी, जिसका अवलोकन नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी करेंगे। सूर्यास्त के बाद होने वाले इस समारोह में सभी अग्निवीर आईएनएस चिल्का के मुख्य द्वार से अंतिम पग लेंगे। इस अवसर पर नौसेना अग्निवीरों के साथ-साथ 330 तटरक्षक नाविक भी पास आउट होंगे। दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास इस परेड के संचालन अधिकारी होंगे। ओडिशा में आईएनएस चिल्का पर होने वाले इस महत्वपूर्ण समारोह में पास आउट होने वाले अग्निवीरों के परिजन और जाने-माने दिग्गजों के साथ-साथ खेल जगत की हस्तियां भी शामिल हो सकेंगी। नौसेना की यह पीओपी न केवल अग्निवीरों के 16 सप्ताह के प्रारंभिक प्रशिक्षण



के सफल समापन का प्रतीक है, बल्कि युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार भारतीय नौसेना में उनकी नई यात्रा भी है। आईएनएस चिल्का पर दिए गए प्रशिक्षण में शैक्षणिक, सेवा के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण और कर्तव्य, सम्मान एवं साहस के मूल मूल्यों पर आधारित आउटडोर प्रशिक्षण भी शामिल था। पीओपी के दौरान काबिल अग्निवीरों को नौसेना प्रमुख की ओर से विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। परेड के बाद नौसेना प्रमुख नई अवसंरचना के निर्माण, सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे और विभिन्न प्रभागों को पुरस्कार प्रदान करेंगे। पीओपी का सीधा प्रसारण 09 अगस्त को सायं 05:10 बजे से भारतीय नौसेना के यू-ट्यूब चैनल, फेसबुक पेज और दूरदर्शन के क्षेत्रीय नेटवर्क पर किया जाएगा।

## बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो : आलोक कुमार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने मंगलवार को कहा कि हमारा पड़ोसी बांग्लादेश एक विचित्र अनिश्चितता, हिंसा और अराजकता में फंसा हुआ है। हसीना सरकार के त्यागपत्र और उनके देश छोड़ने के बाद अन्तरिम सरकार के गठन की प्रक्रिया चल रही है। संकट की इस घड़ी मे भारत बांग्लादेश के समस्त समाज के साथ एक मित्र के नाते मजबूती से खड़ा है। आलोक कुमार ने आज प्रेस वार्ता में कहा कि बांग्लादेश में पिछले कुछ समय में हिन्दू, सिख व अन्य अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और घरों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। सोमवार रात तक अकेले पंचगढ़ जिले में 22 घर, झीनैदाह में 20 घर व जैसोर में 22 दुकानें कट्टरपंथियों के निशाने बने तथा अनेक जिलों में तो श्मशान तक तोड़ दिए गए। मंदिर और गुरुद्वारों को भी क्षति पहुंचाई गयी है। बांग्लादेश में शायद ही कोई जिला बचा हो जो इनकी हिंसा व आतंक का निशाना न बना हो। यह ध्यान दिलाना उचित होगा कि बांग्लादेश में हिंदू जो कभी 32 प्रतिशत थे, अब 8 प्रतिशत से




भी कम बचे हैं और वे भी लगातार जिहादी उत्पीड़न के शिकार हैं। विहिप अध्यक्ष ने आगे कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के घर, मकान, दुकान, ऑफिस, व्यावसायिक प्रतिष्ठान व महिलाएं, बच्चे व उनकी आस्था व विश्वास के केंद्र मन्दिर व गुरुद्वारे तक सुरक्षित नहीं हैं।


कहा जा सकता है कि वहां पीड़ित अल्पसंख्यकों की हालत बद से भी बदतर होती जा रही है। यह स्थिति चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे में विश्व समुदाय की यह जिम्मेवारी है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्रवाई करें। आलोक कुमार ने कहा कि निश्चय ही भारत इस परिस्थिति में आंखें मूद कर नहीं रह सकता। भारत ने परंपरा से ही विश्वभर के उत्पीड़ित समाजों की सहायता की है। विहिप भारत सरकार से यह आग्रह करती है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए। यह संभव है कि इस परिस्थिति का लाभ उठा कर सीमा पार से घुसपैठ का एक बड़ा प्रयत्न किया जाए। इससे सतर्क रहना होगा। इसलिए हमारे सुरक्षाबलों के लिए यह आवश्यक है कि सीमा पर कड़ी चौकसी बरतें और किसी भी तरह के अतिक्रमण को न होने दें। विहिप अध्यक्ष ने कहा कि हमारी कामना है कि बांग्लादेश में जल्दी से जल्दी लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष सरकार पुनः स्थापित हो। वहां के समाज को मानवाधिकार मिले और बांग्लादेश की निरंतर हो रही आर्थिक प्रगति में कोई बाधा न आये।

## गेमिंग ऐप घोटाले की जांच, कोलकाता के बाहरी इलाके में ईडी की छापेमारी

**कोलकाता, (हि.स.) ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को गेमिंग ऐप घोटाले की जांच के सिलसिले में कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके में एक आवासीय परिसर में छापेमारी करके तलाशी अभियान चलाया। ईडी की टीम के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान भी थे। सुबह ईडी अधिकारियों की टीम कोलकाता के बाहरी इलाके कालिकापुर स्थित एक आवासीय परिसर पहुंची और वहां के एक कार्यालय-कम-निवास स्थल के दूसरे माले पर छापेमारी और तलाशी अभियान शुरू किया। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी इस विशेष गेमिंग ऐप के बारे में कोई जानकारी साझा करने से बच रहे थे, लेकिन सूत्रों ने बताया कि इस मामले में कुल घोटाले की राशि 100 करोड़ रुपये से अधिक है। सूत्रों ने यह भी बताया कि ठगे गए निवेशकों की निवेश की गई राशि को इस ऐप के माध्यम से पहले डॉलर में बदला गया और फिर चीन में जमा किया गया। इस पूरे मामले में कालिकापुर का यह विशेष कार्यालय ऐसे संदिग्ध मौद्रिक लेन-देन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता था। सूत्रों ने कहा कि कोलकाता के अलावा गेमिंग ऐप के संचालकों के अन्य शहरों और कस्बों में भी संचालन केंद्र थे। सूत्रों के अनुसार घोटाले का तरीका अन्य कई गेमिंग ऐप्स जैसा ही था, जिनके खिलाफ ईडी काफी समय से जांच कर रही है। शुरूआत में निवेशकों को भारी रिटर्न के वादों के साथ छोटे-छोटे निवेश करने के लिए लुभाया गया। प्रारंभिक लेन-देन में उन वादों को पूरा करके निवेशकों को आकर्षक रकम जीतने का मौका दिया गया। इसके बाद ऐप संचालकों ने निवेशकों को उच्च राशि निवेश करने के लिए लुभाया। इसके बाद असली घोटाला शुरू हुआ, जब निवेशकों के जुड़े बैंक खातों से भुगतान क्रेडिट होने पर रोक लगा दी गई।

## कोई भी राज्य पश्चिम बंगाल का मॉडल नहीं अपनाना चाहेगा : अमित शाह

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस नीत ममता बनर्जी सरकार पर कटाक्ष करते हुए आश्चर्य जताया कि क्या कोई राज्य वामपंथी उग्रवाद को रोकने के संदर्भ में उनके मॉडल को लागू करना चाहेगा। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा और आंध्र प्रदेश का हवाला देते हुए कहा कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पिछले 10-15 सालों से इन राज्यों में है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार वामपंथी उग्रवाद से निपटने में सफल रही है। उन्होंने सदन में गृह मंत्री से सवाल किया कि क्या वे



पश्चिम बंगाल के मॉडल का अध्ययन कर इसे अन्य राज्यों में भी लागू करेंगे। सौगत रॉय के सवाल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुस्कुराते हुए खड़े हुए और कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को उन राज्यों के मॉडल को लागू करने में कोई दिक्कत नहीं है जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन मैं मानता हूं कि कोई भी राज्य नहीं चाहेगा कि वहां पश्चिम बंगाल का मॉडल अपनाया जाए।

## एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना हटाने के आरोप तथ्यहीन : शिक्षा मंत्री

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटाने के आरोपों का कोई आधार नहीं है। केंद्रीय मंत्री प्रधान ने एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा जैसे विषय को भी अपने झूठ की राजनीति के लिए इस्तेमाल करना और इसके लिए बच्चों का सहारा लेना कांग्रेस पार्टी की घृणित मानसिकता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले और भारतीय शिक्षा व्यवस्था को बकवास बताने वालों को झूठ फैलाने से पहले सच जानने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पहली बार एनसीईआरटी ने पाठ्यपुस्तकों में भारत के संविधान के विभिन्न पहलुओं– प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्य, मौलिक अधिकार, राष्ट्रगान को उचित महत्व और सम्मान देने का काम किया है। बच्चों के समग्र विकास के लिए नई शिक्षा नीति (एनईपी) के दृष्टिकोण का पालन करते हुए इन सभी पहलुओं को उचित आयु विभिन्न




चरणों की पाठ्यपुस्तकों में रखा जा रहा है। लॉर्ड मैकाले द्वारा शुरू की गई शिक्षा प्रणाली को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि मैकाले की विचारधारा से प्रेरित कांग्रेस शुरू से ही भारत के विकास और शिक्षा व्यवस्था से घृणा रखती है। यह तर्क कि केवल संविधान की प्रस्तावना ही संवैधानिक मूल्यों का प्रतिबिंब है, कांग्रेस की संविधान की समझ को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पाप का घड़ा भर चुका है और आजकल जो 'झूठे संविधान प्रेमी' बनकर घूम रहे हैं और संविधान की प्रति लहरा रहे हैं, इनके पूर्वजों ने ही बार-बार संविधान की मूल भावना की हत्या करने का काम किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में अगर थोड़ी सी भी शर्म और आत्मग्लानि बची हो तो पहले संविधान, संवैधानिक मूल्यों और एनईपी को समझें और देश के बच्चों के नाम पर अपनी क्षुद्र राजनीति करना बंद करे।

उल्लेखनीय है कि इस साल कक्षा 3 और कक्षा 6 की कई पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटाने के आरोपों पर एनसीईआरटी पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि इन दावों का कोई ठोस आधार नहीं है। एनसीईआरटी ने इस बात पर जोर देते हुए कि संगठन अब नए शैक्षिक दृष्टिकोण के तहत भारतीय संविधान के विभिन्न पहलुओं, जिसमें प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्य, मौलिक अधिकार और राष्ट्रगान शामिल हैं, पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## केदारघाटी आपदा : छठवें दिन रेस्क्यू जारी, मौसम के चलते हवाई रेस्क्यू नहीं हो सका शुरू

–पैदल मार्गों के पुनर्स्थापन का कार्य तेजी से शुरू

**रुद्रप्रयाग, (हि.स)।** केदारघाटी आपदा के छठवें दिन मंगलवार को कठिन विपरीत परिस्थितियों के बीच केदारनाथ पैदल मार्ग से रेस्क्यू अभियान चल रहा है। खराब मौसम होने से हैली सेवाओं से अब तक रेस्क्यू शुरू नहीं हो सका है। केदारनाथ से भीमबली के लिए करीब 150 स्थानीय लोगों को रवाना किया गया है। केदारघाटी में मौसम का मिजाज मंगलवार को सुबह 10 बजे तक ठीक नहीं हुआ है। विजिबिलिटी बाधित होने के चलते हैली सेवाओं से अब तक रेस्क्यू शुरू नहीं किया जा सका है। मंगलवार को करीब 150 स्थानीय लोगों को केदारनाथ से भीमबली के लिए एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की देखरेख में रवाना किया गया है। जंगलचट्टी से भी 161 लोगों को एनडीआरएफ की टीम चीरबासा लेकर पहुंच रही है। वहीं सोनप्रयाग में मंदाकिनी नदी पर सेना के बनाए गए पैदल पुल का निर्माण पूरा होने से भी रेस्क्यू एव राहत कार्यों में बड़ी राहत मिली है।



**गौरीकुंड के बीच वाशआउट एरिया व अन्य क्षतिग्रस्त मार्गों पर कार्य शुरू** – उधर, सड़क व पैदल मार्गों के पुनर्स्थापन के लिए कार्य तेजी से चल रहा है। विभिन्न स्थानों पर पीडब्लूडी की टीम की निगरानी में पैदल यात्रा मार्गों का निर्माण शुरू हो गया है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच वाश-ाआउट एरिया व अन्य क्षतिग्रस्त मार्गों पर कार्य शुरू कर चुके हैं। रेस्क्यू कर रहे बचाव कर्मियों को पंडा पुरोहितों और गांव के आम लोग भी अपना सहयोग दे रहे हैं। केदारनाथ गुप्तकाशी सोनप्रयाग में सड़क के किनारे नजदीकी गांव के पंडा पुरोहितों ने श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क खाने-पीने और ठहरने की व्यवस्था की गई है। पंडा पुरोहितों और सेना के जवानों को अपने बीच पाकर यहां यात्रा पर आए तीर्थयात्री भावुक होकर इन लोगों को धन्यवाद दे रहे हैं। केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कहा कि छह दिन से केदार सभा की ओर से श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क रहने और खाने की व्यवस्था की जा रही है।

## 1,873 अमरनाथ तीर्थयात्रियों का जत्था जम्मू से कश्मीर रवाना

**जम्मू, (हि.स.)।** जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से मंगलवार को 1,873 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ। सोमवार को अनुच्छेद 370 के समाप्त किए जाने की पांचवी वर्षगांठ के चलते सुरक्षा कारणों से सभी आधार शिविरों से किसी भी यात्री को आगे बढ़ने की इजाजत नहीं दी गई थी। पिछले 38 दिनों में 5 लाख के करीब श्रद्धालुओं ने अमरनाथ की पवित्र गुफा में बाबा बफार्नी के दर्शन किए हैं। 1,873 श्रद्धालुओं के जत्थे में 1579 पुरुष, 202 महिलाएं, 65 साधु और 27 साध्वियां शामिल हैं। यह सभी 69 वाहनों से कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह 3:30 बजे भगवती नगर यात्री निवास से बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए। अमरनाथ पवित्र गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। श्रद्धालु पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग या उत्तर



कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। पहलगाम-गुफा तीर्थस्थल की लंबाई 48 किलोमीटर है और तीर्थयात्रियों को तीर्थस्थल तक पहुंचने में 4-5 दिन लगते हैं। बालटाल-गुफा तीर्थस्थल की लंबाई 14 किलोमीटर है और तीर्थयात्रियों को दर्शन करने और बेस कैंप पर लौटने में एक दिन लगता है। उत्तरी कश्मीर मार्ग पर बालटाल और दक्षिण कश्मीर मार्ग पर चंदनवाडी में तीर्थयात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं। इस वर्ष की यात्रा 52 दिनों के बाद 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षा बंधन त्योहारों के साथ संपन्न होगी।

## उत्तर पूर्वी दिल्ली, यमुना विहार सहित इलाकों में दो दिन नहीं आएगा पानी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली मेट्रो की ओर से बुधवार को भजनपुरा मार्केट के पास पानी की सप्लाई करने वाली दिल्ली जल बोर्ड की ताहिरपुर मुख्य लाइन में कई बड़े काम किए जाएंगे। इस वजह से सोनिया विहार वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और ताहिरपुर मेन लाइन में कई और काम किए जाने हैं, जिसकी वजह से मेन लाइन में वाटर सप्लाई नहीं की जाएगी। इन कार्यों की वजह से आसपास के इलाकों में बुधवार शाम के वक्त पानी की सप्लाई नहीं होगी। वहीं पंजाबी बाग में वाटर सप्लाई लाइन के इंटरेक्शन कार्य के चलते गुरुवार सुबह के 9 बजे से शुक्रवार सुबह 9 बजे तक कई इलाकों में भी पीने के पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक डीएमआरसी बुधवार को भजनपुरा मार्केट के पास ताहिरपुर मेन लाइन में 1200 एमएम व्यास वाले स्लुइस वॉल्व को ट्रांसफर करने का कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से जिन इलाकों में जलापूर्ति बुधवार शाम को प्रभावित रहेगी, उनमें प्रमुख रूप से उत्तर पूर्वी दिल्ली, यमुना विहार, शिव विहार, गोंडा, सोनिया विहार, मुस्तफाबाद, करावल नगर, गोकलपुरी, नंद नगरी, हर्ष विहार, ताहिरपुर, दिलशाद गार्डन,जनता फ्लैट, दिलशाद कॉलोनी, सीमापुरी प्रमुख रूप से शामिल हैं।



**गुरुवार सुबह 9 बजे से प्रभावित रहेगी वाटर सप्लाई–** इसके अतिरिक्त आसपास के दूसरे कई इलाकों इब्राहिमपुर गांव, संत नगर, बुराड़ी, संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर, समयपुर गांव, बादली गांव, लिबासपुर गांव आदि में पाने के पानी की सप्लाई नहीं होगी जहां लोगों को कुछ असुविधा व परेशानी उठानी पड़ सकती है। इसके अलावा पंजाबी बाग में वाटर सप्लाई लाइन का इंटरेक्शन कार्य भी किया जाएगा। इसके चलते गुरुवार सुबह 9 बजे से शुक्रवार सुबह 9 बजे तक कई इलाकों में पीने के पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। इस वजह से जो इलाके ज्यादा प्रभावित रहेंगे उनमें केवल पार्क, लॉरेंस रोड और पंजाबी बाग आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। जल बोर्ड अधिकारियों के मुताबिक गोपालपुर गांव और एसएफएल फ्लैट्स मुखर्जी नगर, वजीराबाद गांव, केवल पार्क एक्सटेंशन, गोपाल नगर, मजलिस पार्क, रामेश्वर नगर, आर एंड एम ब्लॉक मॉडल टाउन, नॉर्थ एक्स मॉडल टाउन, डेरावाल नगर गुजरांवाला टाउन, वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया, महिंद्रा पार्क यूजीआर, श्रीनगर, राजा पार्क, पंजाबी बाग वेस्ट, अरिहंत नगर और आसपास के इलाकों में 24 घंटे के लिए जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

**टैंकर के लिए नंबर नंबर जारी–** दिल्ली जल बोर्ड ने आम लोगों को सलाह भी दी है कि वह पहले से पानी की व्यवस्था कर लें जिससे कि किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वहीं, लोगों की सुविधा के लिए कई नंबर भी जारी किए हैं जिन पर संपर्क कर पानी मंगवाने की व्यवस्था की जा सकती है। वाटर इमरजेंसी के लिए 1916 या फिर 9650291442 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## प्रदेश सरकार ने पिछली आपदा से नहीं लिया सबक, प्रभावितों को नहीं मिली मदद : भाजपा

**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश में आसमान से बरसी आफत से जान माल का भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में भाजपा ने एक तरफ सरकार के कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने की बात कही है तो दूसरी तरफ सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछली बरसात के नुकसान से न कोई सबक लिया और न सभी प्रभावितों तक राहत पहुंचाई है। आपदा में भाजपा प्रभावित लोगों के साथ खड़ी हैं। बिलासपुर के श्री नैना देवी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक और भाजपा मीडिया विभाग के प्रभारी रणधीर शर्मा ने मंगलवार को शिमला में पत्रकार वार्ता में कहा कि हिमाचल प्रदेश में बरसात से भारी नुकसान हुआ है। आपदा के समय भाजपा प्रभावित लोगों के साथ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर प्रभावितों के बीच पहुंचकर राहत पहुंचाने का काम कर रहे हैं। भाजपा आपदा पर राजनीति नहीं करती। सरकार बिना कोई बहाना बनाए ईमानदारी से आपदा से निपटने का मार्ग प्रशस्त करें। रणधीर शर्मा ने कहा कि पिछले साल भी आपदा से काफी नुकसान



हुआ, लेकिन सरकार प्रभावितों तक राहत नहीं पहुंचा पाई थी। ये सरकार की विफलता है। सरकार ने पिछली आपदा से सबक नहीं लिया। बीते वर्ष आपदा के बाद विधानसभा सत्र में हुई चर्चा के बाद सर्वदलीय बैठक कर विशेषज्ञों के साथ बैठक कर सलाह लेने की दृष्टि से कोई प्रयास नहीं किया। राज्य सरकार ने संभावित आपदा से निपटने की कोई तैयारी नहीं की। अब आपदा प्रभावितों को राहत देने के साथ नुकसान की भरपाई में सरकार देरी न करें। केंद्र सरकार भी प्रदेश में प्रभावितों की सहायता के लिए तैयार हैं। रणधीर शर्मा ने निजी अस्पतालों में हिमकेयर योजना को बंद करने को लेकर घेरते हुए कहा कि राज्य सरकार सत्ता में आने के बाद लगातार जनविरोधी निर्णय ले रही हैं। 300 यूनिट बिजली मुफ्त बिजली देने की बात कही लेकिन 125 भी बंद कर दी। अब निजी अस्पतालों में हिमकेयर योजना को बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि 149 के करीब निजी हॉस्पिटल की 300 करोड़ की देनदारी सरकार पर बकाया है। अब योजना को लेकर गड़बड़ी की बात कह रहें हैं। गड़बड़ी के लिए सरकार जाँच करवाए। प्रदेश के कई सीमावर्ती दूरदराज क्षेत्रों के लोगों को सरकारी अस्पताल दूर पड़ते हैं ऐसे में योजना को बंद करना जनविरोधी हैं।

## दिल्ली सरकार का एक और वर्ल्ड क्लास स्कूल सुंदर नगरी में बनकर तैयार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुन्दर नगरी की जनता को दिल्ली सरकार की नई सौगात मिली है। सरकार का यहां आधुनिक सुविधाओं से लैस 120 कमरों वाला 5 मंज़िला स्कूल भवन लगभग बनकर तैयार है। मंगलवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने यहां निरीक्षण कर अंतिम चरण में चल रहे काम का जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय विधायक राजेंद्र पाल गौतम भी मौजूद रहे। आतिशी ने कहा कि इस शानदार नए स्कूल की बिल्डिंग किसी भी अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तरी-पूर्वी दिल्ली की घनी आबादी के बीच ये स्कूल 8000 बच्चों के लिए वर्ल्ड क्लास एजूकेशन का हब बनेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के गरीब से गरीब परिवार के बच्चे को सबसे शानदार शिक्षा दिलाना अरविंद केजरीवाल का विजन है। ये नया स्कूल इस सपने को पूरा करने का एक प्रयास है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बचा हुआ काम महीने भर में पूरा कर स्कूल छात्रों को समर्पित किया जाए। स्कूल और अंतिम चरण में हर बारीकी का खास ख़्याल रखा जाए। स्कूल की जमीन केजरीवाल सरकार के प्रयासों की बदौलत भूमाफि या के चंगुल से छुटवाई गई थी। जनवरी 2023 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने इसकी नींव रखी थी और अब यहां 5 मंजिला शानदार स्कूल भवन लगभग बनकर तैयार है। इस नए स्कूल से मंडोली, सबोली, सुंदर नगरी, बैंक कॉलोनी, हर्ष विहार, नंद नगरी इलाकों के स्कूलों पर छात्र का दबाव कम होगा। 120 कमरों वाला नया स्कूल स्मार्ट क्लासरूम्स, लाइब्रेरीज, शानदार लैब्स, एक्टिविटी रूम, लिफ्ट सहित तमाम अत्यधुनिक सुविधाओं से लैस है। शिक्षा मंत्री ने अधिकारीयों को निर्देश दिए कि महीने भर में स्कूल का बचा हुआ काम पूरा किया जाये और इसके लिए चेकलिस्ट तैयार की जाए। ताकि जल्द इसे दिल्ली के बच्चों को समर्पित किया जा सके। और अब जब निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में चल रहा है तो इसमें हर बारीकी का ध्यान रखा जाये।

## जीएसटी के मुद्दे पर इंडी गठबंधन के सांसदों ने संसद के मकर द्वार के बाहर प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** स्वास्थ्य व जीवन बीमा पर वस्तु सेवा व विनियम कर ( जीएसटी ) वापस लेने की मांग को लेकर इंडी गठबंधन के सांसदों ने आज संसद के मकर द्वार के बाहर प्रदर्शन किया। इसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए। इस मौके पर झामुमो सांसद महुआ माजी ने मीडिया से कहा, "मोदी सरकार बिना सोचे-समझे कुछ भी लागू करती है। अगर हेल्थ सेक्टर पर 18 फीसदी जीएसटी लगाया जाता है तो इससे सबसे ज्यादा प्रभावित मध्यम वर्ग होगा। यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक स्वास्थ्य क्षेत्र पर जीएसटी कम नहीं हो जाता।" कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, " सरकार ने 2047 तक सभी के लिए जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा की नीति की घोषणा की है। जीवन बीमा जैसी जरूरी चीज पर जीएसटी नहीं लगाया जा सकता। केरल को भी एक एम्स की जरूरत है। इसका वादा 2014 में किया गया था।" कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि यदि कोई व्यक्ति अस्वस्थ है या किसी दुर्घटना की चपेट में आकर जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है, उस पर कर लगाना लूट जैसा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने खुद पत्र लिखकर इन क्षेत्रों से जीएसटी वापस लेने की मांग की है।



## कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर विधानसभा से छह महीने के लिए निलंबित

**जयपुर ( हिंस )।** विधानसभा में भारी हंगामे के बीच मंगलवार को कांग्रेस विधायक (लाडनूं) मुकेश भाकर को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्रवाई को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके बाद विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। इससे पहले सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने भाकर को छह महीने के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे मंजूर कर दिया गया। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर को छह महीने के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि भाकर को पांच अगस्त को निलंबित करने के बाद सदन से चले जाना चाहिए था। अध्यक्ष ने उन्हें बार-बार सदन से जाने को कहा, लेकिन उन्होंने आदेशों की अवहेलना की। जब उन्हें बलपूर्वक बाहर भेजने का प्रयास किया, मार्शल बुलाए तो उन्होंने सुरक्षाकर्मियों के हाथ पर काट खाया, उनमें एक महिला सुरक्षाकर्मी थीं।

# बांग्लादेश के मुद्दे पर बसपा केंद्र सरकार के साथ : मायावती



**लखनऊ ( हिंस )।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश के मुद्दे पर वह केंद्र सरकार के साथ हैं। उन्होंने कहा कि सभी दलों का सरकार के साथ रहना जरूरी। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू मंदिर तोड़े जा रहें हैं, जो अच्छी बात नहीं है। मायावती ने एक्स पोस्ट में लिखा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश के तेजी से बदलते हुए राजनीतिक हालात के मद्देनजर आज की सर्वदलीय बैठक अति महत्वपूर्ण रही। सभी दलों द्वारा सरकार के फैसलों के साथ रहने का निर्णय उचित एवं जरूरी है। बसपा भी इस मामले में केंद्र सरकार के फैसलों के साथ है। उधर, मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि बांग्लादेश में जानबूझकर हिंदुओं को टारगेट किया जा रहा है। मंदिरों में तोड़फोड़ की जा रही है। हिंदुओं को बांग्लादेश छोड़कर जाने के लिए इस तरह की नारेबाजी की जा रही है, जो अच्छी बात नहीं है। मैं कल से यह देख रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वरिष्ठतम लोग बैठक कर रहे हैं, कोई न कोई ठोस रास्ता निकलेगा। कहीं भी पड़ोस में इस तरह के हालात हो तो यह शुभ संकेत नहीं है। अब बात तो यह निकलकर सामने आ रही है कि पाकिस्तान और चीन ने साजिश करके इस तरह की स्थिति पैदा की हैं, वहां के लोगों को बड़े धैर्य के साथ इन परिस्थितियों का सामना करना चाहिए। इसी में बांग्लादेश का हित है। आगे कहा कि जिन घटनाओं में पाकिस्तान शामिल रहेगा, स्वााभविक है हिंदू टारगेट पर रहेगा। सोमवार रात और सुबह बांग्लादेश में जो घटनाएं घटित हुई हैं उससे स्पष्ट हो रहा है कि ये बात वहीं तक सीमित नहीं है। पाकिस्तान और चीन भारत के प्रति कैसी मंशा रखती है ये दुनिया जानती है।

# आर्मी वाइव्स को सशक्त बनाने के लिए आवा का नवाचार



**जयपुर ( हिंस )।** आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (आवा) और सक्षम संचार फाउंडेशन ने आवा सदस्यों को सशक्त बनाने के लिए सप्तशक्ति ऑडिटोरियम, जयपुर मिलिट्री स्टेशन में एक नवाचार का शुभारंभ किया। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) जयपुर (राजस्थान) कर्नल अमिताभ शर्मा के अनुसार इस कार्यक्रम का उद्देश्य आवा सदस्यों को पत्रकारिता के क्षेत्र में सशक्त बनाना और आर्मी वाइव्स को वर्तमान डिजिटल तकनीक के माध्यम से प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। आवा और सक्षम संचार फाउंडेशन का यह संयुक्त प्रयास समाज में बदलाव लाने के लिए एक सराहनीय पहल है। इस पहल के तहत आर्मी पब्लिक स्कूल में 50 छात्रों को पहले ही इनोवेटिव जर्नलिज्म का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए कहानियां लिखना शुरू कर दिया है। यह पहल, विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए क्रांतिकारी साबित हो सकती है। इसका उद्देश्य भारत के आंतरिक भागों से कला, शिल्प, संस्कृति और भोजन तथा हस्तनिर्मित अद्‌भुत वस्तुओं की कहानियों को विश्व के साथ साझा करना तथा ब्रिलिएंट भारत की सफलता की पटकथा लिखना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों ने इस कार्यक्रम को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया। भावेश नामक एक छात्र ने कहा कि इस कोर्स ने मुझे आम जीवन में काफी बदलाव महसूस कराया है। मैंने खुद के ब्लॉग लिखना शुरू कर दिए हैं, जिन्हें अच्छा कोलैबोरेशन ऑफर मिल रहे है। कार्यक्रम का संचालन आर्मी पब्लिक स्कूल की छात्र महिमा राठौड़ ने किया। प्रशिक्षण के बाद मैंने कई नई चीजें सीखी हैं।

## लुटेरी दुल्हन घर से नकदी और जेवरात लेकर फरार

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर ग्रामीण जिले के गोविंदगढ़ थाना इलाके में शादी के पांच दिन बाद लुटेरी दुल्हन घर से नकदी और जेवरात लेकर फरार हो गई। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि दलालों ने पीड़ित को झूठे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी है। वहीं पांच लाख रुपए मांग रहे भी कर रहे है। इस संबंध में पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज कराया है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांनतु कुमार सिंह के अनुसार पीड़ित युवराज सामोता जाट ने गोविंदगढ थाने में शिकायत दी है कि 15 जुलाई 2024 को राधिका पुत्री विजेंद्र सिंह निवासी रुदावन, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) से दलाल रेखा कुमारी पत्नी सुबेसिंह और लीलाराम ने पांच लाख रुपए लेकर विवाह करवाया। इसके बाद बीस जुलाई को दुल्हन के पिता विजेंद्र सिंह ने उनके पिता भगवान सहाय को फोन कर कहा कि बेटी के घर जाकर सफाई करने का रिवाज है और 21 जुलाई को बुलाया गया। दुल्हन के परिजन घर आए और सफाई की और चले गए। 23 जुलाई को दुल्हन राधिका पीहर वालों से मिलने के बहाने अपने घर से चली गई। कुछ दिन बाद पत्नी को लेने वापस ससुराल गया तो वहां कोई नहीं था। सभी लोग फरार हो चुके थे। किसी का फोन भी नहीं लग रहा था। वहां से वापस घर लौटकर देखा तो सफाई के बहाने दुल्हन के परिवार वाले मां के जेवर और 50 हजार की नकदी ले गए थे। इसके बाद दलालों से संपर्क किया तो उन्होंने दुष्कर्म के झूठे आरोप लगाने की धमकी दी और 5 लाख रुपए की मांग की। जांच पड़ताल में पता चला कि आरोपित दुल्हन ने इसी प्रकार की घटनाओं को पहले भी भरतपुर और ढोढसर में अंजाम दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है और दोषियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

# चुनौतियों से भागे नहीं, उनका सामना करें विद्यार्थी : नरसी राम बिश्नोई

**हिसार ( हिंस )।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि नए आगंतुक विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय में आगमन एक नए अध्याय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी चुनौतियों से भागें नहीं, उनका सामना करें तथा चुनौतियों के निपटान में अपने शिक्षकों की मदद लें और विद्यार्थी अपना अध्याय स्वयं लिखें। प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के सौजन्य से विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में मंगलवार को इंटेग्रेटिड एमबीए व इंटेग्रेटिड एमकॉम के नव आगंतुक विद्यार्थियों के लिए शुरू हुए ओरिएंटेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रतिष्ठित उद्यमी पवनीश कुमार व विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का फायदा उठाएं तथा विश्वविद्यालय में जारी एनएसएस, एनसीसी, कल्चरल, सेमिनार व अन्य गतिविधियों में भी भाग लें। विश्वविद्यालय का हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक है। यह देश के उद्यमियों को तैयार करने का एक मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अपनी डिग्री के साथ-साथ विद्यार्थी विश्वविद्यालय में उपलब्ध दूरस्थ शिक्षा व ऑनलाइन कोर्स कर सकते हैं तथा अपने कौशल को विकसित कर रोजगार योग्य बना सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सफल विद्यार्थी जीवन व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने आयोजकों को भी इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना 29 वर्ष पहले महान पर्यावरणविद् गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के नाम पर हुई थी। गुरु जम्भेश्वर महाराज द्वारा स्थापित 29 सिद्धांतों का पालन यह विश्वविद्यालय करता है। 372 एकड़ में फैले इस विश्वविद्यालय में जहां स्थापना के समय केवल 18 पेड़ थे, वहीं अब विश्वविद्यालय में पांच हजार बड़े पेड़ लगे हुए हैं। विश्वविद्यालय में हर वर्ष 4000-5000 नए पौधे रोपित किए जाते हैं। हरियाणा सरकार की *एक पेड़ मां के नाम* स्कीम के तहत यह विश्वविद्यालय पर्यावरण संरक्षण में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने नव आगंतुक विद्यार्थियों से एक पौधा रोपित करने तथा उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि पवनीश कुमार ने भी नवआगंतुक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में आगमन के लिए बधाई दी।

# प्रदेश के विकास में भी सिख समाज का महत्वपूर्ण योगदान : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सिख धर्म हमें जीवन में सच्चाई, ईमानदारी और मेहनत को अपनाने की सीख देता है। यह सिद्धांत हमें आत्मनिर्भरता और कर्मठता का महत्व भी समझाता है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय द्वारा गुरुद्वारों में नि:शुल्क भोजन सेवा उनके सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रदेश के विकास में भी सिख समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिख समाज से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए आयोजित धन्यवाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु नानकदेव जी ने जात-पात और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया और सभी मनुष्यों को एक समान बताया। सिख धर्म में स्त्रियों और पुरुषों के बीच समानता पर भी जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह धर्म हमें दूसरों की रक्षा का पाठ भी पढ़ाता है। सिख योद्धाओं की वीरता और बलिदान इतिहास में अनमोल है। जब-जब भी देश पर आतातायियों का आक्रमण हुआ सिख समाज ने मजबूती के साथ उनका मुकाबला किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के बजट में हर वर्ग और हर क्षेत्र के लिए घोषणाएं की हैं। प्रदेश के धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी इस बजट में प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली बाईपास स्थित तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारा-जयपुर तथा बुड्ढा जोहड़ गुरुद्वारा-अनूपगढ़ में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं विकास कार्य करवाए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि सिख गुरुओं ने अपनी वाणी से समाज के वंचित और असहाय वर्ग की सेवा का संदेश दिया है। उनके संदेश को अपनाते हुए हमें आस-पास के ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक सरोकार में भागीदारी करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें प्रेरणा दी है। उनके द्वारा चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 7 अगस्त को प्रदेश में 1 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने सिख समाज के लोगों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का सम्मान करते हुए उन्हें पगढ़ी बांधी तथा गुरू गोविंद सिंह की तस्वीर व तलवार भेंट की। कार्यक्रम में विधायक गुरवीर सिंह सहित राज्य के विभिन्न गुरुद्वारों के प्रधान, जत्थेदार एवं सिख समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एसएस बाल सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया तीज उत्सव



**कैथल ( हिंस )।** स्थानीय चन्दाना गेट स्थित एसएस बाल सदन स्कूल में मंगलवार को तीज उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसएस सोसाइटी के चेयरमैन रविभूषण गर्ग एवं प्राचार्य राज रानी गर्ग ने की।तीज उत्सव में आकर्षण केंद्र के रूप छोटे छोटे बच्चों के द्वारा हरियाणवी परिधान में आना रहा। तीज के पावन अवसर पर मेहंदी प्रतियोगता, पतंग उड़ाओ, झूला झूलना, पतंग सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। चेयरमैन रविभूषण गर्ग ने कहां भारत त्यौहारों का देश है और प्रत्येक त्यौंहार कुछ विशेष संदेश देता। उन्होंने कहा कि विद्यालय का इस तरह के कार्यक्रम करने के पीछे उद्देश्य छात्रों को अपनी संस्कृति और त्योहारों से रूबरू करवाना हैं। इस अवसर पर हिमांशु गर्ग, श्रेया गर्ग, कुसुम बिंदलिश, सपना सिंगला, तृप्ता शर्मा, पूजा सोनी, मधु, मोनिका सहारन, सोनम, पूजा, सिमरन, सुनिता जांगड़ा, पूजा शर्मा, मनिता, सुषमा सैनी, दीपिका सैनी, पिंकी सैनी मौजूद रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान रिया कक्षा सातवीं व द्वितीय स्थान परी कक्षा आठवीं ने प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान यशिका सैनी कक्षा 12वीं व द्वितीय स्थान रिया कक्षा दसवीं ने प्राप्त किया। रंग भरो प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान आध्विक कक्षा तीसरी व द्वितीय स्थान डोली कक्षा दूसरी तथा जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान नव्या कक्षा चौथी व द्वितीय स्थान वंदना कक्षा पांचवी ने प्राप्त किया। मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली में प्राचार्य हरपाल सिंह की देखरेख में तीज महोत्सव मनाया गया। जाखोली अड्डा के राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल और किडजी स्कूल में भी तेज उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## किसानों को भड़काने वाला पंजाब भी दे किसानों को एमएसपी की गारंटी : वेद फुलां

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** प्रदेश में 24 फसलों को एसएसपी पर खरीदने को लेकर हरकोफैड के चेयरमैन वेद फुलां ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की और उनका आभार जताया। वेद फुलां ने किसानों के हित में कल्याणकारी घोषणाओं को धरातल पर लागू करने को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि किसानों को भड़काने वाले पंजाब को भी किसानों की फसल एमएसपी पर खरीदनी चाहिए। हरकोफैड के चेयरमैन वेद फुलां ने मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के बाद वेद फुलां ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों के प्रति संवेदनशील हैं। मुख्यमंत्री की घोषणाओं से किसानों को बड़ी राहत मिली है। इससे किसानों की आय और समृद्धता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने आबियाना कर माफ कर किसानों को बड़ी राहत दी है। फुलां ने कहा कि पंजाब की सरकार भोले भाले किसानों को बरगलाने का काम करती है। भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुना करने के उद्देश्य से नियम कानून लागू किए, लेकिन पंजाब सरकार ने स्वार्थ की राजनैतिक रोटियां सेंकी और पंजाब के साथ हरियाणा के किसानों को भी उकसाया तथा अराजकता का माहौल पैदा किया। हरियाणा सरकार के किसान हितैषी ऐतिहासिक फैसलों को देखते हुए अब पंजाब सरकार को भी सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने की घोषणा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान और हरियाणा के किसानों की सुध लेने का सबसे पहला काम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड की सौगात देकर किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोटों के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करती आई है, जबकि भाजपा सभी वर्गों का समान रूप से विकास कर रही है। भाजपा 10 वर्षों से अन्नदाताओं को सही मायने में समृद्ध बनाने का काम कर रही है।

# जयपुर एयरपोर्ट को मिला एक्सीड ग्रीन फ्यूचर अवार्ड




**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट को हाल ही में हैदराबाद में आयोजित पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा समर्थित 14वें एक्सीड ग्रीन फ्यूचर अवार्ड और कॉन्फ्रेंस 2024 में प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पर्यावरण के क्षेत्र में जयपुर एयरपोर्ट के उत्कृष्ट योगदान और अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं की सराहना के लिए दिया गया। जयपुर एयरपोर्ट को कृषि मंत्री (तेलंगाना) तुम्मला नागेश्वर राव और भारत में सीएसआर के जनक के रूप विख्यात डॉ. भास्कर चटर्जी द्वारा प्लेटिनम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पिछले दो वर्षों में जयपुर हवाई अड्डे ने पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है और अपने लक्ष्य को देश में 2070 तक नेट जीरो हासिल करने के लक्ष्य के साथ जोड़ दिया है। एयरपोर्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जयपुर एयरपोर्ट ने 2029 तक ऑपरेशनल नेट जीरो हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य लिया और दो साल के काम समय में जबरदस्त उपलब्धिया हासिल की। एयरपोर्ट पर पर्यावरण से संबधित सभी नियामक और सरकारी मानदंडों का 100 प्रतिशत अनुपालन किया जाता हैं। एयरपोर्ट ने बिचुन में 10 हेक्टेयर भूमि पर 4000 से अधिक पेड़ों का एक छोटा जंगल विकसित किया है। इसके अलावा पारंपरिक वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों से बदल दिया गया है और ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं।

# अतीक-अशरफ की कसारी मसारी में मिली 50 करोड़ की एक और संपत्ति



**प्रयागराज ( हिंस )।** माफिया अतीक-अशरफ की हत्या को 15 महीने हो गए, लेकिन उनके कारनामे अब भी सामने आ रहे हैं। पुलिस ने माफिया भाइयों की 50 करोड़ मूल्य की एक और संपत्ति खोज निकाली है। कसारी मसारी में स्थित 15, 550 वर्ग मीटर की यह जमीन सीलिंग की थी। डीसीपी नगर दीपक भूकर के नेतृत्व में एक टीम माफिया की अपराध से अर्जित संपत्ति यों पर कार्रवाई में जुटी है। जिसके क्रम में कसारी मसारी में बेशकीमती भूमि के संबंध में जानकारी मिली है। जमीन से जुड़े दस्तावेज खंगाले गए तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पता चला कि 15, 550 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली यह भूमि अतीक-अशरफ के नाम दर्ज है। महत्वपूर्ण यह है कि उक्त जमीन पूर्व में सीलिंग की थी, जो 2002 में माफिया भाइयों के नाम कर दी गई। बता दें कि 2002 में अतीक इलाहाबाद पश्चिमी विधानसभा सीट से विधायक था। पुलिस टीम ने जब उक्त भूमि का निरीक्षण किया तो पता चला कि माफिया व उसके परिजनों ने इस जमीन पर अपने घरेलू कर्मचारियों व जानने वालों को बसा दिया था। यहां हीरालाल अतीक के खेत में ट्रैक्टर चलाते थे। 1990 में एक्सीडेंट से मौत के बाद उसकी पत्नी व बेटा राजकुमार यहां रहकर डेरी का व्यवसाय करते हैं। एक व्यक्ति पंक्चर की दुकान चलाता मिला। पूछताछ में यह बात भी सामने आई कि अशरफ ने खड़े होकर इस जमीन की बाउंड्री कराई थी। डीसीपी नगर दीपक भूकर ने कहा है कि राजस्व अभिलेखों में यह भूमि अतीक-अशरफ के नाम पर दर्ज है। इस संबंध में राजस्व विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है। यदि संपत्ति अपराध से अर्जित होने संबंधी साक्ष्य मिलते हैं तो इसे गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया जाएगा।

# मानसिक शांति और संतुलन को बढ़ावा देता है योग : रितिका



**भागलपुर ( हिंस )।** मानसिक तनाव दुर्भाग्य से कई लोगों के जीवन का नियमित हिस्सा बन गया है। तनाव काम, रिश्ते और वित्तीय समस्याओं सहित विभिन्न माध्यमों से आ सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, तनाव इक्कीसवीं सदी की सबसे खराब स्वास्थ्य महामारी है। तनाव तन एवं मन दोनों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। उक्त आशय की जानकारी योग शिक्षिका रितिका केसर ने दी। उन्होंने बताया कि मानसिक तनाव प्रबंधन में योगाभ्यास की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन को भी बढ़ावा देता है। योग का अभ्यास तनाव के स्तर को कम करने और विश्राम को बढ़ावा देने में मदद करता है। मानसिक तनाव प्रबंधन में योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार, शारीरिक और मानसिक संतुलन में सकारात्मक सुधार, मन, शरीर और आत्मा के बीच एक संबंध का निर्माण, मानसिक शांति और एकाग्रता का बढ़ाना और अनिद्रा की समस्या दूर होती है। तनाव को कम करने एवं और शरीर को आराम देने के लिए अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, सुखासन, बालासन, शवासन और उत्तानासन चिंता, तनाव, उदासी, मानसिक अशांति जैसी समस्याओं को दूर करता है। उन्होंने बताया कि मानसिक तनाव प्रबंधन और योगाभ्यास के माध्यम से हम अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, और समय प्रबंधन के साथ योगाभ्यास को शामिल करने से मानसिक तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है। योग का नियमित अभ्यास शरीर में तनाव को दूर करने में मदद कर सकता है। फिर भी, इसे चिकित्सा या फिर दवा के बदले आजमाना उचित नहीं है, क्योंकि योगाभ्यास के परिणाम एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भिन्न हो सकते हैं।

# बांग्लादेश में हुए हिंसा के बाद भारत बांग्लादेश की सीमा पर बढ़ाई गई चौकसी



**किशनगंज ( हिंस )।** बांग्लादेश में हुए हिंसा बाद भारत बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ के जवान अलर्ट मोड पर हैं। जवान सीमा पर मुस्तैदी से डटे हैं। बीएसएफ 24 घंटे सीमा पर सतर्कता बरत रही है। सीमा पर हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। बीएसएफ के वरीय अधिकारी भारत-बांग्लादेश सीमा पर पहुंचकर हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। साथ ही सीमा पर लगातार निगरानी बरती जा रही है। बीएसएफ के वरीय अधिकारी सीमा पर पहुंचकर जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर हुए हिंसा के बाद सोमवार दोपहर को प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया और सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। शेख हसीना बांग्लादेश से देर शाम भारत पहुंच चुकी है जहां से लंदन जाने की संभावना जताई जा रही थी। जिसके बाद सीमा पर सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से सतर्कता बरती जा रही है। बीएसएफ के अधिकारी देर रात से ही बॉर्डर पर पहुंच कर सीमा के हालात का जायजा ले रहे है। बताया जाता है की बीएसएफ के अधिकारियों से लेकर जवानों को सतर्कता बरते जाने का निर्देश दिया गया है। वही भारत-बांग्लादेश सीमा किशनगंज जिला मुख्यालय से बिलकुल करीब है। जिले की सीमा से बंगाल की सीमा लगती है। उसके ठीक बाद भारत-बांग्लादेश की सीमा लगती है। ऐसे में यह क्षेत्र सुरक्षा के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे लेकर स्थानीय पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी अपनी ओर से एहतियातन सतर्कता बरत रही है।

संपादकीय

# आपदा में खड़ा हिमाचल

**यहां** बादल का फटना एडवाइजरी बन जाता है, क्योंकि हम आपात की स्थिति में ही तैनात हैं। गुरुवार के दिन बादल, बरसात और बाढ़ बता रही थी कि इस विपदा की घड़ी में कौन मौजूद है। कल का दिन मुआयना कर गया कि हम किस दौर के राहत काल में हैं। हमने राहत के पहरुआ बने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सरोकार देखे, सरकार का व्यवहार और प्रशासन का कदमताल देखा। दिल्ली से आती हुई घंटियां मुख्यमंत्री कार्यालय के फोन ने सुनीं। गृहमंत्री अमित शाह ने बाकायदा जायजा लिया स्थिति का, तो राहुल गांधी ने सरकार को तुजुर्बा दिया। चिंताओं से ग्रस्त जगत प्रकाश नड्डा की पावती आई, तो कहीं बीच में चंबा का दौरा छोड़ मंत्री विक्रमादित्य सिंह बाढग़्रस्त दुरुह क्षेत्रों की ओर निकल गए। गुजरती बाढ़ से ही संवेदना का आगमन कष्ट देख रहा है, सिसकियां सुन रहा है और कहीं व्यक्तिगत योगदान के नए मुहावरे गढ़ रहा है, लेकिन इसी बीच जिनके फोन आते हैं-खत नहीं आते, क्या कहें। आश्चर्य है कि आपदा में खड़ा हिमाचल अपनी ही एक सांसद से गुजारिश कर रहा है कि इस वक्त राज्य उनके लायक नहीं है। उनके पांव में छाले न पड़ जाएं, कहीं रुह कांप न जाए और कहीं उन्हें मालूम न हो जाए कि पहाड़ किस तरह ऐसे हादसों से रू-ब-रू होता है। मोहतरमा कंगना रनौत की निजी जिंदगी के आराम बतौर सांसद, जनप्रतिनिधित्व के दायित्व को हराम कर सकते हैं, यह वह खुद सोशल मीडिया को बता रही हैं। इस तरह वह हिमाचल की पीड़ा को निम्न स्तर पर पहुंचाती हुई कहती हैं कि उन्हें सलाह मिली है कि आपदाग्रस्त संसदीय क्षेत्र में फिलवक्त न आएं। कोई बात नहीं, हम खुद ही खुद को दुरुस्त करते हैं, ताकि एक सांसद के सामने लाल कालीन बिछा कर स्वागत कर सकें। मंडी की सांसद का बयान उनकी साफगोई की वजह से उन्हें निर्दोष करार दे सकता है, लेकिन लापता हुए लोगों-तैरती हुई लाशों व गुम होते रिश्तों का भी कोई दोष नहीं। दोष तो हिमाचल सरकार का न पिछले साल था और न ही इस साल है। दोष पिछले साल बरसात से हुई दस हजार करोड़ के नुकसान या इतनी राहत राशि मांग कर हिमाचल का नहीं था। हम नहीं चाहते कि कंगना को बतौर सांसद हिमाचल आने में कोई दिक्कत हो, लेकिन यह जरूर चाहते हैं कि वह प्रदेश के हक में जुबान खोलें। हम पिछले साल और इस साल हुए नुकसान का अनुमान बना कर उन्हें भेज दें, वह कृपया राहत दिलाकर आजादी का एहसास और एहसान कराएं। बहरहाल अब सवाल हर सांसद से भी है कि पिछली राहत की टांगें क्यों टूटीं और इस बार बात फोन से आगे राहत की जुबां में होनी चाहिए। ऊंचे संबोधनों की कोई लागत नहीं होती, लेकिन जमीं पर चलने के लिए खून खर्चीला हो गया। गुमसुम है माहौल क्योंकि, साहब को यकीं नहीं है। इन बादलों का पता हो सकता है किसी को मालूम नहीं, लेकिन जमीन को मालूम है कि उसने खुद को खोया कितना है। हम आपदा को महोत्सव बना कर नहीं खेल सकते और दर्द को केवल उछाल नहीं सकते। मरहम लगाने के लिए हाथ खोलने और राहत का स्पर्श देने के लिए कदम उठाने पड़ेंगे। हिमाचल से लोकसभा व राज्यसभा के समस्त भाजपा सांसदों का फर्ज यह नहीं कि राज्य का हालचाल पूछने के लिए मुख्यमंत्री को केवल फोन कर दें, बल्कि आपदा की सूचना प्रधानमंत्री तक पहुंचानी है। आखिर संसदीय क्षेत्र में भी प्रदेश का दर्द जब बहता है, तो दायित्व की राष्ट्रीय संवेदना को ही एहसास होना चाहिए। अब राहत का पैकेज जिस दिल, क्षमता और संवेदना से चाहिए, वह दिल्ली को बताना पड़ेगा जहां हिमाचल के प्रतिनिधि ये सांसद हैं।

हमने राहत के पहरुआ बने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सरोकार देखे, सरकार का व्यवहार और प्रशासन का कदमताल देखा। दिल्ली से आती हुई घंटियां मुख्यमंत्री कार्यालय के फोन ने सुनीं। गृहमंत्री अमित शाह ने बाकायदा जायजा लिया स्थिति का, तो राहुल गांधी ने सरकार को तुजुर्बा दिया। चिंताओं से ग्रस्त जगत प्रकाश नड्डा की पावती आई, तो कहीं बीच में चंबा का दौरा छोड़ मंत्री विक्रमादित्य सिंह बाढग़्रस्त दुरुह क्षेत्रों की ओर निकल गए। गुजरती बाढ़ से ही संवेदना का आगमन कष्ट देख रहा है, सिसकियां सुन रहा है और कहीं व्यक्तिगत योगदान के नए मुहावरे गढ़ रहा है, लेकिन इसी बीच जिनके फोन आते हैं-खत नहीं आते, क्या कहें। आश्चर्य है कि आपदा में खड़ा हिमाचल अपनी ही एक सांसद से गुजारिश कर रहा है कि इस वक्त राज्य उनके लायक नहीं है। उनके पांव में छाले न पड़ जाएं, कहीं रुह कांप न जाए और कहीं उन्हें मालूम न हो जाए कि पहाड़ किस तरह ऐसे हादसों से रू-ब-रू होता है। मोहतरमा कंगना रनौत की निजी जिंदगी के आराम बतौर सांसद, जनप्रतिनिधित्व के दायित्व को हराम कर सकते हैं, यह वह खुद सोशल मीडिया को बता रही हैं।

### चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई

# आरक्षण के भीतर आरक्षण की व्यवस्था का अहम फैसला

ललित गर्ग

न्यायालय के इस तरह के फैसले मिसाल ही नहीं, मशाल बन कर सामने आ रहे हैं, जिससे राष्ट्र की विसंगतियों एवं विडम्बनाओं से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित हो रही है। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है। क्योंकि बड़ा सच यह है कि ओबीसी समाज की तरह एससी-एसटी समुदाय में भी कई जातियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति न केवल कहीं कमजोर है, बल्कि उन्हें अपने ही वर्ग की अन्य जातियों से भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता।

**सुप्रीम** कोर्ट ने अनुसूचित जातियों-जनजातियों यानी एससी-एसटी समुदाय में आरक्षण के भीतर आरक्षण का रास्ता साफ करके आरक्षण की व्यवस्था को तार्किक, न्यायसंगत, समानतापूर्ण बनाने का सराहनीय कार्य किया है। न्यायालय के इस तरह के फैसले मिसाल ही नहीं, मशाल बन कर सामने आ रहे हैं, जिससे राष्ट्र की विसंगतियों एवं विडम्बनाओं से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित हो रही है। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है। क्योंकि बड़ा सच यह है कि ओबीसी समाज की तरह एससी-एसटी समुदाय में भी कई जातियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति न केवल कहीं कमजोर है, बल्कि उन्हें अपने ही वर्ग की अन्य जातियों से भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। यह भी एक तथ्य है कि एससी-एसटी समुदाय में कई जातियां ऐसी हैं, जिन्हें आरक्षण का न के बराबर लाभ मिला है। ऐसा इसीलिए हुआ है, क्योंकि आरक्षण का अधिक लाभ इन वर्गों की अपेक्षाकृत समर्थ जातियां उठाती हैं। यही स्थिति ओबीसी में है। कई अति पिछड़ी जातियों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचा है। राजनीतिक एवं संवैधानिक विसंगतियों के कारण ऐसा होता रहा है।

सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह-एक के बहुमत से एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधानसम्मत बताया, वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई, जैसी ओबीसी आरक्षण में है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले से 2004 के पांच सदस्यीय संविधान पीठ के फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि एससी-एसटी समुदाय एक जैसा है और उनकी विभिन्न जातियों में कोई भेद नहीं किया जा सकता। यह वस्तुस्थिति नहीं थी, इस विसंगति को सुधार कर सुप्रीम कोर्ट ने न्यायसंगत उपक्रम किया है। अब राज्यों एवं केन्द्र सरकार को बहुत सावधानी से कदम उठाने होंगे। इस ताजे फैसले के बाद अनेक राज्यों में जातिगत गणना की होड़ शुरु हो सकती है एवं राजनीति दलों में आरक्षण का मुद्दा नये आक्रामक रूप में उभर सकता है। लेकिन एक आदर्श समता, समानता एवं संतुलनमूलक समाज-



व्यवस्था को निर्मित करने की दिशा में कोर्ट का यह फैसला अहम है।

संविधान पीठ के अनुसार, आरक्षण का मुख्य मकसद आर्थिक और सामाजिक समानता लाना है, पर इसके लिए शहर और गांव की सामाजिक हकीकत में अंतर के साथ आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखना जरूरी है। एससी समुदाय में भी दो बड़े वर्ग है, जिनमें गहरा फासला है। बड़े अफसरों और बड़े वकीलों के बच्चों की तुलना में मैला ढोने वाले बच्चों से करना कैसे न्यायसंगत हो सकता है? इसलिए पीछे रह गई जातियों को मुख्यधारा में लाने के लिए ओबीसी की तर्ज पर एससी में भी कोटे के भीतर कोटे को न्यायाधीशों ने सांविधानिक माना है। आज के समय में इस फैसले की जरूरत को समझा जा सकता है, लेकिन समस्या यह है कि देश में 140 करोड़ जनसंख्या की सामाजिक स्थिति और आर्थिक हैसियत के आंकड़े स्पष्ट तौर पर उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में जनसंख्या के आधार पर आनुपातिक आरक्षण की मांग बढ़ने से सामाजिक और राजनीतिक विद्वेष बढ़ सकता है। क्या इस फैसले से राज्यों में मनमानी बढ़ सकती है? अब नौजवानों से जुड़े अनेक मुद्दों जैसे रोजगार, कोचिंग, अग्निवीर, नीट, इंटर्नशिप, नकल और शिक्षा पर बहस के बीच इस फैसले से क्रीमीलेयर का मुद्दा फिर गरमा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण करने का अधिकार राज्य सरकारों को भी दे दिया है। इस अधिकार का दुरुपयोग होने की आशंका भी है, क्योंकि सत्तारूढ़ राजनीतिक दल वोट बैंक बनाने के लालच में एससी-एसटी जातियों का मनमाना उपवर्गीकरण कर सकते हैं। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि आरक्षण सामाजिक न्याय का जरिया है, न कि वोट बैंक की राजनीति का हथियार। वैसे भी अब तक देश में आरक्षण वोट बैंक को सुदृढ़ बनाने का हथियार बना रहा है और राजनीतिक दल इसका अनुचित लाभ उठाते हुए अपेक्षित समुदायों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचने दिया।

सुप्रीम कोर्ट के नये फैसले के बाद स्थितियां उग्र एवं आक्रामक होने के साथ प्रभावी भी होगी। इसलिये अब आरक्षण का कई पहलुओं से मूल्यांकन जरूरी हो गया है। वैसे फैसले में साफ कर दिया गया है कि किसी भी तरह का उप-वर्गीकरण स्पष्ट और भरोसेमंद डेटा के ही आधार पर ही किया जा सकता है। देखा जाए तो इस शर्त के जरिए फैसले का संकीर्ण एवं स्वार्थपूर्ण राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने की संभावित कोशिशों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है। एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांग, महिला, ईडब्ल्यूएस जैसी सभी वर्गों के आरक्षण को जोड़ा जाए, तो 99 फीसदी आबादी आरक्षण के दायरे में आ जाती है। चारों राज्यों में होने वाले चुनावों के मद्देनजर देखें, तो इस फैसले के बाद आरक्षण की राजनीति के साथ अदालतों में मुकदमेबाजी भी बढ़ सकती है, जिसका समाधान सूझबूझ एवं लोकतांत्रिक तरीके से करना होगा। अनुच्छेद-19 के तहत नागरिकों को पूरे देश में व्यवसाय और रोजगार का अधिकार है, इसलिए आरक्षण के माध्यम से न्याय और समानता स्थापित करने के लिए जातियों के व्यापक वर्गीकरण की राष्ट्रीय नीति को न्यायिक मान्यता देनी पडे़गी। आरक्षण के बावजूद अपेक्षित लोगों को इसका लाभ न मिलना संवैधानिक एवं राजनीतिक विसंगति का प्रमाण है। ताजे फैसले के बाद राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग में भी आरक्षण के लिए अलग-अलग श्रेणियां बना सकती हैं। इस फैसले के बाद इन वर्गों में हाशिए पर पड़ी जातियों को आरक्षण का फायदा मिलने की उम्मीद जगी है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि यह बात भी लगातार उठाई जा रही थी कि समुचित अवसर नहीं मिलने के कारण आरक्षित एससी-एसटी वर्ग में भी ऐसी कई जातियां हैं जो सामाजिक और आर्थिक तौर पर पिछड़ेपन से उबर नहीं पा रही हैं। आरक्षण के बावजूद भूमिहीन एवं निर्धन लोगों की स्थिति आज भी दयनीय एवं असंतुलित है।

दृष्टि कोण

# सारे पहाड़ी भारत में भूस्खलन का खतरा

**इसरो** द्वारा गत वर्ष तैयार भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील देश के 147 जिलों के मानचित्र में हिमालयी राज्यों में उत्तराखण्ड को सर्वाधिक और दक्षिण में केरल को दूसरे नम्बर पर संवेदनशील दर्शाया गया था। मानचित्र में उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग और टिहरी समेत सभी 13 जिले भूस्खलन के लिये संवेदनशील बताये गये थे। उसी मानचित्र में केरल के सभी 14 जिलों को भी संवेदनशील माना गया था, जिनमें केरल के थ्रिसूर को तीसरे, पालाक्काड पांचवें, मालपापुरम सातवें, कोजिकोडा दसवें और वायनाड को 13वें नम्बर पर रखा गया था।

वैज्ञानिक अध्ययन का नतीजा पिछले साल हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में देख चुके थे। अब इसरो की भविष्यवाणी केरल में 30 जुलाई की प्रातः सामने आ गयी। अगर वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और विशेषज्ञ संस्थानों की चेतावनियों की अनदेखी करते रहेंगे तो इसी तरह के भयावह हादसों का इंतजार करना पड़ेगा। पश्चिमी घाट और हिमालयी राज्यों में भूस्खलन का जोखिम अवश्य ही प्राकृतिक है जिसे हम दूर नहीं कर सकते लेकिन यह जोखिम मानवीय कारकों के कारण काफी बढ़ गया है।

भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग की 2001 की रिपोर्ट पर गौर करें तो उस समय केरल में 11,772 सघन वन और 3,788 खुले वन थे। नवीनतम वर्ष 2021 की रिपोर्ट में राज्य में 1,944 वर्ग किमी अति सघन, 9,472 वर्ग किमी सामान्य सघन और 9,837 खुले वन दिखाये गये हैं। नवीनतम रिपोर्ट के सघन वनों की दोनों श्रेणियों को जोड़ा जाये तो वह 11,416 वर्ग किमी बनता है। जबकि 2001 में राज्य में कुल 11,772 वर्ग किमी सघन वन थे। इस तरह राज्य में दो दशकों में 356 वर्ग किमी सघन वन गायब हो गये।



वर्ष 2019 की रिपोर्ट की तुलना में भी 2 साल के अन्दर ही केरल में 36 वर्ग किमी सघन वन घट गये और खुले वनों का आकार 136 वर्ग किमी बढ़ गया। सघन वन धरती की एक प्राकृतिक छतरी होते हैं जो कि बारिश की तेज बूंदों को तो थामती ही है, साथ ही उन वृक्षों की जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती हैं जिससे भूस्खलन रुकता है। भूस्खलन पहाड़ी क्षेत्रों में ही होता है, इसीलिये हिमालयी राज्यों के साथ ही पश्चिमी घाट से संबंधित कर्नाटक, तमिलनाडू, महाराष्ट्र, गोवा और गुजरात के पहाड़ी क्षेत्रों को भूस्खलन के लिये अधिक संवेदनशील माना गया है। केरल के 14 में से 10 जिले पहाड़ी हैं जहां 16,959 वर्ग किमी क्षेत्र में वन हैं। इन वनों में 15,49 वर्ग किमी अति सघन, 7,212 वर्ग किमी सामान्य सघन और 7,212 वर्ग किमी खुले वन हैं। वनों का ह्रास इन्हीं पहाड़ी जिलों में हो रहा है।

वायनाड का नवीनतम भूस्खलन केरल की कोई नयी त्रासदी नहीं है। यहां भूस्खलनों के लिये प्राकृतिक कारण तो अवश्य हैं मगर इसके लिये मानवीय कारण भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। सन् 2001 में कोट्टायम जिले में भी एक बड़े भूस्खलन में कई लोग मारे गए और व्यापक क्षति हुई थी। मानसून के मौसम में, इडुक्की जिले और अन्य क्षेत्रों में भूस्खलन के कारण जान-माल के नुकसान के उदाहरण मौजूद हैं। सन् 2018 की बाढ़ के साथ राज्य भर में कई भूस्खलन हुए। उस समय खासकर इडुक्की, वायनाड और मलप्पुरम के पहाड़ी जिलों में भारी नुकसान हुआ था। इसी तरह 2019 में भी विभिन्न जिलों में भीषण भूस्खलन हुआ। उस समय वायनाड में पुथुमाला और मलप्पुरम में कवलप्पारा जैसे इलाके गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे। अगस्त, 2020 में इडुक्की जिले के पेट्टीमुडी इलाके में एक भयावह भूस्खलन हुआ, जिसमें कम से कम 66 लोग मारे गए।

केरल में मानसून के मौसम में भारी और तीव्र वर्षा होती है जिससे मिट्टी की धारण क्षमता कमजोर होने से भूस्खलन होता है। कोचीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीयूएसएटी) में वायुमंडलीय राडार अनुसंधान केन्द्र के एक अध्ययन के अनुसार अरब सागर के गर्म होने से घने बादल तंत्र बन रहे हैं, जिससे केरल में कम समय में ही अत्यधिक भारी वर्षा हो रही है और भूस्खलन की संभावना बढ़ रही है। अध्ययन में कहा गया है कि वर्षा की तीव्रता में वृद्धि मानसून के मौसम में पूर्वी केरल में पश्चिमी घाट के उच्च से मध्य-भूमि ढलानों में भूस्खलन की संभावनाएं बढ़ रही हैं। वनों को कृषि और शहरी क्षेत्रों में बदलने से मिट्टी को स्थिर करने में मदद करने वाला प्राकृतिक वनस्पति आवरण कम हो रहा है।

कुछ अलग

# आरक्षण के उप-वर्गीकरण

**अनुसूचित** जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के आरक्षण में ही आरक्षण के उप-वर्गीकरण पर 7 न्यायाधीशों की संविधान पीठ का फैसला सामाजिक न्याय के लिए 'मील का पत्थर' साबित हो सकता है। मंडल के बाद यह दूसरा ऐतिहासिक फैसला है। 'मील का पत्थर' तभी साबित हो सकता है, जब क्रीमीलेयर वाला फैसला लागू किया जाएगा। आरक्षण में उप-वर्गीकरण का अधिकार राज्य सरकारों को दिया गया है। यह अभी तक राष्ट्रपति के पास ही सुरक्षित था। संसद में ही प्रस्ताव पारित कर, किसी भी जाति को, आरक्षण के दायरे में लाया जा सकता था अथवा जाति को आरक्षण से बाहर भी किया जा सकता था। बहरहाल वह अधिकार यथावत रहेगा, लेकिन एससी और एसटी अपने आरक्षण के कोटे में, दबी-कुचली, पिछड़ी, विपन्न जातियों का, उप-वर्गीकरण कर सकेंगे। फिलहाल दलित और आदिवासियों को शिक्षा और नौकरियों में क्रमशः 15 फीसदी और 7.5 फीसदी आरक्षण हासिल है। संविधान पीठ के दो कथन महत्वपूर्ण हैं। एक, एससी-एसटी के कोटे में कुछ जातियों का उप-वर्गीकरण करने से संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 341 का उल्लंघन नहीं होता। समानता का सिद्धांत यथावत रहेगा। दूसरे, आरक्षण एक पीढ़ी तक सीमित कर देना चाहिए। यदि पहली पीढ़ी आरक्षण का लाभ लेकर उच्च स्थिति तक पहुंच गई है, तो दूसरी पीढ़ी को आरक्षण का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई ने एससी-एसटी पर भी, ओबीसी की तरह, 'क्रीमीलेयर' लागू करने की बात कही है। यह विवादास्पद मुद्दा बन सकता है। आरक्षण के आधार पर जो दशकों से राजनीति करते आ रहे हैं अथवा आरक्षण के कारण ही राजस्थान की एक खास जाति में पीढ़ी-दर-पीढ़ी आईएएस अफसर बनते रहे हैं, वे अपने हिस्से को बंटने क्यों देंगे? संविधान-निर्माता बाबा अंबेडकर के पौत्र प्रकाश अंबेडकर ने संविधान पीठ के फैसले की आलोचना की है और इसे 'सामाजिक पूर्वाग्रह' करार दिया है। उनकी आशंका है कि दलितों का कोटा कम होने लगेगा। बहरहाल संविधान पीठ ने कहा है कि सरकार को एससी-एसटी श्रेणी के बीच 'क्रीमीलेयर' की पहचान करने और उन्हें आरक्षण के दायरे से बाहर करने की नीति जरूर तैयार करनी चाहिए। यह अवधारणा भी स्पष्ट होनी चाहिए। ओबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण उनकी सालाना आय के आधार पर तय किया जाता है। क्रीमीलेयर की सीमा 8 लाख रुपए सालाना है। यानी करीब 67,000 रुपए महीना। यह वर्ग विपन्न कैसे हो सकता है? दूसरी ओर वे भारतीय भी हैं, जो 375 रुपए रोजाना कमाने में भी असमर्थ हैं। बेहतर होता कि क्रीमीलेयर पर भी न्यायिक फैसला सुनाया जाता। बहरहाल फैसले के जोखिम भी सामने आने लगे हैं। पर्याप्त संभावना है कि एससी-एसटी अब एक समूह नहीं रह जाएगा। उनके भीतर ही अलग-अलग वर्ग खड़े हो जाएंगे और फिर उनसे जुड़ी नई राजनीति उबलने लगेगी। केंद्र सरकार में ही एनडीए की सहयोगी लोजपा (रामविलास) ने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है, ताकि एससी-एसटी वर्ग में भेदभाव न हो और वे कमजोर न पड़ें। चूंकि इसे राज्य लागू कर सकेंगे, लिहाजा यह सवाल मौजू है कि कब तक यह निर्णय लागू किया जा सकेगा। एससी-एसटी की गणना उपलब्ध है, लिहाजा जातीय जनगणना अनिवार्य नहीं है। राज्य सरकारें विशेषज्ञ-पैनल बना सकती हैं। वे शोध और डाटा के जरिए बताएंगे कि कौनसी जाति सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक तौर पर पिछड़ी है और उन्हें आरक्षण के दायरे में लाना बहुत जरूरी है। पीठ ने 2004 में 'ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र' वाले मामले में दिए गए फैसले को रद्द कर दिया है।

देश दुनीया से

# भ्रष्टाचार पर कानून बनाने में लापरवाही

देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2018 में एक जनहित रिट याचिका पर आदेश दिया था कि चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशियों के अलावा उनके परिवार के लोगों की सम्पत्ति और आय के स्त्रोतों की जानकारी देने के लिए केंद्र सरकार कायदे-कानून बनाए। करीब 6 साल बीतने के बावजूद केंद्र सरकार इस आदेश की पालना करने में विफल रही। इस पर केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना कार्रवाई को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विपक्षी दलों के नेताओं को भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। प्रधानमंत्री मोदी सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर कटाक्ष किया था।

**विपक्षी** दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाली केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जनप्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार रोकने के लिए कानून बनाने में नाकाम रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई को लेकर याचिका को स्वीकार कर लिया है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2018 में एक जनहित रिट याचिका पर आदेश दिया था कि चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशियों के अलावा उनके परिवार के लोगों की सम्पत्ति और आय के स्त्रोतों की जानकारी देने के लिए केंद्र सरकार कायदे-कानून बनाए। करीब 6 साल बीतने के बावजूद केंद्र सरकार इस आदेश की पालना करने में विफल रही। इस पर केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना कार्रवाई को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विपक्षी दलों के नेताओं को भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। प्रधानमंत्री मोदी सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर कटाक्ष किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गुट को भ्रष्ट लोगों का जमावड़ा बताया था। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा था कि विपक्षी नेता नोटों के बंडलों के साथ रंगे हाथों पकड़े जा रहे हैं। झारखंड और बंगाल में ऐसे मामले उजागर हो रहे हैं। वे दिल्ली की जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि राजनीति में बदलाव के लिए आए लोगों ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। पीएम ने कहा था कि शराब घोटाला हो या नेशनल हेराल्ड घोटाला, भ्रष्टाचारियों से एक-एक पैसा वसूला जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। जिसने भी लूट की है, उसे जनता का पैसा वापस करना होगा।

हम इस पर कानूनी राय लेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी भ्रष्ट लोगों के धन का एक्सरे करेंगे। जिन्होंने लूट की है, उन्हें जेल जाना होगा। इतना ही नहीं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना एनडीए सरकार का एक मिशन है, न कि चुनावी लाभ का मामला। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार और काले धन पर और अधिक कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए कहा कि सरकार ने जांच एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए पूरी आजादी दे दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्रवाई में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पहले आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ सबूतों के साथ गंभीर आरोप लगाने और बाद में लोकसभा चुनाव लडऩे के लिए उसके साथ गठबंधन करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बिना किसी झिझक के यह कहना चाहता हूं और देशवासियों को भी बताना चाहता हूं कि मैंने एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की पूरी आजादी दी है। सरकार कहीं भी हस्तक्षेप नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें (जांच एजेंसियों को) ईमानदारी के लिए ईमानदारी से काम करना चाहिए। भ्रष्टाचार में लिप्त कोई भी व्यक्ति कानून से बच नहीं पाएगा। यह मोदी की गारंटी है। विपक्षी सदस्यों के इस आरोप का जिक्र करते हुए कि सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, प्रधानमंत्री मोदी ने दिवंगत मुलायम सिंह यादव जैसे विपक्षी नेताओं के बयानों का हवाला दिया, जिन्होंने यूपीए सरकार पर उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी कहा कि यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता करार दिया था। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों पर आरोप लगाए गए हैं। कहा गया है कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप शराब घोटाला करती है, आप भ्रष्टाचार करती है, आप बच्चों के लिए कक्षाएं बनाने में घोटाला करती है, आप पानी घोटाला भी करती है, कांग्रेस आप के खिलाफ शिकायत करती है।

कांग्रेस आप को अदालत में घसीटती है और अगर कार्रवाई होती है तो वे मोदी को गाली देते हैं। इन आरोपों के जवाब में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के दलों का कहना था कि भाजपा जिन नेताओं पर करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाती है, बाद में उन्हें ही अपनी पार्टी में शामिल करवा कर केस वापस ले लेती है। भाजपा के पास ऐसी वॉशिंग मशीन है, जिसमें 10 साल पुराना केस भी डालो तो आरोपी बेदाग होकर निकलता है। कांग्रेस ने विपक्ष के ऐसे 51 मामलों को गिनवाया जिन पर कार्रवाई चल रही है। इसके अलावा उन्होंने 20 केस ऐसे गिनाए, जिनमें भाजपा और उसकी सहयोगी दल के नेताओं पर केस दर्ज हैं।

आप का नजरीया

# प्रदर्शन हो आर्थिक पुरस्कार का मानक

**इसमें** दो राय नहीं कि खेलों के विकास के लिये वर्ष 2016-17 में केंद्र सरकार द्वारा लायी गई योजना 'खेलो इंडिया' खेलों के विकास की दृष्टि से एक अभिनव योजना थी। जिसका मकसद था कि देश भर में खेलों में सामूहिक भागीदारी बढ़ाने के साथ खेलों की उत्कृष्टता को भी संबल मिले। जिसके मूल में मकसद यह भी था कि देश में खेलों के बुनियादी ढांचे के निर्माण व उन्नयन में मदद मिले। जिसको लेकर केंद्र सरकार का दावा था कि यह योजना खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में उच्चस्तरीय प्रदर्शन के लिये प्रेरित करेगी। निश्चित रूप से देश के कई राज्य राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करने के मामले में दूसरे राज्यों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर भी रहे हैं। लेकिन इस योजना की सफलता तभी तार्किक हो पाएगी जब आर्थिक सहायता खिलाड़ियों के प्रदर्शन और सफलता के आधार पर तय होगी। जैसे कि देश में विभिन्न उद्योगों में स्वस्थ प्रतियोगिता विकसित करने के लिये उद्योगों की सफलता का मानक उत्पादन का स्तर तथा गुणवत्ता होती है। कमोबेश खेलों में भी स्वस्थ स्पर्धा को बढ़ाने के लिये इस तर्ज पर आर्थिक सहायता दिये जाने की उम्मीद की जाती रही है। कहने का अभिप्राय यह है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों को आर्थिक रूप से पुरस्कृत किया ही जाना चाहिए। फिलहाल देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी वर्षों के अभ्यास व कड़ी मेहनत के बाद पेरिस ओलंपिक में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसी बीच केंद्र की खेलो इंडिया योजना के तहत खेलों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिये राज्यों को आवंटित धन को लेकर एक अप्रिय विवाद खड़ा हो गया है। निश्चित रूप से यह अप्रिय विवाद उठने का समय असंगत है। निश्चित रूप से पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिये संघर्ष कर रहे खिलाड़ियों के मनोबल पर इसका धनात्मक प्रभाव तो नजर नहीं ही आएगा। दरअसल, कांग्रेसी नेतृत्व वाले मुखर विपक्ष और कुछ खेल पंडितों का आरोप है कि राज्यों को आर्थिक राशि वितरण में भेदभाव किया गया है। आरोप है कि केंद्र ने हरियाणा-पंजाब जैसे राज्यों के साथ भेदभाव किया है। दलील है कि पेरिस ओलंपिक में भाग लेने गये भारतीय खिलाड़ियों के दल में संख्या के हिसाब से पांचवां हिस्सा हरियाणा से है। लेकिन राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं मे धूम मचाने वाले हरियाणा के हिस्से में खेलो इंडिया योजना के तहत महज 66.6 करोड़ रुपये ही आए हैं। वहीं दूसरी ओर गुजरात, जिसके चुनिंदा खिलाड़ी ही पेरिस ओलंपिक में खेलने गए हैं, उसे खेलो इंडिया योजना के तहत 426 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई। उत्तर प्रदेश को भी योजना के तहत 438 करोड़ रुपये मिले। विपक्षी दलों का कहना है कि उत्तर प्रदेश से सिर्फ छह ही एथलीट ओलंपिक में भाग लेने गए हैं। वहीं पुरुष हॉकी में दबदबा रखने वाले पंजाब के हिस्से में खेलों के संरचनात्मक विकास के लिये सिर्फ 78 करोड़ रुपये ही आए हैं। विपक्षी दल के राजनेताओं का कहना है कि केंद्र सरकार ने इस योजना के अंतर्गत धन आवंटन के लिये किन मापदंडों का पालन किया गया, उसे सार्वजनिक करने की जरूरत है।



# बांग्लादेश में 300 से अधिक भारतीय ट्रक फंसे, मंदिरों पर हमला

**ढाका।**

बांग्लादेश में तख्तापलट और हिंसा भड़कने के बाद भारत-बांग्लादेश सीमा पर 250-300 भारतीय ट्रक फंसे हुए हैं। वहीं हिंसक भीड़ ने ढाका स्थित इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र और चार हिंदू मंदिरों पर हमला किया है। इन हमलों में मंदिरों को मामूली नुकसान हुआ है। कुछ हिंदुओं को भी निशाना बनाए जाने की सूचना है।

ट्रकों की आवाजाही रूकने पर पेट्रापोल के क्लीयरिंग एजेंट्स स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव कार्तिक चक्रवर्ती ने बताया कि पेट्रापोल लैंड पोर्ट से माल की आवाजाही सोमवार को रुकने से ट्रकों की आवाजाही बंद हो गई है।

बांग्लादेश के हिंदू, बौद्ध और ईसाई एकता परिषद के नेता काजोल देबनाथ ने बताया है कि देश के चार मंदिरों पर हमले हुए हैं। इन हमलों में मंदिरों को मामूली नुकसान हुआ है।

प्रधानमंत्री हसीना के सत्ता से हटने के बाद हिंदू समुदाय के लोगों में स्थिति को लेकर डर है, लेकिन अभी तक कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई है। भीड़ द्वारा निशाना बनाए गए भारतीय सांस्कृतिक केंद्र का उद्घाटन मार्च 2010 में हुआ था। इस केंद्र में योग, हिंदी, भारतीय शास्त्रीय संगीत और भारतीय नृत्य कलाओं के बारे में जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाता है। इस केंद्र के पुस्तकालय में भारत से संबंधित 21 हजार पुस्तकों का भी संग्रह है।

बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं के मद्देनजर भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल लैंड पोर्ट से माल की आवाजाही सोमवार को रुक गई। पेट्रापोल के क्लीयरिंग एजेंट्स स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव कार्तिक चक्रवर्ती ने बताया कि बांग्लादेश की ओर 250-300 भारतीय ट्रक फंसे हुए हैं।

पेट्रापोल भारत-बांग्लादेश की सीमा पर स्थित लैंड पोर्ट है। चक्रवर्ती ने कहा कि हम बांग्लादेश के नए प्रशासन से ट्रकों, माल और ड्राइवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध करेंगे। बता दें कि हर दिन औसतन 450-500 ट्रक भारत से दक्षिण एशिया के सबसे बड़े लैंड पोर्ट पेट्रापोल के माध्यम से बांग्लादेश जाते हैं। लगभग 150-200 ट्रक दूसरी तरफ से आते हैं।

सालाना, लगभग 22 लाख लोग पेट्रापोल चेक प्वाइंट के माध्यम से सीमा पार करते हैं। पेट्रापोल बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में स्थित है, जो भारत और बांग्लादेश के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा पर है। यह कोलकाता से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर है। वहीं, एलआईसी ने सोमवार को कहा कि एलआईसी ऑफ बांग्लादेश लिमिटेड का कार्यालय सात अगस्त तक बंद रहेगा।

## न्यूज़ ब्रीफ


### सिएटल में गोलीबारी की घटना में चार लोग घायल



**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। अब राज्य वॉशिंगटन के सिएटल में गोलीबारी में कम से कम चार लोग घायल हो गए। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को घटनास्थल पर 20 साल की एक लड़की मिली, जिसके सिर पर गोली लगने का घाव था और 20 साल का एक लड़का मिला, जिसकी उंगली में गोली मारी गई थी। जब पुलिस इस घटना की जांच कर रही थी, तब उन्हें शख्स के सिर और उसके पीठ के निचले हिस्से पर गोली के घाव दिखे और उनके एंकल से एक गाड़ी स्वीडिश फर्स्ट हिल अस्पताल के एंट्री गेट से टकरा गई। पुलिस ने जांच में पाया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन पर कई बार गोलियां चलाई गई थीं। पुलिस के अनुसार इसके अतिरिक्त 20 साल का एक तीसरा व्यक्ति के दाहिने पैर में गोली लगी। गोली लगने के घाव के साथ पास के कैसर परमानेंट मेडिकल केंद्र में चला गया। पुलिस ने कहा कि गोलीबारी के लिए जिम्मेदार संदिग्ध आरोपी भाग गया और इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, मामले की जांच की जा रही है। हाल ही में इससे पहले न्यूयॉर्क के रोचेस्टर शहर के एक पार्क में गोलीबारी से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। साथ ही घटना में छह लोग घायल भी बताए जा रहे हैं। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया और पुलिस ने इस मामले में घटनास्थल पर मौजूद लोगों से इस घटना का वीडियो भी मांगा।

### चीन से गदगद पाक बोला-जो उसने किया है वो अमेरिका भी नहीं कर सकता

**लाहौर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि अमेरिका के साथ संबंधों को सुधारा जाना



चाहिए, लेकिन यह पाक और चीन के बीच संबंधों की कीमत पर नहीं होना चाहिए। लाहौर के मॉडल टाउन स्थित आवास पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान शहबाज शरीफ ने कहा कि अमेरिका के साथ संबंधों को सुधारा जाना चाहिए, लेकिन यह पाक और चीन के बीच संबंधों की कीमत पर नहीं होना चाहिए। एक पाकिस्तानी अखबार के मुताबिक, शहबाज शरीफ ने कहा कि चीन ने देश के लिए जो किया है, वह अमेरिका कभी नहीं कर सकता। चीन और पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का दूसरा चरण तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में चीन के विशेषज्ञ पाकिस्तान की यात्रा पर आए थे। चीनी विशेषज्ञों ने दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने को लेकर सकारात्मक रुख अपनाया है। उन्होंने चीन से फिर से कर्ज का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा, अगर चीन द्वारा पाकिस्तान सरकार को कर्ज चुकाने के लिए पांच से सात वर्ष का समय दिया गया तो देश में बिजली के दामों के साथ-साथ महंगाई को कम किया जा सकेगा। इस दौरान, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने देश में चीनी नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भी प्रतिबद्धता जताई। कुछ समय पहले पाकिस्तान के विदेश विभाग ने भी कहा था कि बेहतर संबंधों के लिए चीन के साथ रिश्तों की कुर्बानी नहीं दे सकते। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा ने कहा, हमारे लिए अमेरिका के साथ रिश्ते और चीन के साथ रिश्ते, दोनों ही जरूरी हैं। उन्होंने कहा, हम इस बात में यकीन नहीं रखते कि एक देश के साथ संबंधों के लिए दूसरे देश के साथ रिश्तों की कुर्बानी दे दी जाए।

### ब्रिटेन सरकार की मांग, संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में हो बांग्लादेश हिंसा की जांच

**लंदन।** बांग्लादेश में छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद पूर्व पीएम शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। अब ब्रिटेन सरकार ने इसकी स्वतंत्र संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में जांच की मांग की है, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे। बांग्लादेश अब अंतरिम सरकार का इंतजार कर रहा है और सेना प्रमुख प्रदर्शनकारियों से मिलने की योजना बना रहे हैं, जिससे लगता है हिंसक विद्रोह के बाद बांग्लादेश में अब स्थिति सामान्य हो सकती है। इस आंदोलन ने शेख हसीना को सत्ता छोड़ने पर मजबूर कर दिया। जो 1971 के मुक्ति संग्राम में लड़ने वाले दिग्गजों के परिवारों के लिए विवादास्पद कोटा प्रणाली के साथ शुरू हुआ था, जिसमें युवा बेरोजगारी ज्यादा थी। जैसे-जैसे अशांति बढ़ती गई, सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने उनके आवास पर हमला बोल दिया उनके आवास परिसर में तोड़फोड़ और लूटपाट की। हसीना ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया और सैन्य हेलीकॉप्टर से देश छोड़कर भारत आ गईं। शेख हसीना ने भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। लंदन जाने की योजना है लेकिन लंदन प्रशासन की ओर से उन्हें शरण देने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी ने कहा कि ब्रिटेन बांग्लादेश में शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक भविष्य तय करने के लिए कार्रवाई देखना चाहता है, लेकिन उन्होंने शेख हसीना के आगमन का उल्लेख नहीं किया है। लैमी ने कहा बांग्लादेश में पिछले कई दिनों से हिंसा और जान-माल की हानि हुई है। सेना प्रमुख द्वारा एक संक्रमणकालीन अवधि की घोषणा की गई है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फिजी की संसद को किया संबोधित, बोलीं

# भारत और फिजी में जीवंत लोकतंत्र सहित काफी कुछ एक समान है

**सुवा।**

फिजी की दो दिवसीय यात्रा पर गईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को वहां की संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक मंच पर मजबूती से उभर रहा है। भारत एक मजबूत, लचीला और अधिक समृद्ध राष्ट्र बनने के साथ-साथ प्राथमिकताओं के अनुसार फिजी के साथ साझेदारी करने के लिए तैयार है। उन्होंने इस मौके पर दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए अपनी साझेदारी की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए एक साथ आने को कहा।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आकार में बहुत अंतर होने के बावजूद भारत और फिजी में जीवंत लोकतंत्र सहित काफी कुछ एक समान है। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष पहले इसी हॉल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ मूल्यों का जिक्र किया था जो भारत और फिजी को जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लोकतंत्र, हमारे समाज की विविधता तथा प्रत्येक व्यक्ति की स्वतंत्रता, सम्मान और अधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को बताता है। ये साझा मूल्य शाश्वत हैं, आगे भी हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

राष्ट्रपति मुर्मू ने यह भी कहा कि बाकी दुनिया को फिजी से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। फिजी की सौम्य जीवनशैली, परंपराओं तथा रीति-रिवाजों के प्रति गहरा सम्मान, खुला और बहुसांस्कृतिक वातावरण, फिजी को तेजी से संघर्षों में घिर रही इस दुनिया में इतना खास बनाता है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि फिजी वह जगह है जहां बाकी दुनिया अपनी खुशियां ढूंढने आती है।



### राष्ट्रपति फिजी में सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत

**सुवा।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में फिजी की राजधानी सुवा में हैं। फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियामे मैवलीली कटोनिवेरे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया। यह फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह सम्मान भारत और फिजी के बीच मित्रता के गहरे संबंधों का परिचायक है। यह सचित्र विवरण भारत की राष्ट्रपति के एक्स हैंडल पर साझा किया गया है। द्रौपदी मुर्मू का सुवा पहुंचने पर फिजी के प्रधानमंत्री सीटिवेनी राबुका ने जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रपति फिजी के बाद न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते जाएंगी। किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की फिजी और तिमोर-लेस्ते की पहली यात्रा है। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। विदेश मंत्रालय के सचिव जयदीप मजूमदार ने पिछले दिनों नई दिल्ली में राष्ट्रपति की यात्रा का ब्यौरा साझा किया था। इसमें कहा गया था कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच से 10 अगस्त तक तीन देशों फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की यात्रा पर रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक्ट ईस्ट नीति के अंतर्गत दक्षिण-पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र पर भारत ने विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया है। यह तीनों देश भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत आते है। भारत और फिजी के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में फिजी की राजधानी सुवा में हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने फिजी में अपने संबोधन में कहा कि भारत एक सक्षम और संवेदनशील देश के रूप में उभर रहा है। हमने वैश्विक मंच पर महत्वपूर्ण नेतृत्व की भूमिका निभाई है। पिछले वर्ष हमारी जी-20 अध्यक्षता की ऐतिहासिक सफलता ने दर्शाया कि भारत का समावेशी, निर्णायक, महत्वाकांक्षी और कार्योन्मुखी नेतृत्व विश्व के लिए क्या कर सकता है। जैसा कि हमने जी-20 की अध्यक्षता के दौरान किया था। हम ग्लोबल साउथ के हितों को जोर से आवाज देने के लिए हर वैश्विक मंच का उपयोग करना जारी रखेंगे और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक निष्पक्ष, न्यायसंगत और सुरक्षित दुनिया बनाने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने प्रवासी भारतीयों के साथ संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने तथा उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्ड या ओसीआई कार्ड सहित अनेक पहलें शुरू की हैं। प्रवासी परिवारों की युवा पीढ़ी के लिए हमारे पास उन्हें अपनी भारतीय जड़ों से जोड़ने के लिए एक भारत को जानो कार्यक्रम है। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि बड़ी संख्या में फिजी के युवा इस कार्यक्रम से लाभान्वित हुए हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सुवा में स्थापित होने वाले 'सुपर स्पेशलिटी कार्डियोलॉजी हॉस्पिटल' सहित नयी परियोजनाएं फिजी और व्यापक प्रशांत क्षेत्र के लोगों की प्राथमिकता वाली जरूरतों को पूरा करने में मदद करेंगी। इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू का 'स्टेट हाउस' में राष्ट्रपति कटोनिवेरे ने स्वागत किया जहां दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

उन्होंने सुवा में महात्मा गांधी मेमोरियल हाई स्कूल में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और वहां उपस्थित छात्रों के साथ बातचीत की। इसके साथ ही उन्होंने सुवा में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर भी पुष्पांजलि अर्पित की और शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

# चीन को समर्पित हो सकती है बांग्लादेश की नई सरकार



**ढाका।**

पड़ोसी देशों के साथ हमारी सीमाएं लगती हैं, वहां राजनीतिक अस्थिरता होना अच्छा नहीं है। इससे राजनयिक ही नहीं बल्कि व्यापारिक रिश्ते और नागरिक संबंध भी प्रभावित होते हैं। बांग्लादेश के साथ भारत सबसे लंबी 4096 किलोमीटर की भूमि सीमा साझा करता है। इसी प्रकार यदि राजनयिक संबंधों की बात करें तो भारत पहला देश था, जिसने उसके अस्तित्व में आने के बाद 1971 में राजयनिक संबंध स्थापित किए। बांग्लादेश में बगावत भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है। ऐसा दो कारणों से है। एक इससे भारत-बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंध कुछ हद तक प्रभावित होंगे। दूसरे वहां बनने वाली नई सरकार का झुकाव चीन की तरफ होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। सेना की अंतरिम सरकार से भी वैसे संबंधों की उम्मीद नहीं की जा सकती है जैसे शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार से थी।

भविष्य में अगर वहां शेख हसीना की बांग्लादेश अवामी लीग पार्टी सरकार नहीं बनाती है और कोई दूसरी पार्टी सरकार बनाती है तो यह आशंका है कि उसका झुकाव चीन की तरफ हो सकता है। तीसरी, आशंका यह है कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी तत्वों की सक्रियता बढ़ सकती है, जिन्हें शेख हसीना के शासन में काफी हद तक नियंत्रण में रखा गया था। उन्हें नियंत्रित करना बांग्लादेश सरकार का जिम्मा होगा, लेकिन परोक्ष रूप से वह भारतीय जनमानस को थोड़ा-बहुत प्रभावित कर सकते हैं।जहां तक शेख हसीना के भारत के रास्ते लंदन रवाना होने की बात है, इस बात से बांग्लादेश के साथ संबंधों पर असर नहीं पड़ेगा। भारत ने उन्हें यहां रहने की अनुमति नहीं देकर सिर्फ उतना ही किया जितना एक राजयनिक प्रोटोकॉल के तहत किया जा सकता था। इसलिए बांग्लादेश की नई सरकार के रुख पर इसका कोई असर नहीं होगा।

हालांकि पिछले पांच दशकों में बांग्लादेश की राजनीति में उतार-चढ़ाव आए और फौजी राष्ट्रपति के हाथ में भी कमान रही, लेकिन भारत-बांग्लादेश संबंधों में ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं दिखा। इसलिए इस घटना को भी विशेषज्ञ अच्छा तो नहीं मानते हैं, लेकिन बहुत निराश नहीं हैं।रक्षा विशेषज्ञो की का कहना है कि कहा कि शेख हसीना भारत समर्थक और लंबे समय से सत्ता में थी। इससे पूर्व भी जब 2001 तक वह सत्ता में थी तो भारत के साथ रिश्ते प्रगाढ़ हुए थे। फिलहाल वहां सेना सत्ता संभालने जा रही है, जिसका रुख भारत को लेकर तटस्थ रहने की संभावना है।

# कमला हैरिस को सोशल मीडिया पर 4 हजार बार धमकी देने वाले पर चलेगा मुकदमा

**वाशिंगटन।**

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से एक युवक इतना गुस्सा हो गया कि उसने एक दो बार नहीं बल्कि हजारों पर उन्हे जान से मारने की धमकी दे डाली। अदालत के रिकॉर्ड के मुताबिक फ्रैंक लुसियो कैरिलो ने कमला हैरिस, राष्ट्रपति जो बाइडन, एफबीआई के डायरेक्टर क्रिस्टोफर रे सहित एरिजोना राज्य के कई अधिकारियों और अन्य लोगों को दक्षिणपंथी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म गेटर पर कई धमकियां दी थीं। एफबीआई ने कैरिलो की 4,359 पोस्ट पाईं, जिनमें कमला हैरिस सहित दूसरे कई सराकरी अधिकारियों को निशाना बनाया गया था।



अदालत के रिकॉर्ड के मुताबिक अपनी कई पोस्ट में कैरिलो ने कथित तौर पर हैरिस की आंखें निकालने की धमकी दी और उपराष्ट्रपति को मारने के विभिन्न तरीकों को विस्तार से सामने रखा। कैरिलो ने कथित तौर पर एक अपशब्द भरे भाषण में लिखा कि 'मैं तुम्हारी आंखें निकाल दूंगा। उसने उम्मीद जताई कि कमला हैरिस धीमी पीड़ादायक मौत मरेगी। अदालत के रिकॉर्ड में कई ऐसे ही पोस्ट का हवाला दिया गया है, जिसमें उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ-साथ अन्य लोगों के खिलाफ बड़ी और साफ धमकियां दी गई हैं। जिसमें 2023 में एक इस्लामोफोबिक पोस्ट भी शामिल है। जिसमें उसने लिखा था कि लोगों को अपनी बंदूकें लेकर बाहर जाना चाहिए और सभी मुसलमानों को मार देना चाहिए। जब एफबीआई एजेंट पहली बार सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में कैरिलो के घर पहुंचे, तो कैरिलो ने कहा कि 'मैंने इसे पोस्ट किया है। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार कैरिलो ने यह भी कहा कि 'मुझे लगता है कि मुझे एक वकील की जरूरत पड़ेगी। संघीय एजेंटों ने उनके घर से दो हथियार बरामद किए, जिसमें 2023 में खरीदी गई एक पिस्तौल और इस साल खरीदी गई एक राइफल शामिल है।

# पाकिस्तान में इस साल आतंकवादियों से लड़ाई के दौरान 139 सैनिक मारे गए

**पाकिस्तानी सेना ने पिछले 15 दिनों के दौरान 24 आतंकवादियों को मार गिराया**

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तानी सेना ने कहा कि 2024 के पहले सात महीनों के दौरान आतंकवादियों के खिलाफ जारी लड़ाई में अधिकारियों सहित 139 सैनिकों की जान चली गई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पत्रकारों को सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी। जिसमें सेना और कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के व्यापक आतंकवाद विरोधी प्रयासों और पेशेवर गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों और एलईए ने देश भर में 23,622 खुफिया-आधारित ऑपरेशन किए। कुल मिलाकर 2,045 ऑपरेशन अकेले पिछले 15 दिनों में किए गए।



शरीफ ने पाकिस्तानी सेना, खुफिया एजेंसियों, पुलिस और अन्य एलईए के अथक प्रयासों पर जोर देते हुए कहा कि पिछले 15 दिनों के दौरान 24 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। अधिकारी ने कहा कि सरकार ने आधिकारिक तौर पर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को फितना अल-खवारिज (बाहरी विद्रोह) और सभी संबंधित आतंकवादियों को खारिजी (बहिष्कृत) करार दिया है। महानिदेशक ने कहा कि यह शरारत करने वाला समूह है। यह न तो कोई विचारधारा है और न ही इसका धर्म या पाकिस्तान से कोई लेना-देना है। अधिकारी ने कहा कि पूरा देश बहादुर शहीदों और उनके परिवारों को श्रद्धांजलि देता है। यह प्रतिबद्धता देश की आंतरिक और सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों, एलईए और खुफिया एजेंसियों के अटूट फोकस को रेखांकित करती है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ तब तक लड़ाई जारी रखने के देश के संकल्प की पुष्टि की जब तक कि अंतिम आतंकवादी का सफाया नहीं हो जाता, जिससे पाकिस्तान में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित हो सके।

## तख्तापलट के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने जारी किया आदेश

# बांग्लादेश की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को तत्काल रिहा किया जाए

**ढाका।**

बांग्लादेश में पिछले कई दिनों से चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच नाटकीय घटनाक्रम में प्रधानमंत्री शेख हसीना का तख्तापलट होने और देश छोड़ने के बाद जहां सेना ने सत्ता संभाल ली है। वहीं देशभर में अराजकता और हिंसा के बीच राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को तत्काल रिहा करने के आदेश दिए हैं।

बांग्लादेश के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, बैठक में सर्वसम्मति से बीएनपी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया को रिहा करने का फैसला किया गया। इसके अलावा, छात्र भेदभाव विरोधी आंदोलन और हाल की घटनाओं से संबंधित विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किए गए सभी बंदियों को रिहा करने का फैसला किया गया। सांप्रदायिक सौहार्द को किसी भी तरह से बाधित न होने देने के लिए भी मजबूत सहमति बनी।

राष्ट्रपति की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अंतरिम सरकार के गठन के उद्देश्य से राष्ट्रपति मोहम्मद सहाबुद्दीन, थल सेनाध्यक्ष, नौसेना और वायु सेना के प्रमुख और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और नागरिक की अध्यक्षता में बंगभवन में एक बैठक आयोजित की गई। देश के समाज प्रतिनिधि बैठक में आरक्षण विरोधी आंदोलन में मारे गए लोगों की याद में शोक प्रस्ताव लिया गया और उनकी दिवंगत आत्माओं की शांति और क्षमा के लिए प्रार्थना की गई। बैठक में तुरंत अंतरिम सरकार बनाने का फैसला किया गया। बैठक में सभी से देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए धैर्य और




सहनशीलता बरतने का आग्रह किया गया और सेना को लूटपाट और हिंसक गतिविधियों से रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से बीएनपी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया को तुरंत रिहा करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, भेदभाव विरोधी आंदोलन और हाल ही में विभिन्न मामलों में हिरासत में लिए गए सभी कैदियों को रिहा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि समुदाय को किसी भी तरह से नष्ट नहीं किया जाना चाहिए।

इससे पहले बांग्लादेश में सोमवार को बवाल बढ़ने के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और वो देश छोड़कर भारत पहुंच गई हैं। ज्ञात रहे कि गाजियाबाद के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन के सेफ हाउस में रखा गया है। इस समय बांग्लादेश के हालत अस्थिर बने हुए हैं। कई शहरों में छात्रों का प्रदर्शन देखा जा रहा है।


बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था के मुद्दे पर शुरू हुआ बवाल शुरू हुआ। और ऐसा नहीं है कि ये अचानक से आज-कल में ही शुरू हुआ। पहले भी इसको लेकर विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं। प्रदर्शनकारी इस कथित विवादास्पद रिजर्वेशन सिस्टम को खत्म करने की मांग कर थे, जिसके तहत बांग्लादेश मुक्ति संग्राम (1971) में हिस्सा लेने वाले लड़ाकों के रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।

### अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस राजी

बांग्लादेश में लंबे समय तक सत्तारूढ़ रहीं शेख हसीना के छात्र आरक्षण आंदोलन की हिंसक लपटों के बीच देश छोड़ने के बाद अंतरिम सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। बांग्लादेश के प्रमुख बांग्लाभाषी अखबार प्रोथोम अलो के अनुसार, नोबेल पुरस्कार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने को राजी हो गए हैं। प्रोथोम अलो और द डेली स्टार के अनुसार, आंदोलन के समन्वयकों में से एक नाहिद इस्लाम ने मंगलवार तड़के एक वीडियो संदेश में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि प्रोफेसर यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। उनकी प्रो. यूनुस से बात हो गई है। छात्रों के आह्वान पर वह बांग्लादेश की रक्षा के लिए यह अहम जिम्मेदारी लेने को तैयार हो गए हैं।

# प्रधानमंत्री ने वाराणसी में मकान गिरने की घटना में मंडलायुक्त से लिया पीड़ितों का हालचाल

### – मंडलायुक्त ने कहा, रेस्क्यू आपरेशन खत्म, मलबे से निकाले गये आठ लोग





**वाराणसी, (हि.स.)।** विश्वनाथ मंदिर के पास ढहे दो मकान के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुखद घटना पर मंगलवार की सुबह मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा से फोन पर वार्ता करके जानकारी ली गयी। मंडलायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री को एनडीआरएफ, फायर, पुलिस, प्रशासन द्वारा चलाये गए रेस्क्यू आपरेशन तथा घायलों के अस्पताल में कराये जा रहे इलाज की पूरी विस्तृत जानकारी प्रधानमंत्री को दी गयी। प्रधानमंत्री द्वारा रात्रि में गिरे दोनों मकान में रह रहे सभी लोगों के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त करते हुए दुर्घटना में मृत हुई महिला के प्रति अपनी सम्वेदना प्रकट की गयी। प्रधानमंत्री द्वारा मंडलायुक्त को घायल सभी नौ लोगों के बेहतर इलाज के निर्देश दिये गये हैं। इस घटना की जानकारी पर पूर्व मंत्री एवं विधायक नीलकंठ तिवारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने एक-एक कर सभी घायलों के पास पहुंचकर उनका हालचाल जाना।उन्होंने मंडलायुक्त व डॉक्टरों से बेहतर उपचार कराए जाने की बात कही। घायलों के परिवारीजनों से मिलकर उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी हर संभव मद्द व सहायता की जाएगी। हादसे को लेकर वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि वाराणसी में चौक थाना क्षेत्र के खोया गली में राजेश गुप्ता व मनीष गुप्ता के जर्जर हो चुकी मकान बारिश के चलते गिर गये। मकानों के गिरने की सूचना पर रेस्क्यू आपरेशन करा के मलबे में दबे आठ लोगों को बाहर निकाला गया है। घायलों को कबीरचौरा के शिवप्रसाद गुप्त चिकित्सालय भिजवाया गया है। मंडलायुक्त ने बताया कि पूरे घटनाक्रम में छह लोगों का उपचार शिवप्रसाद गुप्त चिकित्सालय में चल रहा है। एक बच्चे की स्थिति नाजुक होने पर उसे ट्रामा सेंटर भिजवाया गया है। घटना में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात रही एक महिला सिपाही भी घायल हुई है, जिसका उपचार चल रहा है। वहीं एक महिला की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद मौके से मलबा हटाने के लिए नगर निगम की टीम पहुंच चुकी है। रेस्क्यू आपरेशन करने वाली एनडीआरएफ की टीम अपना कार्य पूर्ण कर चुकी है। क्षेत्र में अव्यवस्था को रोकने के लिए मौके पर पहुंची वाराणसी पुलिस ने जिम्मा सम्भाल लिया है।

# एक मंडल-एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना साकार, अब एक जिला-एक विश्वविद्यालय का लक्ष्य : मुख्यमंत्री

**लखनऊ, (हि. स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए नई नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को इस संबंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक मंडल एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना साकार हो गयी है। अब एक जिला एक विश्वविद्यालय का लक्ष्य तय करना है। मुख्यमंत्री योगी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विगत 07 वर्षों में सतत प्रयासों से प्रदेश में एक मंडल-एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना पूरी हो चुकी है। सभी 18 मंडलों में विश्वविद्यालयों की स्थापना हो चुकी है। कई मंडलों में निर्माण कार्य जारी है। मंडलों के बाद अब हमारा लक्ष्य एक जिला-एक विश्वविद्यालय का होना चाहिए। वर्तमान में 35 जनपदों में विश्वविद्यालय की उपलब्धता है, शेष असेवित जिलों में विश्वविद्यालयों के लिए निजी क्षेत्र बड़ा सहयोगी बन सकता है। उच्च शिक्षा में निजी क्षेत्र के वित्तपोषण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह हमारे उद्देश्यों की पूर्ति में पूरक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा की बढ़ती मांग को देखते हुए, निजी निवेश उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के सरकारी प्रयासों में सहायक हो सकता है। इससे छात्रों के लिए उपलब्ध संस्थानों, पाठ्यक्रमों और सीटों की संख्या में वृद्धि होगी, साथ ही यह शिक्षा और अनुसंधान की गुणवत्ता को बढ़ाने के प्रयासों में



भी सहायता मिलेगी। भारत के सबसे युवा राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा में एक विशेष स्थान रखता है। उत्तर प्रदेश, जिसकी औसत आयु 21 वर्ष है, जो 2030 तक बढ़कर 26 वर्ष हो जाएगी और भारत की युवा आबादी में इसका योगदान 16.5% होगा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश की ग्रास एनरोलमेंट रेट (GER) 25.6% है, जिसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अनुसार 2035 तक 50% तक बढ़ाना आवशयक है। निजी निवेश प्रोत्साहन नीति इस अंतर की पूरा सकती है। सीएम योगी ने कहा कि उच्च शिक्षा में निजी निवेश वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता है। अन्य राज्यों की सम्बंधित नीति का अध्ययन करें। स्टेकहोल्डर्स से संवाद करें और यथाशीघ्र उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति तैयार कर प्रस्तुत करें। नई नीति में निवेशकों को स्टाम्प ड्यूटी में छूट, कैपिटल सब्सिडी आदि प्रोत्साहन को यथोचित स्थान दें। नई नीति में आकांक्षात्मक जनपदों में विश्वविद्यालयों की स्थापना पर अतिरिक्त प्रोत्साहन का प्रावधान होना चाहिए। इसे प्राथमिकता दें। इसी प्रकार, विश्व की टॉप रैंकिंग वाले विश्वविद्यालयों के कैम्पस के प्रस्ताव पर भी विशेष प्रोत्साहन प्रावधान रखें।


# महाकुंभ में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की भी होगी देखभाल

**लखनऊ, (हि. स.)।** प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ-2025 के आयोजन को लेकर योगी सरकार बड़े पैमाने पर तैयारियों में जुटी है। करीब दो माह तक चलने वाले इस आयोजन में रिकार्ड संख्या में देश-दुनिया भर से श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। ऐसे में योगी सरकार उनके स्वास्थ्य को लेकर विशेष तैयारी कर रही है। इसमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के निदान पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है। इसके लिए कुंभ मेला क्षेत्र में चार सौ से ज्यादा डॉक्टर्स के साथ ही 700 से अधिक पैरामेडिकल स्टॉफ नियुक्त किये जाने की योजना है। यह मेडिकल टीम 24 घंटे अपनी सेवाएं देगी। वहीं महिलाओं और बच्चों के लिए कुंभ मेला क्षेत्र में बड़ी संख्या में बेड भी रिजर्व किये जाएंगे। साथ ही इनके इलाज के लिए शिफ्ट वाइज गाइनेकोलॉजिस्ट और पीडियाट्रिक तैनात होंगे।

**मेला क्षेत्र में तैनात होंगे 407 डॉक्टर्स, 24 घंटे मौजूद रहेंगी गाइनेकोलॉजिस्ट -** कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 407 डॉक्टर्स की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही 182 नर्सिंग स्टाफ, 150 वार्ड ब्वॉयज, 354 फार्मासिस्ट और 60 लैब टेक्नीशियन की भी तैनाती होगी। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में उन्हे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। मेला क्षेत्र में स्थित अस्पतालों में तीन शिफ्ट में 48 महिला चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगी। इसके अलावा मेला क्षेत्र में 24 घंटे गाइनेकोलॉजिस्ट भी तैनात रहेंगी। वहीं सेंट्रल अस्पताल में लेबर रूम की स्थापना की जा रही है। साथ ही 40 स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की टीम पर रहेगी। इसके अलावा सीएचसी और पीएचसी में भी 24 घंटे आकस्मिक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। यहां पर अतिरिक्त दवाइयां, मरहम-पट्टी समेत अन्य चीजों के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं।


**48 बेड महिलाओं और 15 बेड बच्चों के लिए रहेंगे रिजर्व -** एडिशनल डायरेक्टर स्वास्थ्य प्रयागराज डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप महाकुंभ मेला क्षेत्र के अस्पतालों में महिलाओं और बच्चों के अलग-अलग वार्ड बनाए जाएंगे।

# मीरजापुर में गंगा का जलस्तर 4.75 सेमी प्रति घंटे बढ़ रहा



**मीरजापुर, (हि.स.)।** गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि का क्रम फिर शुरू हो गया है। मंगलवार की सुबह आठ बजे गंगा के जलस्तर में 4.75 सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि हो रही थी। इसके साथ ही जिले में गंगा का जलस्तर 71.940 मीटर पहुंच गया है। पानी बढ़ने से गंगा किनारे के ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। जिले में चेतावनी बिंदु 76.724 मीटर तथा खतरे का निशान 77.724 मीटर पर है। गंगा चेतावनी बिंदु से लगभग पांच मीटर और खतरे के निशान से लगभग छह मीटर नीचे बह रही हैं। गंगा के जलस्तर में सबसे ज्यादा वृद्धि वर्ष 1978 में 80.34 मीटर दर्ज किया गया था। वहीं वर्ष 2023 में अधिकतम जलस्तर 73.66 मीटर रिकॉर्ड किया गया था। फिलहाल जिले में अभी बाढ़ का कोई खतरा नहीं है। जिला प्रशासन की ओर से सदर व चुनार तहसील क्षेत्र में गंगा के तटवर्ती गांवों में 37 बाढ़ चौकियों के साथ ही बाढ़ कंट्रोल रूम स्थापित कर निगरानी बढ़ा दी गई है। मीरजापुर नहर प्रखंड के अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार ने बताया कि अभी बाढ़ का कोई खतरा नहीं है। कानपुर बैराज से गंगा में पानी छोड़ा गया है।

# एडीजी मेरठ जोन का एक्स अकाउंट सस्पेंड, सभी पोस्ट गायब




**मेरठ, (हि.स.)।** मेरठ जोन के एडीजी का ऑफिशियल एक्स अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। मंगलवार को सुबह जब यूजर्स ने एडीजी का एक्स अकाउंट चेक किया तो अकाउंट सस्पेंड का मैसेज दिखाई देने लगा। एडीजी के अनुसार, मामले को दिखवाया जा रहा है। मेरठ जोन के एडीजी ध्रुवकांत ठाकुर का इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर ऑफिशियल अकाउंट है। मेरठ पुलिस के लिहाज से एडीजी मेरठ जोन का एक्स अकाउंट बहुत महत्वपूर्ण है। मंगलवार को एक्स यूजर्स ने एडीजी का अकाउंट खोला तो उस पर अकाउंट सस्पेंड का मैसेज दिखाई देने लगा। इससे यूजर्स चकित हो गए। इस अकाउंट की सारी पोस्ट भी गायब हो गई। पुलिस महकमा भी एडीजी का अकाउंट सस्पेंड होने की जानकारी मिलते ही आश्चर्यचकित रह गया। एक्स मैरेजमेंट ने एडीजी के ऑफिशियल अकाउंट पर यह कार्रवाई की है, इससे पुलिस अधिकारी परेशान हो गए। एक्स की ओर से अकाउंट सस्पेंड होने का कारण रूल्स वॉयलेशन बताया गया है। इस बारे में एडीजी डीके ठाकुर का कहना है कि अकाउंट किस वजह से सस्पेंड हुआ है, इसे चेक कराया जा रहा है।

# लगातार आदेश के बाद भी नहीं सुधर रही ट्रैफिक व्यवस्था, लॉन्ग टर्म प्लान बनाएं : झारखंड हाई कोर्ट




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट ने ट्रैफिक एसपी पर नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि कोर्ट के कई आदेशों के बावजूद भी राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए लॉन्ग टर्म प्लान बनाने की जरूरत है। सात वर्षों से यह जनहित याचिका चल रही है लेकिन रांची में जाम की समस्या का समाधान नहीं निकल पाया है। कोर्ट ने अवैध ढंग से चल रहे ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा के खिलाफ लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान ट्रैफिक एसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। कोर्ट ने उनसे सड़क के विभिन्न चौक चौराहों पर ट्रैफिक पोस्ट एवं उसमें वॉशरूम की व्यवस्था के संबंध में जानना चाहा। झारखंड हाई कोर्ट में रांची में ट्रैफिक की व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस पर ट्रैफिक एसपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रांची में 60 ट्रैफिक बूथ एवं 50 ट्रैफिक पोस्ट चिह्नित किया गया है। रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि ट्रैफिक बूथ और पोस्ट के निकट मॉड्यूलर वॉशरूम की व्यवस्था कर दी जाएगी। कोर्ट ने ट्रैफिक एसपी से मौखिक कहा कि रांची में ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा चालकों का ड्रेस कोड लगातार मेंटेन रहे यह सुनिश्चित करें। ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनी रहे इसके लिए लगातार स्पेशल अभियान चलाएं। यह भी देखें की ऑटो या ई रिक्शा चालक अपने वाहन में निर्धारित संख्या से ज्यादा यात्री किसी भी स्थिति में ना बैठाएं। राजधानी रांची में ट्रैफिक में सुधार जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए। वीआईपी मूवमेंट के समय तो ट्रैफिक व्यवस्था ठीक रहती है लेकिन आम लोगों का रांची के सड़कों पर चलना काफी कष्टकारी होता है। प्रतिदिन उन्हें जाम की समस्या से निपटना पड़ता है। कोर्ट ने राज्य सरकार को ट्रैफिक सुधार के लिए किए गए उपायों की जानकारी शपथ पत्र के माध्यम से देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त निर्धारित किया।

# सूक्ष्म खाद्य उद्यम क्षेत्र के हजारों उद्यमियों को 153 करोड़ रुपये के निवेश से मिली सब्सिडी : सत्यानन्द भोक्ता




**रांची, (हि.स.)।** राज्य के उद्योग मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में उद्योग विभाग की ओर से आयोजित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना (पीएमएफएमई) का औपचारिकीकरण बैंकर्स कॉन्क्लेव-2024 का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने बेहतर कार्य करने वाले कई उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते छोटे उद्यमियों को राज्य सरकार के स्तर से दी जा रही मदद की जानकारी दी और कहा कि पीएमएफएमई एक महत्वपूर्ण योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य उद्यम के क्षेत्र में सूक्ष्म स्तर पर उद्यमियों को वित्तीय एवं तकनीकी सुविधा प्रदान करना है। झारखंड सरकार द्वारा अबतक इस योजना के तहत कुल 153 करोड़ रुपये के निवेश से हजारों छोटे उद्यमियों को सब्सिडी प्रदान की गयी है। इस योजना के माध्यम से लगभग 12 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ पर उद्योग विभाग के सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव सहित अन्य कई पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# हजारीबाग के पवन पुत्रा स्टील फैक्टरी में चिमनी ब्लास्ट, कई मजदूर झुलसे



**हजारीबाग, (हि.स.)।** बरही में रियाड़ा औद्योगिक प्रक्षेत्र में लगे फैक्टरी (पवन पुत्रा स्टील एंड एलाऊज) में चिमनी ब्लास्ट की घटना घटी। घटना मंगलवार 11 बजे की है।इसमें काम करने वाले कई मजदूरों के झुलस जाने की खबर है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को आरोग्यम अस्पताल पहुंचाया गया। कितने मजदुर हताहत हुए हैं अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। घटनास्थल पर पहुंचे झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग मंत्री बन्ना गुप्ता और बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी से घटना के संदर्भ में यथास्थिति का लिया जायजा और निर्देश देते हुए कहा कि घटना में जो भी दोषी हैं उन पर कार्रवाई की जाए।

# झारखंड हाई कोर्ट ने जयप्रकाश पटेल की विधानसभा सदस्यता रद्द करने के मामले में विपक्ष के नेता से मांगा जवाब

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट में दलबदल के मामले में जयप्रकाश भाई पटेल की विधानसभा सदस्यता खत्म करने के झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए जयप्रकाश भाई पटेल की सदस्यता रद्द करने संबंधी फाइल एवं प्रोसीडिंग्स का दस्तावेज मांगा है। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्हें बिना सुने हुए और बिना अवसर प्रदान किए हुए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी सदस्यता रद्द कर दी है जबकि विधानसभा अध्यक्ष के पास अन्य सदस्यों की विधानसभा सदस्यता रद्द करने संबंधी कई मामले अभी लंबित है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 28 अगस्त निर्धारित की है। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो के न्यायाधिकरण ने जयप्रकाश भाई पटेल के खिलाफ इस संबंध में दायर शिकायत पर संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत सुनवाई के बाद उनकी विधानसभा सदस्य को रद्द करने का फैसला सुनाया था। यह फैसला 26 जुलाई से प्रभावी माना जाएगा। मांडू विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भाजपा के जयप्रकाश भाई पटेल लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे और उसके टिकट पर हजारीबाग सीट से चुनाव मैदान में उतरे थे लेकिन चुनाव हार गए थे।

# नीतीश मंत्रिमंडल की बैठक में पीएमसीएच में 4315 पदों के सृजन समेत 36 प्रस्तावों को मंजूरी




**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 36 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में पीएमसीएच में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप 4315 नए पद सृजित किए गए हैं। इसके साथ स्वास्थ्य और परिवहन विभाग में नौकरी देने का फैसला लिया है। कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि खान एवं भूतत्व विभाग में चार पदों का सृजन किया गया है। दो पद अपर निदेशक और दो पद उप निदेशक खनिज के लिए सृजन करने की मंजूरी मिली है। अपर निदेशक खनिज विकास के लिए एक पद एवं उप निदेशक खनिज विभाग के लिए एक पद की प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव भी कैबिनेट में पास किया गया है। इसके साथ उद्योग विभाग की ओर से हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय के अंतर्गत आने वाले 610 पदों को समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा राजपत्रित 20 नए पद एवं अराजपत्रित 116 नए पद यानी कुल 136 नए पदों के सृजन की स्वीकृति आज कैबिनेट में मिली है। दूसरी ओर बिहार सरकार ने उद्योग नीति में बदलाव किया है। बिहार की कंपनी को अब टेंडर मिलेगा। कंपनी को बिहार में जीएसटी रजिस्टर्ड होना चाहिए। एल वन अधिक दर रहने वाली कंपनी को टेंडर दिया जाएगा । एक साल पुरानी जो कंपनी होगी उसको भी लाभ मिलेगा। अभी बिहार के बाहर की जो कंपनियां उन्हें ज्यादा टेंडर मिल रहा है। स्वास्थ्य और परिवहन विभाग में नई नौकरियां देने की बात कही गई। बिहार अवर सांख्यिकी संवर्ग संशोधन नियमावली 2024 को स्वीकृति मिल गई है। खनन विभाग में नियुक्तियां होंगी। मुख्यालय स्तर पर अपर निदेशक (खनिज विकास) और उप निदेशक (खनिज विकास) के एक-एक पद पर नियुक्ति की जाएगी। बालू की अवैध ढुलाई और खनन की जानकारी देने वालों को इनाम दिया जाएगा। पाटलिपुत्र खेल परिसर कंकड़बाग के पास 1.6 एकड़ जमीन आवास बोर्ड ने खेल विभाग को दी है। इसके लिए 48 करोड़ रुपये दिए गए हैं। बिहार कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भर्ती, प्रोन्नति और सेवा शर्त के लिए नया नियम बनेगा। बिहार कर्मचारी राज्य बीमा योजना महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संवर्ग संशोधन नियमावली 2024 को मंजूरी मिल गई है। सड़क हादसे कम करने के लिए गाड़ियों की स्पीड लिमिट तय होगी। इसके लिए परिवहन विभाग को अधिकृत किया गया है। एक कमेटी भी बनाई जाएगी जो स्पीड लिमिट तय करेगी। पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान (पटना जू) में पहले की तरह टॉय ट्रेन चलेगी। अवैध तरीके से बालू खनन पर सरकार ने इसे रोकने के लिए पहल की है। अवैध तरीके से बालू खनन करने वाले के बारे में सूचना देने वालों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा।कैबिनेट में इसकी मंजूरी मिली है। सूचना देने वाले का नाम और पता गुप्त रखा जाएगा। ट्रक से अवैध खनन होने की सूचना पर दस हजार और ट्रैक्टर से अवैध खनन कर बालू ले जाने वाले की सूचना देने वाले को पांच हजार नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

# बिहार पुलिस मुख्यालय ने बांग्लादेश की घटना को लेकर जारी किया अलर्ट

- बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता का आदेश जारी।
- पेट्रोलिंग बढ़ायी गयी।

बिहार पुलिस मुख्यालय के जारी किया आदेश

- किसी भी संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की जानकारी होने पर तत्काल करें सूचित
- आप अपनी सूचना स्थानीय थाना/संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक अथवा टॉल फ्री नम्बर-14432 या डायल-112 पर दे सकते हैं।
- अफवाहों पर विश्वास न करें।

**पटना, (हि.स.)।** बांग्लादेश में उपद्रव और हिंसा को लेकर बिहार में अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी सीमावर्ती जिलों में पुलिस और एसएसबी को अलर्ट रहने को कहा है। सीमा वाले इलाकों में सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ साथ किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बिहार पुलिस और एसएसबी को तैयार रहने को कहा गया है। सीमांचल में बांग्लादेश और बिहार की सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। कटिहार और किशनगंज से बांग्लादेश की सीमा सटी हुई है। ऐसे में बिहार पुलिस मुख्यालय ने सीमावर्ती जिलों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। साथ ही एसएसबी को सतर्क किया गया है और 24 घंटे निगरानी रखने को कहा गया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस और एसएसबी अलर्ट मोड में आ गए हैं। बांग्लादेश और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में गाड़ियों की और हर आने-जाने वालों की सघन जांच की जा रही है। पहचान पत्र देखने के बाद ही किसी को भी भारत में आने की अनुमति दी जा रही है। सीमावर्ती इलाकों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तू की जानकारी होने पर तत्काल सूचना देने को कहा गया है। लोग किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी स्थानीय थाना, जिले के एसपी या टॉल फ्री नंबर 14432 या डायल 112 पर देने की अपील की है उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हालात बेकाबू हो गए हैं। अबतक सैकड़ों लोगों की जान चली गई है जबकि बड़ी संख्या में लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालात इतने बेकाबू हो गए हैं कि क्या आम और क्या खास कोई भी सुरक्षित नहीं है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भारत में शरण लेना पड़ा है। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में कई इमारतों और संस्थानों को आग के हवाले कर दिया है।

# 57 लाख के धान गबन करने के मामले में पैक्स अध्यक्ष पर एफआईआर



**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** पूर्वी जिले के छौड़ादानो प्रखंड के कोदरकट पैक्स अध्यक्ष के विरुद्ध लगभग 57 लाख के धान गबन मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिला सहकारिता पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी छौड़ादानो के द्वारा कोदरकट पैक्स अध्यक्ष के विरुद्ध धान अधिप्राप्ति में अनियमितता बरतने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है, कि बिहार राज्य खरीफ विपणन 2023-24 में कोदरकट पैक्स अध्यक्ष द्वारा कुल 469.70 एमटी धान क्रय किया गया था। जिसका समतुल्य सीएमआर 319.4 एमटी बिहार राज्य खाद्य निगम मोतिहारी को आपूर्ति की जानी थी। परंतु कोदरकट पैक्स द्वारा अभी तक मात्र 174 एमटी सीएमआर राज्य खाद्य निगम मोतिहारी को आपूर्ति की गई। अभी भी 145.4 एमटी सीएमआर का आपूर्ति करना अवशेष बचा हुआ है। जबकि विगत तीन माह से कोदरकट पैक्स अध्यक्ष को पत्राचार, दूरभाष एवं व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के द्वारा सीएमआर आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया। लेकिन पैक्स अध्यक्ष ने सीएमआर की आपूर्त्ति नही की गई। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल के द्वारा 27 जुलाई, 29 जुलाई एवं 31 जुलाई को समीक्षात्मक बैठक में उपस्थित होने के लिए पैक्स अध्यक्ष को निर्देशित किया गया। परंतु पैक्स अध्यक्ष इन बैठकों में भी उपस्थित नहीं हुए। लिहाजा अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल के द्वारा सहकारिता प्रसार पदाधिकारी प्रखंड छोडादानों को उक्त पैक्स के भौतिक जांच का निर्देश दिया गया। जिसके भौतिक जांच में पैक्स गोदाम में धान की मात्रा शून्य पाई गई। जबकि पैक्स गोदाम में 258.575 एमटी धान होना चाहिए था। सहकारिता प्रसार पदाधिकारी प्रखंड छौडादानो ने जांच प्रतिवेदन में उक्त पैक्स के विरूद्ध 258.575 एमटी धान के गबन जिसकी कुल राशि लगभग 56 लाख 44 हजार 692 रुपया बताये जाने के बाद जिला सहकारिता पदाधिकारी पूर्वी चंपारण के निर्देश के आलोक में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी छौड़ादानो के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।




# देश के प्रमुख रईसों में शामिल मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज का जलवा 21 साल से बरकरार

**मुंबई।**
देश के प्रमुख रईसों में शामिल मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार 21 सालों से फॉर्च्यून ग्लोबल लिस्ट में अपनी जगह बनाए हुए है। कोई भी भारतीय कंपनी इतने लंबे समय तक इस लिस्ट में बनी नहीं रह सकी है। यह इसका अपनी तरह का अलग रिकॉर्ड है। फॉर्च्यून ने अपनी वेबसाइट पर 2024 की लिस्ट जारी करते हुए कहा कि पिछले साल इसका रेवेन्यू 108.8 अरब डॉलर और मुनाफा 8.4 अरब डॉलर था। ऑयल एंड नेचुरल गैस लिमिटेड (ओएनजीसी)और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) भी इस लिस्ट में शामिल हैं। मगर ओएनजीसी 22 स्थान फिसलकर नंबर 180 और बीपीसीएल 25 स्थान नीचे जाकर 258वें नंबर पर आ गई हैं। इस लिस्ट में टाटा मोटर्स ने 66 पायदान की लंबी

**पिछले साल का रेवेन्यू 108.8 अरब डॉलर और मुनाफा 8.4 अरब डॉलर**

छलांग मारी है। टाटा ग्रुप की यह कंपनी अब 271वें नंबर पर आ गई है। एचडीएफसी बैंक 306वें नंबर और गोल्ड एवं डायमंड ज्वेलरी बनाने वाले राजेश एक्सपोर्ट्स सूची में 463वें नंबर पर मौजूद हैं। वालमार्ट लगातार 11वें साल नंबर 1 पायदान पर, अमेजन नंबर दो पर पहुंची फॉर्च्यून के अनुसार, अमेरिकी कंपनी वॉलमार्ट लगातार 11वें साल नंबर 1 पायदान पर रही है। पिछले साल नंबर 4 पर रही अमेजन 2024 की लिस्ट में नंबर 2 पर आ गई है। सऊदी अरामको 2023 में नंबर 2 से गिरकर नंबर 4 पर आ गई है। हालांकि, 121 अरब डॉलर के मुनाफे के साथ यह लगातार तीसरे साल लिस्ट में सबसे ज्यादा प्रॉफिट वाली कंपनी बनी हुई है। चीन की सरकारी कंपनी स्टेट ग्रिड लिस्ट में नंबर 3 पर रही है। टॉप 10 में और चीनी कंपनियां भी हैं। फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सालाना रैंकिंग है जो दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों को उनके कुल राजस्व के आधार पर सूचीबद्ध करती है। यह सूची अमेरिकी पत्रिका फॉर्च्यून की ओर से प्रकाशित की जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### विस्तारा, एयर इंडिया और इंडिगो की ढाका के लिए सभी उड़ानें रद्द



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के हालात को देखते हुए टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया, विस्तारा और इंडिगो एयरलाइन कंपनियों ने अपनी सभी उड़ानें (कैंसिल) रद्द कर दी हैं। विमानन कंपनियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा के बाद ढाका के हालातों को देखते हुए यह कदम उठाया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को दी जानकारी में बताया कि देश की प्रमुख एयरलाइन कंपनियों विस्तार, एयर इंडिया और इंडिगो ने ढाका आने-जाने वाली अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। विस्तारा ने ढाका की फ्लाइट्स कैंसिल की हैं, जबकि एयर इंडिया और इंडिगो ने कल देर शाम अपनी उड़ानें रद्द कर दी थीं। विस्तारा के एक अधिकारी ने बताया कि एयरलाइन की उड़ानें प्रतिदिन मुंबई से ढाका और हफ्ते के तीन दिन दिल्ली से ढाका जाया करती थीं। लेकिन वहां के मौजूदा हालात को देखते हुए फिलाहल विस्तारा ने अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। इससे पहले विस्तारा ने सोमवार को मुंबई से अपनी उड़ान को संचालित किया था। वहीं, एयर इंडिया और इंडिगो ने पहले ही अपनी उड़ानें रद्द कर दी थीं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में रिजर्वेशन पॉलिसी के विरोध में हिंसा चरम पर पहुंचने के बाद वहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। फिलहाल वो भारत में हैं।

### एकम्स ड्रग्स के आईपीओ ने सुस्ती के साथ किया बाजार में प्रवेश




**मुंबई।** एकम्स ड्रग्स आईपीओ बाजार में सुस्ती के साथ प्रवेश कर गया है। एनएसई और बीएसई पर एकम्स ड्रग्स का शेयर मंगलवार को 725 रुपये के भाव पर लिस्ट हुआ, जो 679 रुपये के प्राइस बैंड से मात्र 6.8 फीसदी ज्यादा है। बाजार विशेषज्ञ ने एकम्स ड्रग्स के शेयर 780 से 800 रुपये प्रति शेयर के बीच लिस्ट होने के अनुमान जताया था जबकि कंपनी के शेयर मात्र 725 रुपये पर लिस्ट हुए। एक समय एकम्स ड्रग्स का ग्रे बाार प्रीमियम 181 रुपये तक चल रहा था। ग्रे मार्केट प्रीमियम निवेशकों की किसी आईपीओ के लिए प्राइस बैंड से ज्यादा मूल्य पर भुगतान करने की इच्छा को दिखाता है। एकम्स ड्रग्स आईपीओ को कुल मिलाकर 63.56 गुना सब्सक्राइब किया गया था। एनएसई के सब्सक्रिप्शन स्टेटस डेटा के अनुसार इस इश्यू को 96.36 करोड़ इक्विटी शेयरों के लिए बिड्स मिली हैं जबकि ऑफर में 1.51 करोड़ शेयर ही थे। पब्लिक इश्यू को रिटेल इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स कैटेगरी में 21.30 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है और नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटेगरी में 42.21 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स का पोर्शन 90.09 गुना सब्सक्राइब हुआ है। कंपनी के मुख्य बोर्ड ने अपने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 646 से 679 रुपये के प्रति इक्विटी शेयर पर तय किया था।

### फर्स्टक्राई का आईपीओ खुला, 4193 करोड़ जुटाने का लक्ष्य




**मुंबई।** फर्स्टक्राई ब्रांड नाम से छोटे बच्चों के कपड़े और खिलौनों बेचने वाली कंपनी ब्रेनबीज सॉल्यूशंस का आईपीओ खुल गया है। फर्स्टक्राई बच्चों और शिशुओं की खरीदारी के क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों में से एक है। कंपनी का मुख्यालय पुणे में है। फर्स्टक्राई ने इस पब्लिक इश्यू के जरिये 4193.73 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी का आईपीओ 6 अगस्त को बोली लगाने के लिए खुल गया और यह गुरुवार को सब्सक्राइब करने के लिए बंद हो जाएगा। जो निवेशक इस आईपीओ में पैसा लगाना चाहते हैं वे दांव लगाने से पहले इस इश्यू से जुड़ी जरूरी बातें जान लें। फर्स्टक्राई के आईपीओ में 35,827,957 शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर 1666 करोड़ तक है। कंपनी ने 2 रुपये प्रति शेयर के फेस वैल्यू के साथ 54,359,733 शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव भी रखा है, जो कुल मिलाकर 2527.73 करोड़ तक है। फर्स्टक्राई ने आईपीओ के नेट ऑफर का 75 फीसदी क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स, 10 प्रतिशत से अधिक रिटेल इन्वेस्टर्स और 15 फीसदी नॉन-इन्टीट्यूशनल निवेशकों के लिए रिजर्व रखा है। कंपनी ने अपने आईपीओ लिए प्राइस बैंड 440-465 रुपये प्रति शेयर तय किया है।

## शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी

# सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,355 अंक तक टूटा निवेशकों को 1.57 लाख करोड़ का नुकसान

**सेंसेक्स 0.21 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद**



**नई दिल्ली।**
अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन घरेलू शेयर बाजार को गिरावट का सामना करने के लिए मजबूर कर दिया। मंगलवार को कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी और एक प्रतिशत से अधिक की छलांग भी लगाई लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली का जोर और वैश्विक दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक अपनी पूरी बढ़त गंवा कर लाल निशान में पहुंच गए। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.21 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

मंगलवार को कारोबार में मेटल, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी मंगलवार को भी लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.57 प्रतिशत टूट कर कारोबार का अंत किया।

मंगलवार को बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार घट कर 440.27 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 441.84 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 1.57 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

मंगलवा को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,028 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,573 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,344 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 111 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,362 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 812 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,550 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर बढ़त के साथ और 19 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 222.57 अंक की मजबूती के साथ 78,981.97 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स कुछ ही देर में 1,092.68 अंक उछल कर 79,852.08 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद वैश्विक दबाव की वजह से बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। इस बिकवाली के कारण ये सूचकांक अपनी सारी बढ़त गंवा कर ऊपरी स्तर से 1,355.51 अंक टूट कर 262.83 अंक की कमजोरी के साथ 78,496.57 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि, आखिरी आधे घंटे के कारोबार में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई खरीदारी के कारण सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 100 अंक की रिकवरी करके 166.33 अंक की गिरावट के साथ 78,593.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 134.25 अंक की तेजी के साथ 24,189.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर ये सूचकांक 327 अंक की मजबूती के साथ 24,382.60 अंक तक पहुंच गया। निफ्टी के इस ऊंचाई पर पहुंचने के बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक भी गिरावट का शिकार हो गया। बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले से ये सूचकांक 422.20 अंक लुढ़क कर 95.20 अंक की गिरावट के साथ 23,960.49 तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 63.05 अंक की कमजोरी के साथ 23,992.5 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ब्रिटानिया 2.75 प्रतिशत, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.34 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.86 प्रतिशत, लार्सन एंड टूब्रो 1.37 प्रतिशत और एलटी माइंडट्री के शेयर 1.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, एचडीएफसी लाइफ 4.40 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 2.77 प्रतिशत, बीपीसीएल 2.05 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 1.89 प्रतिशत और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 1.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ अटॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# पेट्रोल-डीजल पंजाब सहित कई राज्यों में सस्ता हुआ



**नई दिल्ली।**
भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के भाव पर आधारित होती हैं। आपको बता दें कि भारतीय तेल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद रोज पेट्रोल और डीजल के भाव तय करती हैं। जिसके बाद हर दिन सरकारी तेल कंपनियों पेट्रोल और डीजल का नए भाव अपडेट करती है। तेल कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है, जिसका असर आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीज़ल के दामों पर पड़ सकता है। मंगलवार को बिहार में पेट्रोल-डीजल महंगा हो गया है। यहां पेट्रोल 9 पैसे बढ़कर 107.30 रुपये प्रति लीटर और डीजल 3 पैसे बढ़कर 89.71 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, झारखंड, राजस्थान और तंलगाना, असम, हिमाचल, मध्य प्रदेश में पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ गए हैं। वहीं महाराष्ट्र में पेट्रोल के दाम 23 पैसे घटकर 104.53 रुपये प्रति लीटर और डीजल 20 पैसे घटकर 91.06 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसके अलावा छत्तीसगढ़, गोवा, हरियाणा, केरल, ओडिशा, पंजाब, तामिलनाडु, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट आई है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.44 रुपये और डीजल की कीमत 89.97 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपये और डीजल की कीमत 91.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है।

### भारत का स्वर्ण उद्योग नए संघ का गठन करेगा

**मुंबई।** भारतीय स्वर्ण उद्योग ने क्षेत्र में विश्वास की कमी को दूर करने तथा पारदर्शिता बढ़ाने के लिए भारतीय स्वर्ण उत्कृष्टता एवं मानक संघ (आईएजीईएस) के गठन की मंगलवार को घोषणा की। यह विश्व स्वर्ण परिषद द्वारा समर्थित एक स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) के एक क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि आईएजीईएस के लिए रूपरेखा स्वतंत्र रूप से संचालित और पेशेवर रूप से प्रबंधित की जाएगी।

# सेबी ने पांच कंपनियों को आईपीओ के लिए दी हरी झंडी

**नई दिल्ली।**
बजाज हाउसिंग फाइनेंस और मनबा फाइनेंस समेत पांच कंपनियों को बाजार नियामक सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के मुताबिक आईपीओ लाने की मंजूरी पाने वाली कंपनियों में बाजार स्टाइल रिटेल, डिफ्यूजन इंजीनियर्स लिमिटेड और दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स इंडिया भी शामिल हैं। दूसरी तरफ सेबी ने 31 जुलाई को संथान टेक्सटाइल्स लिमिटेड के आईपीओ संबंधी दस्तावेजों के मसौदे को वापस कर दिया। इसके साथ ही सेबी ने एसके फाइनेंस की प्रस्तावित 2,200 करोड़ रुपये की आरंभिक शेयर बिक्री पर लगी रोक हटा दी है। सेबी के अपडेट के मुताबिक मार्च और जून के बीच आईपीओ संबंधी दस्तावेज दाखिल करने वाली पांच कंपनियों को 30 जुलाई से पांच अगस्त के दौरान नियामकीय अवलोकन पत्र मिले हैं। अवलोकन पत्र पाने का मतलब सार्वजनिक निर्गम जारी




करने की मंजूरी से है। दस्तावेजों के मुताबिक बजाज हाउसिंग फाइनेंस के 7,000 करोड़ रुपये के आईपीओ में 4,000 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर और मूल कंपनी बजाज फाइनेंस द्वारा 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) की जाएगी। यह शेयर बिक्री भारतीय रिजर्व बैंक के उन नियमों का पालन करने के लिए की जा रही है, जिसके तहत ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को सितंबर, 2025 तक शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होना जरूरी है। मनबा फाइनेंस का प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से 1.26 करोड़ शेयरों का एक नया निर्गम होगा और इसमें कोई ओएफएस नहीं होगा।

# सर्राफा मार्केट में सपाट स्तर पर रहा कारोबार, चांदी में दिखा मामूली तेजी

**नई दिल्ली।**
घरेलू सर्राफा बाजार में सोना सपाट स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। हालांकि चांदी की कीमत में मंगलवार को मामूली तेजी दर्ज की गई है। सोने की कीमत के सपाट स्तर पर बने रहने की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 70,950 रुपये से लेकर 70,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना सर्राफा बाजारों में 64,990 रुपये से लेकर 64,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर चांदी की कीमत में 400 रुपये तक की तेजी बनी हुई है, जिसकी वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 85,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना भी 70,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 64,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 70,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 64,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 64,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना मंगलवार को 70,620 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 64,740 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 70,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 64,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 70,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 64,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 70,620 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 64,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 70,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 64,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 70,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 64,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## रिकवरी मोड में ग्लोबल मार्केट

# निक्केई इंडेक्स में 10 प्रतिशत से ज्यादा मजबूती

**नई दिल्ली।**
दुनिया भर के शेयर बाजार में सोमवार को मचे कोहराम के बाद मंगलव ार को ग्लोबल मार्केट से शांति के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार जोरदार गिरावट के साथ बंद हुए। लेकिन मंगलवार को डाउ जॉन्स फ्यूचर्स में मजबूती नजर आ रही है। अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान सोमवार को बड़ी गिरावट का शिकार हुए थे। वहीं, एशिया के बाजार भी कल की गिरावट के शानदार रिकवरी करते नजर आ रहे हैं।

पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में लगातार दबाव बना रहा। टेक कंपनियों के शेयर में 3 से 6 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। आर्थिक मंदी की आशंका के कारण अमेरिकी बाजार का मार्केट कैप एक झटके में 1.4 ट्रिलियन डॉलर कम हो गया। एसएंडपी 500 इंडेक्स 160.23 अंक यानी 3 प्रतिशत टूट कर 5,186.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



इसी तरह नैस्डेक ने 576.08 अंक यानी 3.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,200.08 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 382.67 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की मजबूती के साथ 39,085.94 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार के सूचकांक भी पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार हुए। एफटीएसई इंडेक्स 166.48 अंक यानी 2.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,008.23 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 102.81 अंक यानी 1.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,148.99 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 322.22 अंक यानी 1.86 प्रतिशत फिसल कर 17,339 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सोमवार को मचे हड़कंप के बाद एशियाई बाजार भी रिकवरी के मोड में नजर आ रहे हैं। एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। सिंगापुर के स्टॉक एक्सचेंज में गिरावट की वजह से स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स फिलहाल 0.70 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,221.08 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 200 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,322 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 0.46 प्रतिशत उछल कर 16,775.65 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। निक्केई इंडेक्स ने जोरदार मजबूती दिखाते हुए सोमवार को हुए नुकसान की पूरी भरपाई कर ली है। फिलहाल ये सूचकांक 3,157.96 अंक यानी 10.04 प्रतिशत की छलांग लगा कर 34,616.38 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 803.08 अंक यानी 4.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ 20,633.96 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 106.06 अंक यानी 4.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,547.61 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 1.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,140.12 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.59 प्रतिशत उछल कर 1,282.21 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ 2,861.87 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

### रुपया 25 पैसे बढ़कर 83.84 प्रति डॉलर

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों और घरेलू शेयर बाजारों में तेजी से रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर 25 पैसे की बढ़त के साथ 83.84 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। बाजार के जानकारों का कहना है कि घरेलू बाजार में उछाल से स्थानीय मुद्रा को थोड़ा समर्थन मिला।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति, पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि और विदेशी पूंजी की निकासी ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपया 83.92 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.84 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 25 पैसे की बढ़त को दिखाता है।

# परिवार के साथ बेहतरीन समय बिता रहे शाहरुख खान

## - न्यूयॉर्क के रेस्तरां से वीडियो वायरल



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर शाहरुख खान न्यूयॉर्क में अपने परिवार के साथ कुछ बेहतरीन समय बिताते हुए देखा जा सकता है। शाहरुख के भारत आने के बाद उनका यह वीडिया सामने आया है। इस वीडियो में शाहरुख अपने 11 साल के बेटे अबराम के साथ एक रेस्टोरेंट में नजर आ रहे हैं। वायरल हो रहे इस वीडियो में शाहरुख खान एक टेबल पर बैठे दिख रहे हैं, तभी अबराम उनके पास आकर बैठ जाता है। एक फैन ने शाहरुख खान को रेस्टोरेंट में देखा और इसक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया। फैन ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, जब आप थाई विला में हों और शाहरुख को अपने सामने टेबल पर बैठे हुए देखें। शाहरुख खान अपने फूड आने का इंतजार कर रहे हैं। वह अपने बालों पर हाथ मारते हुए सही करते हैं, जबकि अबराम चहलकदमी करते दिख रहे हैं। इससे पहले, शाहरुख का न्यूयॉर्क से एक और वीडियो वायरल हुआ था जिसमें उन्हें अपनी बेटी सुहाना खान के साथ शॉपिंग करते हुए देखा गया। इंस्टाग्राम पर बंटी भैया के नाम से मशहूर एक भारतीय कंटेंट क्रिएटर ने खान फैमिली को न्यू बैलेंस फुटवियर स्टोर पर देखा और उनके घूमते-फिरते और जूते ट्राई करते हुए एक छोटी क्लिप रिकॉर्ड की। क्लिप में उन्होंने कहा, मैं न्यूयॉर्क में न्यू बैलेंस स्टोर पर हूं, जहां शाहरुख खान सर और सुहाना आए हैं। बात करें वर्कफ्रंट की, तो शाहरुख खान ने 2023 में तीन ब्लॉकबस्टर फिल्मों- पठान, जवान और डंकी के साथ बॉक्स ऑफिस पर राज किया। पठान की सक्सेस ने उन लोगों को मुंह पर ताला लगा दिया जिनका कहना था कि जीरो के बाद शाहरुख का करियर खत्म हो गया है। शाहरुख लगातार तीन ब्लॉकबस्टर दी। वह अब किंग में बेटी सुहाना खान के साथ नजर आएंगे। इसकी शूटिंग अभी चल रही है। मालूम हो कि शाहरुख खान को लेकर हाल में खबर आई थी कि वह अमेरिका में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए गए हैं। शाहरुख के साथ उनकी फैमिली भी न्यूयॉर्क गई थी। उनके ट्रीटमेंट से जुड़ा तो अपडेट नहीं मिल पाया है, लेकिन एक वीडियो जरूर सामने आया है।

# फरदीन की अब आने वाली खेल खेल में मल्टी-स्टारर फिल्म

## -फिल्म कास्ट और क्रू के साथ शेयर किया वीडियो



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर फरदीन खान की अब खेल-खेल में मल्टी-स्टारर फिल्म आने वाली है। इसमें वो अक्षय कुमार के साथ हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर जारी हुआ। फिल्म कास्ट और क्रू के साथ एक वीडियो शेयर किया और अपना फीलिंग्स शेयर की। फरदीन खान ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट की जहां वो खेल खेल में फिल्म की कास्ट संग प्रमोशन करते और मस्ती करते दिखे। इसके साथ कैप्शन में एक्टर ने अपनी फीलिंग्स शेयर की और लिखा- मैं आप सभी के साथ खेल खेल में का ट्रेलर शेयर करते हुए बेहद एक्साइटेड हूं! ये पल मेरे लिए बहुत ही इमोशनल है क्योंकि ये 14 सालों में मेरी पहली थियेट्रिकल रिलीज है। बड़े पर्दे पर वापसी करना पुरानी यादों, उत्साह और कृतज्ञता से भरा एक सफर रहा है। फरदीन ने बताया कि उनकी कमबैक से पहले की आखरी रिलीज दूल्हा मिल गया को भी खेल खेल में के डायरेक्टर ने ही बनाया था। वो बोले- मुदस्सर अजीज उर्फ एमए के साथ इस फिल्म पर काम करना अलग एक्सपीरियंस रहा है, दूल्हा मिल गया फिल्म की बहुत सारी यादें ताजा हो गईं, जो किस्मत से मेरी आखिरी सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म भी थी। एमए के विजन और डेडिकेशन ने इस प्रोजेक्ट को हम सभी के लिए खास बना दिया है। और मैं इसका हिस्सा बनकर खासतौर से भाग्यशाली महसूस करता हूं। एक्टर ने खेल खेल में की कास्ट को भी थैंक्यू कहा और लिखा- फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू को, जिनके टैलेंट और जुनून ने इस कहानी को सबसे खूबसूरत तरीके से जीवंत किया है। आप में से हर एक ने फिल्म में एक अलग ही तरह का फील जोड़ी है, जिससे साथ काम करना और भी खुशी की बात हो गई। मैं फिल्म मेकिंग के दौरान मुझे दिखाए गए गर्मजोशी, प्यार और सम्मान के लिए हमेशा आभारी रहूंगा। आपने मुझे इतने लंबे समय से थियेटर से दूर रहने के बाद भी इतना वेलकमिंग महसूस कराया। धन्यवाद। फरदीन ने आगे फैंस को डेडिकेट कर लिखा- मेरे परिवार, दोस्तों और फैंस को- सालों से आपका अटूट सपोर्ट मेरी ताकत रहा है। आपके प्यार और प्रेज के बिना ये वापसी संभव नहीं होती। मुझे उम्मीद है कि खेल खेल में आपको पसंद आएगी और आपके दिलों में भी उतनी ही खुशी लाएगी जितनी हमारे दिलों में है। इस सफर में मेरे साथ रहने के लिए धन्यवाद। फरदीने का ये ग्रैटीट्यूड पोस्ट पढ़ कर फैंस भी इमोशनल होते नजर आए। कमेंट कर सभी ने उन्हें उनकी नई पारी के लिए बधाई दी। खेल खेल में फिल्म में अक्षय कुमार, फरदीन खान के साथ साथ एमी विर्क, आदित्य सील, वाणी कपूर, प्रज्ञा जैसवाल, तापसी पन्नू भी होंगे। ये फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होगी। हालांकि फरदीन के साथ-साथ अक्षय के लिए भी बड़ा चैलेंज होगा कि उनकी फिल्म दर्शकों के दिलों पर कितना छाप छोड़ पाती है। क्योंकि 15 अगस्त को ही जॉन अब्राहम की देशभक्ति फिल्म वेदा और राजकुमार राव-श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 भी रिलीज होने वाली है। दोनों ही फिल्मों का फैंस के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि कोन सी फिल्म ऑडियन्स को ज्यादा लुभाती है। बता दें कि बॉलीवुड के हैंडसम हंक फरदीन खान ने 14 साल बाद संजय लीला भंसाली की हीरामंडी सीरीज से वापसी की थी। एक्टर अब फिल्म इंडस्ट्री में फिर से एक्टिव हो चुके हैं।

# इरफान साहब वाकई बेमिसाल हैं: अतुल मोहन

## - ट्रेड एनालिस्ट बोले- नवाजुद्दीन इरफान साहब के बेहद करीब है



**मुंबई (ईएमएस)।** सीनियर ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन ने सटीक कहा है, पिछले कुछ सालों में मैंने कई अभिनेताओं को देखा है, लेकिन इरफान साहब वाकई बेमिसाल हैं। जब मैं नवाजुद्दीन सिद्दीकी के करियर और उनकी अभिनय क्षमता का मूल्यांकन करता हूँ, तो मैं कह सकता हूँ कि वे इरफान साहब के बहुत करीब हैं। उन्होंने कई फि ल्मों में साथ काम किया है, और अगर किसी को याद है कि इरफान साहब कोई खास भूमिका निभा सकते थे, तो वे उस भूमिका के लिए नवाज पर विचार कर सकते हैं। मेरा मानना है कि नवाज इरफान की विरासत को अपने अनूठे अंदाज में आगे बढ़ा रहे हैं, जो वाकई खास है। जैसा कि हम इरफान खान और नवाजुद्दीन सिद्दीकी को याद करते हैं, यह स्पष्ट है कि भारतीय सिनेमा में उनका काम बहुत मूल्यवान है। उन्होंने कई अलग-अलग किरदारों को जीवंत किया और दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी है। मालूम हो कि इरफान खान और नवाजुद्दीन सिद्दीकी, जैसे दो महान अभिनेता, ने पांच शानदार फिल्मों में एक साथ काम किया है, जिसमें द लंचबॉक्स, पान सिंह तोमर, द बाईपास, आजा नचले, और न्यू यॉर्क का नाम शामिल है। उन्होंने साथ काम कर के दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी है। मकबूल में इरफान द्वारा निभाए गए एंटी हीरो किरदारों से गैंग्स ऑफ वासेपुर से लेकर द नेमसेक और मांझीः द माउंटेन मैन में नवाजुद्दीन के दृढ़ निश्चयी नायक की भूमिका निभाई है, दोनों एक्टर्स ने अपनी भूमिकाओं में काफी वेराइटी और गहराई दिखाई है, जिससे उनके किरदार रिलेट करने वाले और इमोशनल तौर से कभी मजबूत बन गए। लंचबॉक्स और फोटोग्राफ में उन्होंने साधारण किरदारों को इस तरह निभाया कि वे दर्शकों से गहराई से जुड़ गए। तलवार और रमन राघव 2.0 में उनके दमदार अभिनय ने उनकी असाधारण प्रतिभा को दशार्या, जिससे वे इंडस्ट्री में अलग पहचान बना पाए।

# पंचायत में हर दिन एक नया एक्सपीरियंस : फैसल मलिक



पंचायत सीरीज में उप-प्रधान प्रहलाद चा का एक किरदार है, जिन्होंने दर्शकों को खूब हंसाया भी है और रुलाया भी है। इस किरदार को एक्टर फैसल मलिक ने बड़ी ही शिद्दत से निभाया है। फैसल मलिक इंडियन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के टैलेंटेड एक्टर्स में से एक है। उन्होंने अपने जर्नी और एक्सपीरियंस को लेकर खुलकर बात की। एक्टर ने कहा, पंचायत में हर दिन एक नया एक्सपीरियंस है। नीना गुप्ता मैम और रघु भाई ने कमाल का काम किया है। दोनों अपने आप में एक इंस्टीट्यूट हैं। हम इनसे जितना भी सीखना चाहे, कम है। प्रह्लाद पांडे का किरदार निभाने के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में फैसल मलिक ने कहा, हर एक्ट एक चुनौती है, हर परफॉर्मेंस एक चुनौती है। इन सबमें एक अच्छी बात यह है कि मेरे किरदार को लोगों ने काफी पसंद किया और मैं अगले साल भी ऐसा ही करने की पूरी कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने कैरेक्टर की सादगी ने काफी प्रभावित किया। बता दें कि पंचायत सीरीज का हर किरदार बेहद खास है और दर्शकों के दिलों के बेहद करीब है।

# अपकमिंग फिल्म वेदा का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म वेदा का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। एक्टर जॉन अब्राहम की इस फिल्म के ट्रेलर ने फैंस को काफी इंप्रेस कर रहा है। फिल्म में जॉन अब्राहम, अभिषेक बनर्जी, तमन्ना भाटिया और मौनी रॉय हैं। कई हस्तियां भी ट्रेलर पर अपना रिएक्शन दे रही हैं। इस कड़ी में एक्ट्रेस आलिया भट्ट की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। वेदा में एक्ट्रेस शरवरी वाघ खास रोल में है, उन्होंने फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर शेयर किया। अपनी पोस्ट में शरवरी ने लिखा, जस्टिस. इक्वलिटी. लिबर्टी. एक लड़ाई, जिसे वेदा और अभिमन्यु अंत तक लड़ेंगे। वेदा का ट्रेलर रिलीज हो चुका हुआ है! फिल्म स्वतंत्रता दिवस पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज होगी! शरवरी की पोस्ट को आलिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर रीपोस्ट किया और कैप्शन में यह लड़की आग लगाने वाली है, और साथ में फायर इमोजी भी शेयर की।

# फिल्म फेस्टिवल का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना: आदिल हुसैन



एक्टर आदिल हुसैन ने कहा कि फिल्म फेस्टिवल का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना होता है। साथ यह बेहद जरूरी है कि किसी तरह की जागरूकता फैलाई जा रही है। फिल्म फेस्टिवल बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। यह विभिन्न तरह की कला को एक मंच पर लाता है। एक कार्यक्रम में आदिल ने फिल्म फेस्टिवल की उपयोगिता और इसके महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मैं भी इससे बेंगलुरु और पांडिचेरी में जुड़ा हूं। हर जनरेशन को आर्ट और कल्चर के बारे में जानना बेहद जरूरी है। कई पीढ़ियों को ग्रामीण भारत को जानने का मौका मिला। भारत एक देश नहीं बल्कि महादेश है। भारत के ग्रामीण जीवन के कई प्रकार हैं। लोगों को इसके बारे में जानना चाहिए। शहरी व्यक्ति हर समय अपने मोबाइल, स्क्रीन पर व्यस्त होता है। वो भी तब जब वो अपने माता-पिता से बात कर रहे होते हैं। बता दें कि एक्टर  एक बेहद संजीदा और बहुमुखी प्रतिभा के धनी अभिनेता हैं। उन्होंने अपने बेहतरीन अभिनय से भारतीय फिल्म इंड्रस्टी में अलग पहचान बनाई है। अपने दो दशकों के अब तक के करियर में उन्होंने विभिन्न विषयों पर फिल्में की हैं।

# जितना कमा रही हूं, उससे मेरा घर चल रहा है: तापसी पन्नू

## -एक्ट्रेस बोली-नहीं बनना हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने कहा कि वह हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्हें जितना काम मिल रहा है और काम के बदले में जो भी फीस मिल रही है, उससे वह बहुत खुश हैं। इसके अलावा उन्होंने अपने करियर और लाइफ में कुछ नहीं चाहिए। एक इंटरव्यू के दौरान तापसी पन्नू से पूछा गया कि क्या कभी उन्होंने काम गंवाया है क्योंकि आपने कई मौकों पर कहा कि मैं अभी उतनी इनसाइडर नहीं हुईं है और उन्होंने अपने पर अपना रास्ता खुद तैयार किया? जवाब में एक्ट्रेस ने हामी भरते हुए कहा, हां ऐसा हुआ है, लेकिन ठीक है। ये मेरी लाइफ का एंड नहीं है। मुझे लगता है और मैंने हमेशा कहा है कि मेरी लाइफ की बहुत सीमित है। मैं किसी और की तरह नहीं जीना चाहती। मैं अपनी लाइफ अपने तरीके से जीना चाहती हूं। तापसी पन्नू ने आगे कहा, ज्यादा से ज्यादा क्या होगा कि मैं नंबर 1 हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस नहीं बन पाऊंगी। मुझे नहीं बनना है हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस। मैं जितना कमा रही हूं, उससे मेरा घर चल रहा है। आज सुबह मैंने अक्षय सर का एक इंटरव्यू पढ़ा, जो बहुत पसंद आया। वह कहते हैं कि मुझे ये सब सुनकर लगता है कि मैं महालक्ष्मी रेस कोर्स में दौड़ता हुआ घोड़ा हूं। मेरी लाइफ में मैं हमेशा नंबर 1 पर हूं क्योंकि मैं अकेली भाग रही हूं और मैं वही रहूंगी। वर्क फ्रंट की बात करें तो तापसी पन्नू ने साल 2013 में फिल्म चश्मेबद्दूर से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इन दिनों वह अपनी नई फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। इसमें वह विक्रांत मैसी और सनी कौशल के साथ नजर आएंगी। ये मूवी 9 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बता दें कि तापसी पन्नू अपनी बेबाकी के लिए मशहूर हैं। वह हर मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं।

# सी-सेक्शन डिलीवरी के लिए तैयार अभिनेत्री प्रणिता

अभिनेत्री प्रणिता सुभाष सी-सेक्शन डिलीवरी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। एक्ट्रेस अपने दूसरे बच्चे का परिवार में स्वागत करने जा रही हैं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी गर्भावस्था के दौरान सामने आए लक्षणों के बारे में बताते हुए अपने पति नितिन राजू के साथ एक तस्वीर भी शेयर की है। कैप्शन में उन्होंने लिखाः रातों की नींद हराम होना, हार्मोनल परिवर्तन, एसिड रिफ्लक्स, पेल्विक दर्द और सी-सेक्शन की तैयारी। सी-सेक्शन एक सिजेरियन प्रक्रिया है जिसमें नॉर्मल डिलीवरी न करके बच्चे को जन्म देने के लिए सर्जरी की जाती है। मालूम हो कि एक्ट्रेस ने 2010 में कन्नड़ फिल्म पोरकी से शुरूआत की थी। इसमें उनके साथ दर्शन भी थे। इसके बाद उन्हें सिद्धार्थ अभिनीत तेलुगु फिल्म बावा में देखा गया। वह अरुलनिथि-स्टारर उधयन नामक एक तमिल फिल्म में भी दिखीं। इसके बाद अभिनेत्री को सगुनी, जरासंध, भीमा थेरादल्ली, सीटी, अत्तरिन्तिकी दरेदी, ब्रह्मा, पांडवुलु पांडवुलु थुम्मेदा, मास्स, डायनामाइट, ब्रह्मोत्सवम जैसी फिल्मों में देखा गया। प्रणिता ने मई 2021 में राजू से शादी की और एक साल बाद अपनी पहली संतान - एक बेटी - को जन्म दिया। प्रणिता ने कन्नड़, तेलुगु, तमिल, हिंदी और मलयालम फिल्मों में काम किया है।



## सूडोकु नवताल- 6876

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6875 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7623

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | रा | डा. | आं | बे | ड | क | र | झ | क | अ |
| वि | च | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | ब्दु |
| शं | र | ह | वि | नो | बा | भा | वे | ला | ल | ल |
| क | म | दा | च | ल | क | इं | हा | दा | रा | क |
| र | जा | र | सी | हा | मि | री | दि | स | जी | ला |
| ह | कि | प | वी | दा | ह | ला | ती | रा | व | म |
| ट | र | बु | र | र | म | ट | ह | ला | गां | क |
| बा | हु | वा | म | क | छ | सौ | न | ट | धी | धी |
| स | सै | तें | न | ह | अ | म | र्त्य | से | न | द |
| र | न | प | ति | रं | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| म | द | र | टे | रे | सा | बौ | ख | ला | ह | ट |

*शब्द जाल में 10 भारत रत्न प्राप्त लोगों के नाम ढूंढिए.शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

रवि शंकर, अमर्त्य सेन, राजीव गांधी, अब्दुल कलाम, डा. आंबेडकर, सी.वी. रमन, जाकिर हुसैन, मदर टेरेसा, इंदिरा गांधी, विनोबा भावे

### शब्दजाल - 7622 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रि | अ | मे | क | अ | मि | ता | भ | ब | च्च | न |
| ति | भि | क | म | क्ष | डो | ने | ग | ति | मा | ला |
| क | षे | र | ला | य | ग | अं | द | ह | प | आ |
| रो | क | ल | का | कु | न | स | ध | ह | लि | मि |
| श | ब | स | ल | मा | न | खा | न | का | न | र |
| न | च्च | का | र | र | ल | का | त | ह | र | खा |
| र | न | ल | मा | व | शा | ह | रु | ख | खा | न |
| र | ज | भा | र | न | प | स | रा | ल | वि | ला |
| क | न | नी | अ | सै | फ | अ | ली | खा | न | दे |
| र | का | ति | का | न | शा | हि | द | क | पू | र |
| बां | र | ल | प | त | स | स | त्ता | प | र | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6576

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | 7 |
| 2 | 31 | | 31 | | 28 | 2 |
| | 2 | 1 | | 3 | | 4 |
| 3 | 34 | 6 | 31 | | 33 | |
| | 5 | | 3 | 2 | | 1 |
| 5 | 31 | 5 | 32 | 7 | 38 | 3 |
| | | | 4 | | | 6 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6575 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 31 | 3 | 37 | 1 | 28 | 7 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 1 | 2 |
| 2 | 29 | 6 | 40 | 7 | 34 | 3 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 32 | 4 | 26 | 5 | 34 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# पेरिस ओलंपिक : अमेरिकी महिला तैराक कैटी ने लारिसा के रिकार्ड की बराबरी की




**पेरिस।**
अमेरिका की महिला तैराक स्वीमर कैटी लेडेकी ने पेरिस ओलंपिक खेलों में दो स्वर्ण जीतकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। कैटी के अब ओलंपिक में 9 स्वर्ण हो गये हैं। इसके साथ ही उन्होंने ओलंपिक के महिला वर्ग में सबसे अधिक 9 स्वर्ण जीतने के लारिसा लातयनीना के रिकॉर्ड की बराबरी की है। लारिसा ने साल 1956 और 1960 के ओलंपिक में तब के सोवियत संघ की ओर से जिमनास्टिक में 9 स्वर्ण जीते थे। वहीं कैटी ने साल 2012 से अब तक के अपने ओलंपिक केरियर में 9 स्वर्ण सहित कुल 14 पदक जीते हैं। इसी के साथ ही कैटी अपने ही हमवतन माइकल फेल्प्स व मार्क स्पिट्ज जैसे तैराकों के क्लब में शामिल हो गयी है।

फ़ेल्प्स के बाद चार ओलंपिक में एक ही इवेंट में स्वर्ण जीतने वाली कैटी दूसरी तैराक है। उसने 2012 के लंदन ओलंपिक में 800 मीटर महिला फ्रीस्टाइल इवेंट में भी स्वर्ण जीता था। इसके अलावा 2016 के रियो, 2020 के टोक्यो और 2024 के पेरिस ओलंपिक में भी उसे स्वर्ण मिला था। पेरिस ओलंपिक में कैटी ने 800 और 1500 मीटर फ्रीस्टाइल इवेंट में स्वर्ण, 4 गुणा 200 फ्रीस्टाइल में रजत और 400 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक जीता था। ओलंपिक तैराकी में अब तक कैटी से ज्यादा पदक अमेरिका के ही फेल्प्स के नाम हैं। फेल्प्स ने 23 स्वर्ण सहित 28 पदक जीते हैं। ने ही जीते हैं। अमेरिका के मेल स्वीमर मार्क स्पिट्ज और सी ड्रेसल ने भी ओलंपिक तैराकी इवेंट में 9 स्वर्ण जीते हैं। स्पिट्ज ने 11 और ड्रेसल ने 10 मेडल जीते हैं.

कैटी अब 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक में भी उतरेंगी। उन्होंने पेरिस ओलंपिक के पहले कहा था, 'अपने देश में होने वाले ओलंपिक में उतरने का मौका खास होता है. इस समय मैं निश्चित रूप से 2028 के ओलंपिक में भाग लेने के बारे में सोच रही हूं। भले ही मैं रिले इवेंट में भाग लूं, लेकिन ऐसा करना चाहती हूं।'

### डुप्लांटिस ने नौवीं बार स्वर्ण जीतकर बनाया रिकार्ड



सेंट डेनिस। स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की पोल वॉल्ट स्पर्धा में नौवीं बार स्वर्ण पदक जीता है। डुप्लांटिस ने इस मुकाबले में 6.025 मीटर की कूद लगाकर अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। इस एथलीट ने ओलंपिक खेलों में पहली बार यह उपलब्धि हासिल की है। डुप्लांटिस के इस मैच में स्वीडन के राजा और रानी भी उपस्थित थे। ये एथलीट लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर और एक सेंटीमीटर के अंतर से नौवीं बार रिकॉर्ड तोड़कर अब महान पोल वॉल्ट खिलाड़ी सर्गेई बुबका के काफी करीब पहुंच गया है। डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट में इससे पहले भी 2019 में 6.17 मीटर की ऊँचाई पर कूदकर नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया, और 2020 में इस रिकॉर्ड को बढ़ाकर 6.18 मीटर का रिकार्ड बनाया था। 2020 टोक्यो ओलंपिक में उन्हें उन्होंने 6.02 मीटर की ऊँचाई पर कूदकर स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा 2018 और 2022 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी स्वर्ण जीते थे। उन्होंने 2018 और 2022 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पोल वॉल्ट इवेंट में स्वर्ण पदक जीते।

## न्यूज ब्रीफ

### एशियाई लाठीखेल प्रतियोगिता में बंगाल के श्रीजीत ने जीते तीन पदक



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के श्रीजीत पाल ने 4-5 अगस्त 2024 को थिम्फू, भूटान में आयोजित *द्वितीय दक्षिण एशियाई लाठीखेल प्रतियोगिता* में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। श्रीजीत पाल ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में कई दक्षिण एशियाई देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने-अपने देशों के लिए पदक जीते। श्रीजीत पाल के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल पश्चिम बंगाल बल्कि पूरे भारत को गर्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि ने लाठी खेल के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित किए हैं। यह प्रतियोगिता भूटान की राजधानी थिम्फू में आयोजित की गई थी, जहां विभिन्न आयु और वजन वर्गों में खिलाड़ियों ने भाग लिया। श्रीजीत पाल ने अपने अद्वितीय कौशल और धैर्य से स्वर्ण और रजत पदक जीते, जिससे उनकी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रमाण मिला है। श्रीजीत पाल की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, दोस्तों और समर्थकों ने उन्हें बधाई दी है। इस सफलता के बाद लोगों को उम्मीद है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे और भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन करते रहेंगे।

### दक्षिण अफ्रीका के नये बल्लेबाजी कोच बने इमरान खान



**केप टाउन।** पूर्व क्रिकेटर इमरान खान दक्षिण अफ्रीका के नये बल्लेबाजी कोच होंगे। इमरान के पास केवल एक मैच का अनुभव है,ऐसे में उन्हें कोच बनाये जाने से सभी हैरान हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने कहा कि इमरान को नया बल्लेबाजी कोच बनाया गया है। इस क्रिकेटरने साल 2009 में एक टेस्ट मैच खेला था। वह पिछले पांच साल से डॉल्फिस टीम के कोच थे। इमरान अभी अफ्रीकी टीम के साथ वेस्टइंडीज दौरे पर हैं। वहीं टीम के बल्लेबाजी कोच एश्वेल प्रिंस निजी कारणों से इस दौरे से बाहर हैं। इमरान डॉल्फिस के कोच के रूप में काफी सफल रहे हैं। साल 2020-21 और 2022-23 में उनके कोच रहते हुए टीम ने एक चार दिवसीय टूर्नामेंट जीता था। इसके अलावा 2020-21 के एकदिवसीय कप में उनकी टीम संयुक्त रूप से विजेता रही थी। इसके अलावा उनकी टीम तीन बार सीएसए टी-20 चैलेंज के फाइनल में पहुंची थी। इमरान के कार्यकाल के दौरान ही कई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह बना पाये हैं। इसने कीगन पीटरसन,केशव महाराज, सारेल ईवी जैसे खिलाड़ी शामिल है। अपने करियर के दौरान इमरान को टेस्ट प्रारुप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जाना जाता था। उन्होंने 161 प्रथम श्रेणी मैचों में 9367 रन बनाए थे। इसमें 20 शतक भी शामिल थे। इसके अलावा उन्होंने 121 लिस्ट ए और 51 टी-20 मैच भी खेले थे। इमरान ने कहा कि मैं केजेडएन क्रिकेट यूनियन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। इस यूनियन के लिए कोचिंग करना मेरे लिए बेहद खुशी की बात रही है।

### पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली बीमार, चलने में भी हो रही पेरशानी



**मुम्बई।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर रहे विनोद कांबली का एक ऐसा वीडियो आया है जिसमें वह ठीक से चल भी नहीं पा रहे हैं। सोशल मीडिया में वायरल इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कांबली एक बाइक के पास खड़े हैं। वे कुछ सेकंड वहां खड़े रहते हैं। फिर अचानक लड़खड़ाने से लगते हैं। इस पर वहां खड़ा व्यक्ति उन्हें सहारा देता है। कुछ और लोग सहारे के लिए आगे बढ़ते हैं। इसके बाद दो व्यक्ति कांबली को सहारा देकर वहां तक पहुंचाते हैं, जहां उन्हें जाना होता है। अब इस पर लोगों की अलग-अलग तरीके की प्रतिक्रिया आयी है। कई लोगों का मानना है कि कांबली काफी बीमार हैं जबकि कुछ लोगों ने कहा कि उन्होंने काफी शराब पी हुई है, इसी कारण वह नशे के कारण चल नहीं चल पा रहे। एक व्यक्ति ने लिखा कि कांबली को देखकर यह नहीं लग रहा कि वे नशे हैं। हां, वे बीमार हो सकते हैं।

### पेरिस ओलंपिक भाला फेंक प्रतियोगिता

# नीरज चोपड़ा ने पहले ही प्रयास में फाइनल के लिए किया क्वालिफाई

**पेरिस।**
भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नीरज ने पहले ही प्रयास में ग्रुप बी में 89.34 के थ्रो के साथ फाइनल में जगह बनायी। वहीं भारत के अन्य भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना ने 80.21 मीटर के साथ समापन किया। उन्होंने पहले प्रयास में 80.73 का थ्रो फेंका था और दूसरे में फाउल किया इस कारण वह क्वालीफाई नहीं कर पाये। भाला फेंक मुकाबला दो चरणों ग्रुप और खिताब के लिए होता है। ग्रुप चरण में 84 मीटर का थ्रो भी क्वालीफाई करने के लिए मान्य होता है, जबकि शीर्ष 12 खिलाड़ी फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं।


दोनों ही खिलाड़ियों को अलग अलग ग्रुप में रखा गया है। पहले 16 एथलीट के ग्रुप में शामिल जेना फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। ऐस में अब सभी की उम्मीदों टोक्यो आलंपिक के स्वर्ण विजेता नीरज चोपड़ा पर लगी हैं। नीरज दूसरे ग्रुप में भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों में पहले स्थान पर थे।

पहले ग्रुप में भारत के हाथ नाकामी मिली। क्वालिफिकेशन में जेना 84 मीटर का मार्क हासिल करने में नाकाम रहे। उनको पहले ही दौर से बाहर होना पड़ा। पेरिस ओलंपिक 2024 में जैवलिन थ्रो इवेंट के क्वालिफिकेशन राउंड में किशोर जेना ने पहला थ्रो 80.73 मीटर का फेंका जबकि दूसरा थ्रो फाउल हो गया. इसके बाद तीसरे थ्रो और आखिरी थ्रो में वह 80.21 मीटर तक ही भाला फेंक पाए।

नीरज के अलावा पाकिस्तान के उनके प्रतिद्वंद्वी अरशद नदीम ने भी पहले ही प्रयास में कमाल का प्रदर्शन किया और 86.59 मीटर का थ्रो कर फाइनल के लिए क्वलिफाई कर लिया।




### भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट सेमीफाइनल में पहुंची




भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। विनेश ने क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन की ओकसाना लिवाच को 7-5 से हराया। इसए मुकाबले में विनेश शुरुआत से ही हावी विनेश ने शुरु में ही 4 अंक हासिल किए। इसके बाद से ही वह लगातार हावी रहीं। विनेश ने जीत से अपना अभियान शुरु किया है। विनेश ने मौजूदा चैम्पियन जापान की युवी सुसाकी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी है। विनेश इस मुकाबले में अंतिम मिनट में 0-2 से पीछे हो गयीं थी पर इसके बाद उन्होंने जबदस्त वापसी करते हुए अंतिम 30 सेकंड में बाजी पलट दी। विनेश को 50 किलो वर्ग फ्रीस्टाइल कुश्ती में कठिन ड्रॉ मिला है। इसमें उनका पहला ही विश्व की नंबर एक सुसाकी से हुआ। इसमें विनेश ने अपनी प्रदर्शन से विरोधी खिलाड़ी को पटखनी दे दी। इससे तय है कि विनेश का लक्ष्य पदक जीतना है। विनेश और उनकी विरोध खिलाड़ी के बीच शुरुआत में कड़ा मुकाबला हुआ। पहले दौर में सुसाकी को एक अंक मिला। विनेश को आक्रामक रुख नहीं अपनाने के कारण रैफरी ने चेताया था ऐसे में 30 सेकंड में उन्हें हमला करना था पर वह नहीं कर पायीं। ऐसे में विरोध पहलवान को अंक मिल गया।

# निशा दहिया को जानबूझकर कोरियाई खिलाड़ी ने घायल किया : राष्ट्रीय कोच



**पेरिस।**
भारतीय टीम के राष्ट्रीय कोच वीरेंद्र दहिया ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में महिला पहलवान निशा दहिया को साजिश कर घायल किया गया है। इसी कारण निशा क्वार्टर फाइनल मैच हार गईं। कोच के अनुसार निशा एक समय क्वार्टर फाइनल में विरोधी उत्तर कोरियाई खिलाड़ी से 8-2 से आगे चल रही थी। इसके बाद जब उसे चोट लगी तो मांगने पर भी चिकित्सा सहायता नहीं दी गयी। इसी कारण वह अंतिम क्षणों में मुकाबला हार गई। कोच दहिया ने कहा, ''उसे जानबूझकर चोटिल किया गया। हमने देखा था कि कलाई के जोड़ के पास उस पर हमला बोला गया। इसी कारण उसके हाथ से पदक निकल गया। '' कोच ने कहा, ''जिस तरह से निशा ने शुरुआत की थी, पदक उसको मिलना था पर उसे धोखेबाजी कर छीन लिया गया। निशा रक्षण और जवाबी हमले दोनों में बेहतर थी उसने एशियाई क्वालीफायर में पहले भी इस पहलवान को हराया था।''



पहले दौर में ही निशा ने उत्तर कोरिया की सोल गम पर बढ़त बना ली थी। वहीं दूसरे दौर में जब वह उतरी तो अंक लेकर बढ़त को और बड़ा कर लिया। इसी दौरान वह चोटिल हो गई उस समय वह 8-2 से आगे चल रही थी। तब उन्होंने चिकित्सा सहायता की अपील की पर नहीं मिली। ऐसे में भयंकर दर्द के बाद भी वह मैदान पर जमी रही।

# सीए के सीईओ निक हॉकले ने की अपना पद छोड़ने की घोषणा

**नई दिल्ली।**
क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) निक हॉकले ने घोषणा की है कि वह आगामी सत्र के बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। पिछले 13 वर्षों से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से जुड़े हॉकले ने जून 2020 में सीए के अंतरिम सीईओ के रूप में पद संभाला था। इसके 11 महीने बाद स्थायी सीईओ बनाए गए थे।



क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी विज्ञप्ति में हॉकले ने कहा, यह एक कठिन निर्णय था। हालांकि एक ब्लॉकबस्टर ग्रीष्मकाल के वादे के बाद और हमारी पांच साल की रणनीतिक योजना अच्छी तरह से आगे बढ़ी है, यह सही समय है कि मैं आगे बढ़ूं और नई चुनौती लूं। बोर्ड के पास अपने अगले सीईओ को खोजने के लिए पर्याप्त समय है ताकि वर्तमान में मौजूद मजबूत नींव पर काम किया जा सके।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि निक ने बोर्ड को सलाह दी थी कि सीईओ के रूप में उनकी अगली ग्रीष्म ऋतु अंतिम होगी। बेयर्ड ने कहा कि सीईओ के रूप में, निक ने महामारी के दौरान अभूतपूर्व चुनौती के दौर में खेल को संभाला और महत्वपूर्ण विकास और स्थिरता प्रदान की। उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि निक कहते हैं, उनका पूरा ध्यान हमारे प्रशंसकों, खिलाड़ियों, प्रसारकों, साझेदारों और पूरे ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए एक और सफल ग्रीष्मकाल प्रदान करने पर है और अगले वर्ष जब वह पद से हटेंगे तो उनकी विरासत और उपलब्धियों का जश्न मनाने का समय होगा। बेयर्ड ने कहा कि निक के निर्णय का समय बोर्ड को एक सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करने की अनुमति देता है और हम शीघ्र ही उनके उत्तराधिकारी को खोजने और नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। हॉकले के मार्च 2025 के अंत तक पद छोड़ने की उम्मीद है या संभवत: उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया के आधार पर बाद में भी पद छोड़ सकते हैं।

**उपलब्धियों से भरा कार्यकाल**- हॉकले को जून 2020 में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का अंतरिम सीईओ नियुक्त किया गया था और फिर ग्यारह महीने बाद स्थायी सीईओ बनाया गया। उनके कार्यकाल के दौरान महिला और पुरुष दोनों टीमों ने टी20 और वनडे वर्ल्ड कप जीता और पुरुष टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की भी विजेता बनी। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 1988 के बाद 2022 (24 वर्षों बाद) में पहली बार पाकिस्तान का दौरा किया। हॉकले 2012 में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट से जुड़े थे।

# साउथ अफ्रीका टी20 लीग में खेलेंगे दिनेश कार्तिक, पार्ल रॉयल्स के साथ किया करार

**दिनेश कार्तिक साउथ अफ्रीका की टी20 लीग में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनेंगे**



**केप टाउन।**
भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर व बल्लेबाज दिनेश कार्तिक अगले साल साउथ अफ्रीकी टी20 लीग (एसए20) में खेलेंगे। रॉयल्स स्पोर्ट्स ग्रुप के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी पार्ल रॉयल्स ने मंगलवार को सीजन-3 के लिए अपने सबसे नए विदेशी खिलाड़ी के रूप में दिग्गज भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को शामिल करने की घोषणा की है। कार्तिक साउथ अफ्रीकी टी20 लीग में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी होंगे।

हाल ही में 39 वर्षीय बल्लेबाज कार्तिक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन 2024 के बाद खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था, लेकिन अब उन्होंने साउथ अफ्रीकी टी20 लीग में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलने का फैसला किया है। कार्तिक का फ्रेंचाइजी में स्वागत करते हुए रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने कहा कि दिनेश ने सफेद गेंद के क्रिकेट में भारत के लिए अच्छा खेलें हैं। उनका समृद्ध अनुभव सीज़न 3 के लिए हमारी टीम को मजबूत बनाने में योगदान देगा। वह जिस तरह से खेल के प्रति अपना दृष्टिकोण रखते हैं, उसके कारण वह हमेशा लीगों में प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों के लिए एक बड़ी संपत्ति साबित हुए हैं, इसलिए यह हमारे लिए एक रोमांचक अनुबंध है और हम उनके आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कार्तिक ने क्रिकेट में वापसी और एसए20 में खेलने पर कहा कि मेरे पास दक्षिण अफ्रीका में खेलने और वहां जाने की बहुत सारी यादें हैं और जब यह अवसर मेरे सामने आया, तो मैं मना नहीं कर सका, क्योंकि क्योंकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापस आना और रॉयल्स के साथ इस अविश्वसनीय प्रतियोगिता को जीतना कितना खास होगा। उन्होंने कहा कि भले ही मुझे आईपीएल में रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करने का मौका न मिला, लेकिन मैं पार्ल रॉयल्स टीम में शामिल होकर बहुत खुश हूं, जिसमें बहुत अनुभव, गुणवत्ता और क्षमता है। मैं निश्चित रूप से समूह में शामिल होने और एक रोमांचक सीजन में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।

कार्तिक का आईपीएल करियर कई टीमों के साथ लंबा और शानदार रहा है, लेकिन उन्होंने कभी राजस्थान रॉयल्स के लिए नहीं खेला। कार्तिक सफेद गेंद के क्रिकेट में एक फिनिशर के रूप में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं। उनका भारतीय टीम के लिए एक शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर रहा है। उन्होंने भारतीय टीम के लिए 26 टेस्ट मैच, 94 वनडे और 60 टी20 मैच खेले हैं। बल्लेबाज ने टेस्ट मैचों में 1025 रन, वनडे फॉर्मेट में 73.24 की स्ट्राइक रेट और 30.21 की औसत से 1752 रन और टी20 मैचों में 142.62 की स्ट्राइक रेट और 26.38 की औसत से 686 रन बनाए। दिनेश कार्तिक ने 257 आईपीएल मैचों में 135.36 के स्ट्राइक और 26.32 की औसत से 4842 रन बनाए हैं। ओवरऑल कार्तिक ने टी20 प्रारूप में विभिन्न टीमों से खेलते हुए 401 मैचों में 136.96 की स्ट्राइक रेट से 7407 रन बनाए हैं।

# आज तीसरा वन-डे जीतकर सीरीज बराबर करने उतरेगी टीम इंडिया

**कोलंबो।**
भारतीय क्रिकेट टीम अब बुधवार को मेजबान श्रीलंका को कराकर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज को बराबरी पर लाने के इरादे से उतरेगी। अभी भारतीय टीम इस सीरीज में 1-0 से पीछे है। ऐसे में अगर वह ये मैच नहीं जीत पाती है। तो सीरीज हार जाएगी।

सीरीज का पहला मैच टाई रहा था जबकि दूसरा श्रीलंका ने जीता है। ऐसे में तीसरा मैच अगर टाई भी रहता है तो भारतीय टीम सीरीज हार जाएगी। ऐसे मे भारतीय टीम के ऊपर श्रीलंका में सीरीज हार का खतरा मंडरा रहा है। इससे पहले भारतीय टीम को 1997 में श्रीलंका के खिलाफ अंतिम बार एकदिवसीय सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। तब अर्जुन रणतुंगा की अगुवाई वाली टीम ने भारतीय टीम को हराया था। उसके बाद से ही भारत और श्रीलंका के बीच तब से 11 एकदिवसीय सीरीज हुई हैं और सभी में भारतीय टीम जीती है।

भारत के पास इस सीरीज को जीतने का अवसर अब नहीं है। भारतीय टीम की बल्लेबाजी एकदिवसीय सीरीज में अच्छी नहीं रही है। विशेषकर मध्यक्र रन नहीं बना पाया है। इसी कारण टीम इस प्रकार के हालातों में फंसी है। यहां के आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिल रही है जिसपर कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं।



अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी अभी तक केवल 38 रन ही बना पाए हैं। इससे भी टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। अब वह इस मैच में अधिक से अधिक रन बनाना चाहेंगे। कोहली को रोहित से मिली आक्रामक शुरुआत को ही आगे बढ़ाने की जरूरत है पर अभी तक वह इसमें विफल रहे हैं। उन्हें संघर्षरत मध्यक्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाना होगा। इसके लिए उन्हें और अन्य बल्लेबाजों को रोहित की तरह स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा।

श्रीलंकाई स्पिनरों का सामना करने का तरीका अब तक भारतीय बल्लेबाज नहीं सीख पाये हैं। यहां तक कि स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिवम दुबे पिछले मैच में जैफ्री वांडरसे की आसान लेग स्पिन को भी नहीं समझ पाए। वापसी करते हुए श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी अभी तक असफल रहे हैं। केवल रोहित ने दूसरे एकदिवसीय में 64 रन बनाये थे।

भारत के अन्य बल्लेबाजों को भी उन्हीं की तरह खेलना होगा। भारत इस मैच में शिवम की जगह रियान पराग को अवसर दे सकता है जो स्पिनरों को अच्छी तरह से खेलते हैं।

### दोनो ही टीमों की संभावित अंतिम 11 प्लेयर

**भारत** - शुभमन गिल, रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज

**श्रीलंका** - पथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका (कप्तान), कामिंडु मेंडिस, जेनिथ लियानाज, डुनिथ वेलालेज, अकिला धनंजय, असिथा फर्नांडो, जेफरी वेंडरसे

सत्यमेव जयते

Government of Assam

**Environment and Forest Department**

*Committed to Safeguarding Forests and Wildlife*

# First ever
# PASSING OUT PARADE

**Assam Forest Protection Force (AFPF)**




Chief Guest

**Dr Himanta Biswa Sarma**
Chief Minister, Assam

Guest of Honour

**Shri Chandra Mohan Patowary**
Environment and Forest Minister, Assam

**Formal induction of**
**940**
**New Recruits**
following completion of their training



**Strength up by 120%**
With induction of 940 jawans, the total strength of AFPF goes up from existing 784 to 1,724, i.e. by 120%

**Women Power**
90 females among new recruits

**New Battalion**
3rd AFPF Battalion constituted entirely with new recruits

**Journey Since 1986**

AFPF was constituted under AFPF Act 1986 as a force earmarked for Environment & Forest Department with primary responsibility to protect forest and wildlife of Assam. Initially formed with a single battalion, the second AFPF Battalion came into being in 2011 and the third AFPF Battalion was formed in 2023.

**7 August 2024**

Lachit Borphukan Police Academy, Dergaon

Published by Directorate of Information & Public Relations, Assam   Connect with us @diprassam   dipr.assam.gov.in

Subscribe to Asom Barta   Whatsapp 'Assam' at 7636834943

-- Janasanyog /D/3757/24/7-Aug-24